सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
25.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 280 | 12



सेना प्रमुख आज पहलगाम जायेंगे

न्यूज डायरी

### विश्व टीकाकरण सप्ताह 30 अप्रैल तक चलेगा

**नयी दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ का विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 गुरुवार से शुरू हो गया। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह प्रत्येक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है सभी के लिए टीकाकरण मानवीय रूप से संभव हो।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ तीन महिला नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत अंतरराज्यीय सीमा के जंगल में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, बस्तर फाईटर, सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में तीन महिला नक्सली मारे गए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।

### स्कूलों का समय बदला 26 अप्रैल से होगा लागू

**रांची।** राज्य में बढ़ रही गर्मी को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया है। सभी सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से वर्ग आठ तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे चलेंगी। वर्ग नौ से वर्ग 12 तक की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक संचालित होंगी। यह 26 अप्रैल से लागू होगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। आदेश में कहा गया है कि निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीआई अधिनियम और प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी से पूरी दुनिया को बताया

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आया, मिलेगी कल्पना से भी परे सजा

■ पीएम ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया



एजेंसी

**मधुबनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए कहा कि अब आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकवादियों एवं साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे।

बिहार के मधुबनी में गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जनसभा में कहा, आज मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को बता देना चाहता हूं कि भारत एक-एक आतंकवादी और उनके आकाओं की पहचान करेगा, उनका पता लगायेगा और उन्हें सजा देगा। उन्होंने अंग्रेजी में कहा कि विल परस्यू देम टू एंड्स ऑफ द अर्थ। इंडियाज स्पिरिट विल नेवर बी ब्रॉकन बाई टेररिज्म। इसका मतलब धरती के आखिरी छोर तक उनका पीछा करेंगे। आतंकवाद कभी भारत का मनोबल नहीं तोड़ पायेगा। देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। न्याय सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जायेंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने विभिन्न देशों और नेताओं का भी आभार व्यक्त किया जो इस मुश्किल समय में भारत के साथ खड़े हैं। श्री मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई और किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई ओड़िया, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। उन सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुःख और आक्रोश एक जैसा है।

### पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी खौफ में, दुनिया से लगायी गुहार

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह से जवाबी एक्शन लिया है, उसके बाद से पाकिस्तान के होश फाख्ता है। इस बीच पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह खालिद कसूरी भी घबरा उठा है। उसने खुद सामने आकर बयान जारी किया है और दुनिया से गुहार लगायी है।

## आतंक पर सरकार की हर कार्रवाई को विपक्ष का समर्थन : राहुल गांधी

▶▶ विपक्ष ने आतंकी कैंप नष्ट करने की मांग की



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की घटना के बाद गुरुवार को पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्ष के सांसदों ने सरकार से आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। राहुल गांधी ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, हम उसका समर्थन करेंगे। बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा-हम सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। आतंकी हमले के खिलाफ सरकार को हर कार्रवाई पर विपक्ष का पूरा समर्थन मिलेगा। सरकार के साथ पूरा देश एकजुट है।

बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी दलों ने आतंक के खिलाफ सरकार के साथ अपनी प्रतिबद्धता जतायी।

इधर राहुल गांधी शुक्रवार को अनंतनाग जाएंगे और वहां हमले में घायल लोगों से मिलेंगे। वहीं विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की भी सलाह दी है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी शुक्रवार को श्रीनगर जा रहे हैं।

## पाक रेंजर्स ने बीएसएफ के जवान को हिरासत में लिया

एजेंसी

**जालंधर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पंजाब की फिरोजपुर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान को गलती से सीमा पार करने पर पाकिस्तानी रेंजर्स ने बुधवार को पकड़ लिया। उसकी रिहाई के लिए दोनों बलों के बीच बातचीत चल रही है। बीएसएफ के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि 182वीं बटालियन के कांस्टेबल पीके सिंह को फिरोजपुर सीमा पार से पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में लिया। जवान वर्दी में था और उसके पास सर्विस राइफल थी। वह किसानों के साथ था, जब वह छाया में आराम करने के लिए आगे बढ़ा तो पाकिस्तनी रेंजर्स ने उसे पकड़ लिया। भारतीय अधिकारियों ने उसकी सुरक्षित वापसी के लिए फ्लैग मीटिंग की मांग की है।

राज्य सरकार से टाइमलाइन मांगा

## झारखंड में लैंड सर्वे कब तक होगा पूरा: हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झारखंड में जमीन सर्वे का कार्य पूरा करने की टाइमलाइन बताने का निर्देश दिया है। जमीन के सर्वे को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि जब झारखंड में लैंड सर्वे का काम शुरू हो गया है तो अब तक उसे पूरा क्यों नहीं किया गया है। अदालत ने कहा कि लैंड सर्वे समय से पूरा होने से आम लोगों की जमीन सहित सरकार की जमीन की सुरक्षा संभव होगी। कोर्ट ने कहा कि झारखंड में 1975 से भूमि सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हुआ है जो 50 वर्ष बीतने के बाद भी पूरा नहीं किया जा सका है। सरकार एक टाइमलाइन दे जिसमें वह बताये कि झारखंड में लैंड सर्वे का काम कब तक पूरा होगा। लैंड सर्वे पूरा करने के लिए जो भी कठिनाई है उसे जल्द से जल्द दूर करें।

मामले में कोर्ट ने अगली सुनवाई में राजस्व सचिव को शपथ पत्र के माध्यम से जबाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि झारखंड में लैंड सर्वे का काम चल रहा है। कुछ जिलों में लैंड सर्वे का काम पूरा हो गया है। अमीन के कई पद रिक्त हैं। लैंड सर्वे के लिए तकनीकी कर्मचारियों की कमी के कारण सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है।



## खबर एक नजर में

### केंद्र सरकार के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है : सुप्रियो भट्टाचार्य



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सुप्रियो भप्ताचार्य ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और राज्य सरकारों पर तीखे सवाल दागे। साथ ही पहलगाम पर्यटक हत्या मामले में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का आह्वान किया। भप्ताचार्य ने घोषणा की कि एक सप्ताह बाद अमरनाथ तीर्थयात्रा शुरू होगी। जिसके लिए हजारों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा बजट आता है, लेकिन व्यवस्थाएं नदारद हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और वहां की शांति भंग करने वाले तत्वों से सख्ती से निपटना होगा। पुलवामा हमले का संदर्भ देते हुए बोले, अब तक कुछ गद्दार चिन्हित ही नहीं हो पाए। जब तक उनके नाम उजागर नहीं होंगे, देश में अमन चैन छिनने वाले लोगों के खिलाफ केंद्र सरकार को एक्शन लेना चाहिए। कह कि केंद्र सरकार के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए भप्ताचार्य ने कहा, सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। जम्मू-कश्मीर के लोग अमरनाथ यात्रा सकुशल पूरा करेंगे। उन्होंने दावा किया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आर्थिक व्यवस्था को 20 साल पीछे धकेल दिया है और सिर्फ बयानबाजी से काम नहीं चलेगा। ज़िम्मेदारी लेनी होगी। भप्ताचार्य ने दो-टूक संदेश दिया कि देश के प्रत्येक नागरिक को समाज के गद्दारों को पहचानने की जरूरत है। वरना देश की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। स्थानीयों पर सवाल उठाते हुए पूछा, वह गद्दार कौन है जो वहां तक आतंकवाद को पहुंचाया है।

### झामुमो के प्रेस कांफ्रेंस में हिन्दूओं के लिये स्पष्ट संदेश नहीं : अजय शाह

**रांची।** झारखंड की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस वार्ता पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिंदू समाज के समर्थन में कोई स्पष्ट संदेश नहीं दिया गया। बल्कि मुस्लिम तुष्टिकरण की झलक साफ तौर पर नजर आई। उन्होंने कहा कि झामुमो इस बार आतंकवाद की घटनाओं पर एक संतुलित और जिम्मेदार रुख अपनायेगा। लेकिन, उसके प्रेसकांफ्रें स में पाकिस्तान की लिखी हुई स्क्रिप्ट थी। उन्होंने कहा कि झामुमो एक ऐसी पार्टी बन गई है जो पूरी तरह मुस्लिम वोट बैंक पर निर्भर है। इसी वजह से वह कभी भी इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ खुलकर बोलने से बचती है। उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि झामुमो प्रवक्ता ने न तो बोकारो के जिहादी पर कोई प्रतिक्रिया दी, न ही पाकिस्तान के जनरल द्वारा दिये गये विवादास्पद बयानों की निंदा की। इसके विपरीत, झामुमो द्वारा केंद्र सरकार को आतंकवादी घटनाओं का जिम्मेदार ठहराना, यह दर्शाता है कि वह जानबूझकर कट्टरपंथियों को खुश करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले अल कायदा से जुड़े एक डॉक्टर को झारखंड से गिरफ्तार किया गया था। लेकिन उस मुद्दे पर भी झामुमो की चुप्पी बनी रही। उन्होंने कहा कि झारखंड अब आतंकियों के लिये सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है। यहां जिहादी मानसिकता वाले लोगों की मौजूदगी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले में मारे गये मनीष रंजन के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने के लिये राज्य सरकार की ओर से न तो कोई मंत्री आया और न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह हाफिजुल हसन जैसे नेताओं को खुली छूट देकर चरमपंथ को बढ़ावा दे रही है।

### लोहरदगा में पेयजल संकट पर हाईकोर्ट ने डालसा से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** लोहरदगा के सेन्हा प्रखंड के पाही गांव में पेयजल संकट नहीं रहने के सरकार के दावे के बाद हाईकोर्ट ने जिला विधिक प्राधिकार समिति के सचिव (डालसा) को गांव का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने डालसा को यह बताने को कहा है कि गांव में पेयजल की क्या स्थिति है। मामले की अगली सुनवाई आठ मई को होगी। इस संबंध में भोला भगत ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि पाही गांव में पानी का संकट है। गर्मी में संकट गहरा गया है। लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्हें काफी दूर से पानी लाना पड़ रहा है। सरकार ने अपने जवाब में कहा कि गांव में पेयजल का संकट नहीं है। गांव में पानी की कमी नहीं है। पेयजल संकट दूर करने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। इसके बाद अदालत ने डालसा सचिव से पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

### दुमका के तत्कालीन बंदोबस्त पदाधिकारी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का केस रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने दुमका के तत्कालीन बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार के खिलाफ अनुसूचित जाति और जनजाति एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने प्राथमिकी रद्द की है। अदालत ने कहा है कि प्रार्थी के खिलाफ दर्ज मामले संज्ञेय नहीं है। इस कारण प्राथमिकी रद्द करना ही उचित होगा। सुनील कुमार पर दुमका जिले में एक आदिवासी महिला ने अक्तूबर 2023 को एसटी-एससी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें प्रार्थी पर आदिवासी कहने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोप को सही पाया और सुनील कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी। इसके खिलाफ प्रार्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसमें कहा गया है कि जिस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई है, उस एक्ट में प्रार्थी के खिलाफ मामला नहीं बनता है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रार्थी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी।

### बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में आरोपियों की हिरासत अवधि सात मई तक बढ़ी

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में जेल में बंद चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने बढ़ा दी है। पीएमएलए कोर्ट में बुधवार को बांग्लादेशी रॉनी मंडल, समीर चौधरी एवं पिंकी बासु व पिंटू हलधर को वीसी से पेश किया गया। पेशी के बाद चारों आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि 7 मई तक बढ़ा दी है। मामला वर्तमान में पुलिस पेपर पर चल रहा है। ईडी ने बीते 13 नवंबर को दो कोलकाता निवासी पिंटू हलधर व पिंकी बासु और दो बांग्लादेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी को गिरफ्तार किया था।


सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कॉंक रोड रॉंची - 834008, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**सार्वजनिक सूचना / विधिक चेतावनी**

दिनांक: 23.04.2025

यह सूचित किया जाता है कि रातू महाराजा परिवार के वैध उत्तराधिकारी:
1. श्री कृष्ण प्रसाद साहू, पुत्र स्व. बेदी साहू, निवासी बारवाटोली, कॉलेज रोड, लोहरदगा।
2. श्री मनीष मुंडा, पुत्र श्री जोगेन्द्र कुमार मुण्डा, निवासी रघुनंदन लेन, पोस्ट थाना लोहरदगा, जिला लोहरदगा। रघुनंदन लेन इनके अलावा कोई अन्य व्यक्ति अधिकृत नहीं है। तथाकथित नंदकिशोर साहू (पुत्र स्व. ज्योतिष साहू), महेश प्रसाद साहू (पुत्र स्व. त्रिलोचन साहू) व अन्य व्यक्तियों द्वारा फर्जी दस्तावेज, जाली हस्ताक्षर एवं नकली खाता-खेसरा के माध्यम से धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासभंग व मिथ्या प्रस्तुतीकरण करके लोहरदगा सहित अन्य क्षेत्रों में जमीन की अवैध बिक्री की जा रही है।

सख्त चेतावनी दी जाती है कि यह आपराधिक गतिविधियाँ 03 दिनों के भीतर रोकी जाएं, अन्यथा एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संबंधित प्रशासन/अधिकारियों से अनुरोध है कि इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई करें।

प्रेषकः
रातू महाराजा परिवार के वैध उत्तराधिकारीगण
(खिरोद कुमारी देवी एवं कौशलेंद्र सिंह)


# बिरहोर मौत मामले में एनसीएसटी ने एक हफ्ते में शीर्ष पांच अफसरों को फिर भेजा नोटिस

## स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव और डीजीपी समेत अन्य को नोटिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हजारीबाग जिले के चप्ती बरियातु कोल परियोजना में खनन कार्य के कारण लगातार बिरहोरों की हो रही मौतों को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएससी) गंभीर हो गया है। इस परियोजना का संचालन ऋत्विक-एएमआर कंपनी कर रही है। बीते एक सप्ताह के अंदर आयोग ने राज्य सरकार के पांच बड़े अधिकारियों को दोबारा नोटिस जारी किया है और 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। साथ ही आयोग ने चेतावनी दी है कि अगर जवाब नहीं मिला तो समन भी जारी किया जायेगा। आयोग ने पहली बार दुर्गा और किरणी बिरहोर की मौत के बाद अधिकारियों को नोटिस भेजा था और पंद्रह दिनों के अंदर कार्यवाही की सूचना प्रस्तुत करने को कहा गया था। अब आयोग ने दूसरी बार गीता बिरहोर और दो माह की बच्ची निशा बिरहोर की मौत के बाद फिर से नोटिस जारी किया है।

**इन अधिकारियों को नोटिस भेजा गया है :** एनएसीएससी ने जिन अधिकारियों को नोटिस भेजा है, उनमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव, खान एवं भूतत्व विज्ञान विभाग के सचिव और राज्य के राज्य पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शामिल हैं। इन्हें 15 दिन के भीतर जवाब देने को कहा गया है।

**एक्टिविस्ट मंटु सोनी की शिकायत पर आयोग ने उठाया कदम :** आयोग ने एक्टिविस्ट मंटु सोनी की शिकायत पर यह कदम उठाया है। आरोप है कि एनटीपीसी ने खनन, पर्यावरण और आम जनजीवन के सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर जल्दबाजी में खनन शुरू कर दिया। इस कारण बिरहोर समुदाय के तीन लोगों की मौत हो गयी। इस बीच 23 अप्रैल को चौथे बिहहोर दो माह की दुधमुंही बच्ची निशा बिरहोर की मौत हो गयी। गीता बिरहोर की मौत ऐसे समय में हुई, जब इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सख्त कदम उठाया है। आयोग ने बिरहोरों की मौत पर कड़ी टिप्पणी करते हुए एनटीपीसी के सीएमडी और हजारीबाग के डीसी से स्पष्टीकरण मांगा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यह कहा है कि बेशक एनटीपीसी द्वारा खनन किया जा रहा है, जबकि यह उचित नहीं है। एनसीएससी ने कहा कि मामले के तथ्य और संयुक्त निरीक्षण समिति की रिपोर्ट आयोग को यह मानने के लिए बाध्य करती है कि एनटीपीसी और जिला प्रशासन ने बिरहोर आदिवासियों के जीवन और कल्याण पर खनन गतिविधि को प्राथमिकता दी है। समस्याओं और जानमाल के नुकसान के बावजूद चप्ती बरियातु खनन परियोजना में खनन कार्य बेरोकटोक जारी है। बिरहोर समुदाय के जीवन के अधिकार पर खतरा मंडरा रहा है।

### जांच कमेटी की सिफारिशों पर जिला प्रशासन ने अब तक नहीं की कोई कार्रवाई

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने कहा कि वह इस बात को लेकर बेहद गंभीर और हैरान है कि जिला प्रशासन ने अब तक जांच कमेटी की सिफारिशों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की है। आयोग ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट में साफ लिखा था कि एनटीपीसी द्वारा बिरहोर टोला, पगार के आसपास किया जा रहा खनन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। भारी मात्रा में उड़ती धूल, खनन के दौरान होने वाले धमाके और भारी वाहनों की आवाजाही से यहां के लोगों को श्वास और अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही माइनिंग करने के लिए विस्फोट किया जाता है, जिसके कारण कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जब तक बिरहोर समुदाय को दूसरी सुरक्षित जगह नहीं बसाया जाता, तब तक वहां खनन नहीं किया जाना चाहिए. लेकिन इसके बावजूद आज भी खनन जारी है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब तक जिन परिस्थितियों में बिरहोरों की मौत हुई है, इसके बाद भी उफ्छ्ढउ की धारा 174 (3) के तहत उनका पोस्टमार्टम नहीं कराया गया, आयोग ने इस लापरवाही को मौत के असली कारणों को छुपाने और दोषियों को बचाने की कोशिश बताया है।

### हाई कोर्ट ने सरकार और निगम से मौखिक पूछा

# नक्शा स्वीकृति का काम चार महीने से क्यों बंद है लॉ ऑफिसर की नियुक्ति अबतक क्यों नहीं हुई?

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। आरआरडीए एवं रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृत में विलंब और वसूली मामले को लेकर दाखिल कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि बीते 4 माह से रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृत का काम बंद है, इससे आम जनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लीगल लॉ ऑफिसर की अब तक नियुक्ति क्यों नहीं की गई? कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि रांची निगम निगम में नक्शा स्वीकृत के मामले के त्वरित निष्पादन के लिए लीगल लॉ ऑफीसर की नियुक्ति के संबंध में जल्द निर्णय ले।

सुनवाई के दौरान कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से अधिवक्ता कुमार वैभव ने कोर्ट को बताया कि बीते 4 माह से रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृत का कार्य नहीं हो रहा है। इससे रियल एस्टेट सहित आम जन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए रांची नगर निगम को निर्देश दिया जाए की नक्शा स्वीकृत का कार्य जल्द शुरू हो। वहीं सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नियम बदलने का प्रपोजल सरकार के पास विचाराधीन है। एसओपी के तहत मैप स्वीकृत लीगल लॉ अफसर को देखना है। इस पर कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि जो नियम में जो बदलाव करना है उसे जल्द करें लॉ ऑफिसर की नियुक्ति पर जल्द निर्णय ले। अगली सुनवाई 6 मई को होगी।

दरअसल, पूर्व की सुनवाई में नक्शा सॉफ्टवेयर बीपीएएमएस के तीसरे स्टेज में बदलाव पर कोर्ट ने नाराज की जताई पूछा था तीसरे स्टेज में लीगल ऑफिसर द्वारा कागजात की जांच कर अधिकतम 7 दिनों में रिपोर्ट अग्रसारित की जाती थी उस प्रक्रिया में बदलाव करते हुए अपर प्रशासक को कागजात जांच का जमा क्यों दिया गया। कोर्ट ने रांची नगर निगम के प्रशासक को तत्काल सुधार कर जानकारी देने को कहा था। इससे पहले सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया था कि रांची निगम के पास लॉ ऑफिसर नहीं है। राज्य सरकार का नगर विकास विभाग ही नियुक्त कर सकता है। निगम के अपर प्रशासक को राजस्व संबंधी मामलों का पूरा अनुभव है जो सही तरीके से कम कर रहे हैं।

## अखिलेश सिंह के दो शूटरों के बेल रिजेक्ट करने के मामले में सुनवाई पूरी

### शूटर सुधीर दुबे एवं कन्हैया सिंह की जमानत रद्द करने का सरकार ने किया है आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कुख्यात अपराधी अखिलेश सिंह के दाहिना हाथ कहे जाने वाले 2 शूटर सुधीर दुबे एवं कन्हैया सिंह को कोर्ट से मिली जमानत रद्द करने आग्रह करने वाली राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सुधीर दुबे एवं कन्हैया सिंह को जमानत मिलने के बाद से इनके खिलाफ कुछ और नए केस दर्ज हुए हैं जिसकी सुनवाई लंबित है। बेल मिलने के बाद कन्हैया सिंह के खिलाफ 8 नए केस और सुधीर दुबे के खिलाफ पांच नए केस दर्ज हुए हैं। सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए इन दोनों की जमानत रद्द करने का आग्रह किया गया। दरअसल, राज्य सरकार की ओर से इन दोनों के बेल रद्द करने का आग्रह करते हुए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई है। बता दें कि सुधीर एवं कन्हैया को जमशेदपुर के सोनारी थाना कांड से संबंधित एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा मिली थी। इन पर अमित राय की हत्या करने का आरोप था। इन दोनो सहित कुल 4 सजायफ्ता की ओर से हाईकोर्ट में सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील दायर की गई थी और कोर्ट से बेल देने का आग्रह किया गया था।

हाईकोर्ट ने वर्ष 2019 में सुधीर एवं कन्हैया को बेल प्रदान कर दी थी। जबकि दो अन्य सजायफ्ता को बेल नहीं मिली थी। इसके बाद सरकार की ओर से एक आईए दाखिल कर सुधीर एवं कन्हैया की जमानत रद्द करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया था। आईए में कहा गया है कि यह दोनों कुख्यात अपराधी हैं इनके खिलाफ और भी अपराधिक मामला दर्ज है। बेल मिलने के बाद इनके जेल से निकलने पर उनकी और भी आपराधिक मामलों में संलिप्तता बढ़ गई है इसलिए इनकी बेल रिजेक्टर की जाए।

## पंचायती राज एवं पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू करना होगा : पंचायती राज संगठन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के द्वारा पुराने विधानसभा के सभागार में संगठन के अध्यक्ष सुनीत शर्मा की अध्यक्षता में स्वराज मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन सुभाष नाग ने किया।

कार्यक्रम में पूरे प्रदेश भर से आए पंचायती राज से जुड़े 120 प्रतिनिधियों को झारखंड के 25 वर्षों में पंचायती राज संस्थाओं की स्थिति की दिशा और दशा के बारे में पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मधुकर जी, दयामणि बारला एवं सुधीर पाल जी ने पंचायती राज अधिनियम, पेसा कानून उनके अधिकारों से जुड़ी समस्या और उसके लिए किए जाने वाले उपायों पर अपना विचार रखा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित किया एवं पंचायती राज से जुड़े चुनौतियों पर अपनी बात रखी। इसके बाद पेसा कानून पर बनी फिल्म भी दिखाया गया। पंचायत राज प्रतिनिधियों ने 3 प्रस्ताव पारित किया जिसपर 2025 में सरकार से संघर्ष की रूप रेखा तैयार किया गया। इसमें मुख्य रूप से पंचायत राज प्रतिनिधियों के 29 अधिकार का हस्तांतरण, पेसा कानून 1996 अविलंब लागू करना, नगर निकायों के 18 अधिकार के हस्तांतरण के साथ अविलंब निकाय चुनाव के लिए सरकार से व्यापक स्तर पर लड़ाई लड़नें का प्रस्ताव पारित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा, वेद प्रकाश, डॉ अमित, अंजनी रंजन, मुदस्सर खान, पुष्पा कुल्लू, सुंदरी तिर्की, अनामिका, नगमा आरा, देवलाल कुमार, बालमुकुंद यादव, रितेश तामसोय, अमितेश कुमार, फुलगेंसिया बिलुंग, संतोष राय, पवन कुमार, सत्यम सिंह, त्रिभुवन, शारदा रंजन, अमर मुंडू और अन्य उपस्थित हुए।

### चौकीदार नियुक्ति परीक्षा 27 को, प्रशासन ने तैयारी पूरी की

**रांची।** रांची जिले में चौकीदारों के रिक्त पदों के लिए 27 अप्रैल को लिखित परीक्षा होगी। जिले के 15 स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कदाचार रहित और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए गुरुवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी केंद्र अधीक्षकों और दंडाधिकारियों पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा में परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की स्मार्ट डिवाइस जैसे- स्मार्ट घड़ी, मोबाइल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, इयर पॉड आदि लेकर नहीं जा सकते। इसके लिए हर परीक्षार्थी की जांच की जाएगी। उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षक और परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारी- कर्मी को निर्गत किए गए पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेकर आने को कहा गया है। परीक्षा के लिए जोनल सह फ्लाइंग स्क्वायड दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, फ्रिस्किंग कार्य हेतु दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

### महिला एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों के संदर्भ में

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट दायर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में महिला एवं नाबालिगो के साथ होने वाले दुष्कर्म एवं प्रताड़ना की रोकथाम को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार द्वारा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किए जाने पर कोर्ट ने नाराजगी की जताई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया। कोर्ट ने सरकार से महिला एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों के संदर्भ में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दायर करने को कहा है। अगली सुनवाई 6 मई को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कौशल भारती ने पक्ष रखा। दरअसल, कोर्ट ने पिछली सुनवाई में करीब पांच बिंदुओं पर सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। इसमें महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर राजधानी के प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने और खराब कैमरे को ठीक करने, स्कूलों में बसों में महिला स्टाफ रखने, बच्चों एवं महिलाओं की शिकायत के लिए स्कूलों में कंप्लेन बॉक्स रखने, महिलाओं को इमरजेंसी में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर को अखबार सहित अन्य प्रचार माध्यमों के माध्यम से प्रचार प्रसार करने आदि के संबंध में बताने को कहा था।

# बिना रजिस्ट्रेशन नहीं बिके दवा, मेडिकल बोर्ड की मंजूरी जरूरी : डॉ इरफान

## स्वास्थ्य मंत्री की अधिकारियों के साथ बैठक, कहा दवा कंपनियों और मेडिकल स्टोर्स का कोई भी फजीवाड़ा बर्दाश्त नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में दवा कंपनियों और मेडिकल स्टोर्स का कोई भी फजीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बातें उन्होंने गुरुवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान (आईपीएच) सभागार में आयोजित हुई बैठक में कही। राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय के कार्यों की समीक्षा करते उन्होंने कहा कि दवा एक अति आवश्यक और संवेदनशील सामग्री है। इसके गलत या नकली प्रयोग से मरीज की जान जोखिम में पड़ सकती है तथा उपचार में भी लाभ नहीं मिल पाता। इसलिए दवाओं की खरीद-बिक्री पर स्वास्थ्य विभाग की और पैनी नजर रखी जाये। मंत्री ने निर्देश दिया कि जनता को पारदर्शी और सुलभ तरीके से सही एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जाये। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने का आदेश भी उन्होंने दिया। बैठक में प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ चंद्र किशोर शाही, औषधि निदेशक रितु सहाय, संयुक्त निदेशक सुमन तिवारी समेत सभी जिलों के औषधि निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला और मानव संसाधनों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

**फर्जी दवा कंपनियों पर कार्रवाई :** मंत्री के मुताबिक, राज्य में कुछ फर्जी दवा कंपनियां सक्रिय हैं।अधिकारी तत्काल जांच एवं छापेमारी करने में लगें। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि ऐसी प्रणाली विकसित की जाये, ताकि सभी मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध दवाओं की जानकारी एक क्लिक में मिल सके। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि बिना डॉक्टर की लिखित पर्ची के प्रतिबंधित दवाएं या कफ सिरप देना कानूनन अपराध है। इसे सख्ती से लागू किया जाये।

### दवा दुकानों की नियमित जांच अनिवार्य

सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देश दिया गया कि वे नियमित रूप से दवा दुकानों का निरीक्षण करें, दवाओं की गुणवत्ता और स्टॉक की जांच करें। यदि किसी दुकान में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित दुकानदार पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले औषधि निरीक्षकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने औषधि निरीक्षकों से उनके द्वारा अब तक की गई कार्रवाइयों, छापेमारी और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। यह भी बताया कि एक सप्ताह के भीतर फिर से समीक्षा बैठक की जाएगी, जिसमें सभी अधिकारी अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होंगे।

**दवाओं पर सरकार का क्या नियंत्रण है :** डॉ अंसारी ने औषधि निदेशक ऋतु सहाय से यह जानकारी भी ली कि राज्य में किन-किन दवाओं की उपलब्धता है और उन पर सरकार का क्या नियंत्रण है। साथ ही, उन्होंने दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।अधिकारियों को निर्देशित किया कि नकली दवाओं के सिंडिकेट की पहचान कर उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवैध धंधे पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया जाये।

# मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य को लेकर कांग्रेस और सरयू समर्थक आमने-सामने

**जमशेदपुर (खबर मन्त्र ब्यूरो)। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यकाल में स्वीकृत और काम शुरु होने के बाद मानगो फ्लाई ओवर को लेकर विवाद थमता नहीं नजर आ रहा। जिला कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सोची-समझी साजिश के तहत वर्तमान विधायक सरयू राय समय-समय पर फ्लाई ओवर निर्माण में बाधा डालते आ रहे हैं। इससे निर्माण की गति प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर, सरयू राय के समर्थक व जद यू के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि फ्लाई ओवर में पायल टॉकिज वाले छोर पर विसंगति है जिसके लिए विधायक आवाज उठा रहे हैं तो इसमें गलत क्या है? प्रस्तुत है कांग्रेस के आरोप और उस पर जद यू का जवाबी वक्तव्य।**

## सरयू पर काम में बाधा डालने का केस करे जिला प्रशासन : आनंद बिहारी दूबे



डीसी अनन्य मित्तल को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे और उनके सहयोगी।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक श्री सरयू राय के द्वारा मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य को बाधित किये जाने पर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के द्वारा उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर श्री आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व विकास कार्य को तेजी से कराये जाने एवं आमजनों के असुविधा का निराकरणा करें परन्तु जमशेदपुर पश्चिम के विधायक श्री सरयू राय इसके विपरित कार्य कर रहे हैं। मानगो फ्लाईओवर का निर्माण न केवल मानगो की जनता बल्कि जमशेदपुर की बड़ी आबादी को यातायात सुव्यवस्थित करने में मददगार साबित होगी ऐसे में श्री सरयू राय अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदता के कारण मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य को बाधित कर जमशेदपुर की यातायात व्यवस्था को और भी लचर करने की दिशा में कार्य कर रहें है। दूबे ने कहा कि आम जनता को यह मालूम है कि मानगो फ़्लाओवर निर्माण कार्य पूर्व विधायक सह मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी के द्वारा धरातल पर उतारा गया है। जिसका शिलान्यास राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी के द्वारा किया गया था। ऐसे में जनहित एवं जनउपयोगी कार्य को बाधित किया जाना एक दुर्भाग्यपूर्ण कुत्य है। श्री सरयू राय मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य का आरंभ से ही विरोध करते रहे हैं उन्होंने फ्लाईओवर कार्य को लेकर पहले तो जनता को दिग्भ्रमित करते हुए कहा था कि टाटा स्टील कभी उक्त कार्य के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं प्रदान करेगी? जब टाटा स्टील ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया तो उनके द्वारा मानगो फ्लाईओवर कार्य को रोकने के लिए एनजीटी एवं पर्यावरण विभाग को पत्रचार कर कार्य को बाधित करने का प्रयास किया था।

## निर्माणाधीन फ्लाई ओवर में डिजाइन विसंगतियां हैं, इसलिए विरोध : जद यू

- भ्रम फैला रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं बन्ना गुप्ता समर्थक : सुबोध श्रीवास्तव



जद यू के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव।

**जमशेदपुर।** जद (यू) जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं बन्ना गुप्ता समर्थकों के द्वारा मानगो फ्लाईओवर के मुद्दे पर झूठे और बेबुनियाद आरोपों की राजनीति करने पर तिखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्रीवास्तव ने इन बिंदुओं पर प्रेस बयान जारी किया है।

श्रीवास्तव ने कहा कि जद (यू) फ्लाइओवर निर्माण के पूर्ण समर्थन में है मानगो में जो मेन फ्लाईओवर बन रहा है उसका कार्य जितना जल्दी पूर्ण हो सके उसका प्रयास विधायक सरयू राय द्वारा किया जा रह है, और श्री राय की ओर से हरसंभव सहयोग फ्लाईओवर निर्माण कार्य में दिया जा रहा है।

पायल सिनेमा की ओर निर्माण होने वाले फ्लाईओवर में केवल वन वे व्यवस्था रहेगी. जिसमे केवल लोग साकची से मानगो की ओर आ सकेंगे जिससे पायल सिनेमा जाने वाली सड़क संकरी हो जाएगी। डिजाइन बनाते समय इसका ध्यान नहीं दिया गया। इसका उपयुक्त प्रावधान किया जाए जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई न हो।

जद यू की मांग है कि नदी के पार बस स्टेंड के समीप जो टिमकेन गोलचक्कर है। जितने भी भारी वाहन सरायकेला और धोबो से शहर में प्रवेश करते है उससे भारी जाम लग जाता है। इसलिए इस मार्ग को भी मानगो फ्लाईओवर योजना से जोड़ा जाए।

श्री सरयू राय ने मानगो को जाम मुक्त बनाने के लिए भुईयांडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी तक एक फ्लाईओवर का प्रस्ताव पारित करवाया जो की बहुत ही किफायती दर में महज 40 करोड रुपए में बनाया जा रहा है। उस फ्लाईओवर बन जाने से मानगो की आधी जाम की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। उसके निर्माण का श्रेय केवल विधायक श्री राय को ही जाता है।

## स्पीड न्यूज

### काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे शिक्षक

**गम्हरिया।** पहलगाम आतंकी हमला के प्रतिकार में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आहवान पर शुक्रवार, 25 अप्रैल को राज्य के सभी शिक्षक अपने अपने कार्यस्थल (विद्यालय एवं टीएनए सेंटर) पर काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। इस बावत संघ के प्रदेश महासचिव राममूर्ति ठाकुर द्वारा झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, राँची के प्रभारी सचिव और प्राथमिक शिक्षा, झारखंड,रांची के निदेशक को पत्र भेजकर सूचना दे दी गई है। पत्र में बताया गया है कि बीते 22 अप्रैल को काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला में 26 निर्दोष देशवासियों की बर्वरतापूर्ण हत्या की गई है एवं कई अन्य इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शांति एवं स्वर्गस्वरूपा भारत भूमि पर आतंकवाद के इस घिनौने खेल से समस्त देशवासी मर्माहत हैं। राज्य के शिक्षकगण आतंकवाद एवं आतंकी हमला का प्रतिकार करते हैं और इस रक्तरंजित घटना की भर्त्सना करते हुए प्रतिकारस्वरूप संघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि शुक्रवार, 25 अप्रैल को सभी शिक्षक अपने-अपने कर्तव्यस्थल पर काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे और एवं मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन सभा आयोजित करते हुए घायलों के स्वास्थ लाभ की कामना करेंगे।

### रिलायंस फाउंडेशन आतंकी हमले में घायल लोगों का करायेगा इलाज : मुकेश अंबानी

**जमशेदपुर।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने एक बयान जारी कर कहा कि पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में निर्दोष भारतीयों की मौत पर रिलायंस परिवार शोक व्यक्त करता है। पीड़ित परिवारों के प्रति हम हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हम हमले में घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मुंबई स्थित हमारा रिलायंस फाउंडेशन सर एच एन अस्पताल सभी घायलों का मुफ्त इलाज करेगा। अंबानी ने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। इसका किसी भी तरह से, और किसी भी व्यक्ति द्वारा समर्थन नहीं किया जाना चाहिए। आतंकवाद के खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में हम माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार और पूरे देश के साथ खड़े हैं।

### आज से शुरू होगा 72 घंटे का हरिनाम कीर्तन

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को सुबह 6 बजे कलश यात्रा निकली जायगी। बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल लेकर हरि मंदिर शनकोसाईं रोड नंबर 1 पहुचेंगे। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जायेगी। सार्वजनिक हरि मंदिर समिति की ओर से इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार से शुरू होगा अखंड हरी नाम संकीर्तन। समिति की ओर से सांसद विद्युत बरन महतो, विधायक सरयू राय समेत कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। समिति के उपाध्यक्ष विजय गोराई और कोषाध्यक्ष संदीप गोराई ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी है।

# घोड़ा वाला से भाड़ा तय करने में देर न होती तो मैं भी आतंकी का शिकार होता: अमरेंद्र चौहान

### पहलगाम से लौटकर घटना की आंखों देखी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पोटका।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का चश्मदीन गवाह बने अमरेंद्र चौहान बताते है कि यदि घोड़ा वाला से भाड़ा तय करने में देर नहीं होता तो मैं भी घटना का शिकार हो जाता। देर होने से ही हम दोनों प्राणी बच गये। अन्यथा मैं भी आतंकी का शिकार होता।

विदित हो कि अमरेंद्र चौहान पूना में रहते है। दवा के निर्माता है। वे पोटका के पत्रकार बीरेंद्र सिंह के छोटे चचेरे भाई है। 22 अप्रैल को वे श्रीनगर पहुंचे। चार दिन रहकर पूरे श्रीनगर घूमने का उनका प्लान था। अतः वे एरोड्रम से ही टैक्सी से पहलगाम गए। वहां पर उन्हें वाईसर घाटी जिसे मिनी स्वीटजर लैंड कहा जाता है जाने के लिए घोड़ा का जरूरत पड़ता है। पूना में ही उनके दोस्तों ने बताया था कि घोड़ा वाला भाड़ा में बहुत बार्गेनिंग करता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अमरेंद्र ने जब घोड़ा वाला से भाड़ा पूछा तो उसने दो घोड़ा का 15 हजार बताया। अमरेंद्र ने उसे पांच हजार देने की बात कही। घोड़ा वाला नहीं माना। अंततः उसने छह हजार पर जाने को राजी हो गया। इस बीच लगभग 25 से 30 मिनट का समय लगा। इसी दौरान अमरेंद्र ने चाय भी पिया। भाड़ा तय करने में 25 मिनट का जो समय लगा वही इनके जीवन का अहम समय था। दो घोड़े पर सवार होकर अमरेंद्र दंपत्ति वाई सर घाटी के लिए चल दिये। वे लगभग तीन बजे ज्यों ही पहुंचे तथा घोड़ा से उतरकर इधर उधर देख ही रहे थे कि मात्र 200 मीटर के दूसरे छोर से गोली चलने की तर तर आवाज शुरू हुआ। इसके बाद लोग भागने लगे।

घाटी में हजारों की संख्या में शैलानी थे। समय रहते घोड़ा वाले को स्थिति समझने में देर नहीं लगी। वह अमरेंद्र दंपत्ति को घोड़ा पर बैठाया तथा भागने लगा। मैदान में भगदड़ मच गया। सभी एक दूसरे के पीछे भागने लगे। मैदान में चीख चिल्लाहट की भी आवाज जोरों पर होने लगी। घोड़ा वाला अमरेंद्र को लेकर गाड़ी पार्किंग तक लेकर आए। फिर गाड़ी से कोला हुई ग्रीन रिसर्ट पहलगाम आए। पार्किंग से एक ही साथ सभी गाड़ी निकालकर भागना शुरू किया। इसलिए गाड़ी को निकलने में थोड़ी देर हुई।



पहलगाम से लौटे अमरेंद्र चौहान।

**...और क्या बोले अमरेंद्र :** अमरेंद्र ने बताया कि भगदड़ से लोगों को निकालने में स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। निस्वार्थ भाव से लोगों ने सैलानियों को सहायता किया। इसके अलावा गाड़ी, घोड़ा, पैदल वाले लोगों ने यदि सहायता नहीं किया रहता तो वहां और बहुत बढ़चढकर घटनाएं होती। हालांकि घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस भी वहां पहुंच गई थी। तथा वह तत्पर होकर लोगो के सहायता में लग गए थे। मन में भय व्याप्त हो गया। सभी डरे सहमे हुए थे। होटल से अमरेंद्र जब पुना के लिए श्रीनगर एरोड्रम लौट रहे थे तो न होटल वाला तथा न ही गाड़ी वाला पैसा लिया। जबरन गाड़ी वाले ने कुछ पैसा लिया। स्थानीय लोग इस घटना से काफी दुखी ही नहीं हुए बल्कि वे रोने लगे। वे कह रहे थे कि हमलोगों का रोजगार खत्म हो गया। हालांकि की देखा जाता है कि कुछ लोग घटना घटने पर मौके का गलत फायदा उठाते है। परंतु स्थानीय लोगों ने ऐसा कुछ भी नहीं किया। परंतु हवाई सेवा वालों ने भाड़ा दुगना बढ़ा दिया। उन्हें 38 हजार दो टिकट का भाड़ा देना पड़ा। जबकि आने में भाड़ा कम था। दुसरे दिन सरकार के हस्तक्षेप के कारण पुनः हवाई भाड़ा कम किया। अपने घर पूना पहुंचने पर अमरेंद्र कहते है कि जाको राखे साइयां मार सके न कोय। उन्होंने इस घटना में मारे गये परिवार को भगवान से दुःख सहने की शक्ति देने की कामना की।

## पहलगाम में मृत लोगों के लिए कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घटित आतंकी नरसंहार में मृत लोगों के आत्मा की शांति के लिए कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में प्रार्थना सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले पर गहरा शोक और कड़ी निंदा व्यक्त करते है। इस जघन्य हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई और 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला कांग्रेस शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करती है और इस गहन पीड़ा की घड़ी में उनके साथ पूरी तरह से एकजुटता के साथ खड़ी है।

## प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होगी : उपायुक्त

- डीसी ने की विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण, फरेस्ट लैंड एनओसी की समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



वर्चुअल बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में विभिन्न परियोजनाओ के क्रियान्वयन के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों के समाधान के लिए उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सुरदा, राखा एवं केन्दाडीह माइंस के अलावा धालभूमगढ़ एयरपोर्ट, फुलडुंगरी रोड के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा फुलडुंगरी रोड में प्रतिपूरक वनरोपण भूमि तथा एचसीएल अस्पताल के जीर्णोद्धार एवं अन्य परियोजनाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराने के लिए वन विभाग, अंचल, अनुमंडल, राजस्व, यांत्रिकी एवं कल्याण विभाग आदि के पदाधिकारियों को स्थानीय स्टेकहोल्डर के साथ समन्वय बनाकर प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिया। परियोजनाओं को जल्द प्रारंभ करने के लिए आवश्यक भूमि को चिन्हित करने, ग्राम सभा की प्रक्रिया पूरी करने, परियोजना को प्रारंभ करने लिए विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक कदम उठाने की बात कही गयी।

## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने क्लासरूम मैनेजमेंट विषय पर आयोजित किया टॉक शो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ कॉलेज अफ एजुकेशन जमशेदपुर में गुरुवार को क्लासरूम मैनेजमेंटः 'कला या विज्ञान' विषय पर टॉक शो आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज की प्रिंसिपल डा.सत्यप्रिया महालिक और रंभा कलेज अफ एजुकेशन गीतिलता की प्रिंसिपल डा. कल्याणी कबीर शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई जिसके बाद सहायक प्रोफेसर मौमिता महतो ने अतिथियों को स्वागत अपने संबोधन से किया।

इस टॉक शो में क्लास रूम मैनेजमेंटः 'कला या विज्ञान' विषय पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि डा.महालिक ने कहा कि कक्षा का प्रबंधन करने के लिए शिक्षक को मित्र, मार्गदर्शक और दार्शनिक की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक एक प्रबंधक होता है और उसे सीमित संसाधनों में कक्षा का प्रबंधन करना आना चाहिए।

## पाक प्रायोजित आतंकवाद पर हो त्वरित और निर्णायक जवाबी कार्रवाई : दिनेश कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने पहलगाम में हिंदू सैलानियों पर हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए इसे मानवता पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक आतंकी वारदात नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस है। उन्होंने भारत सरकार से अपील की कि पाकिस्तान प्रायोजित इन हमलों पर त्वरित और निर्णायक कार्रवाई होनी चाहिए। हमारा विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की दूरदर्शी और आक्रामक नीति पर है। जब केंद्र में भाजपा की सरकार है तो जवाब भी उसी स्तर का होना चाहिए, उन्होंने कहा। दिनेश कुमार ने सिंधु जल समझौते को समाप्त करने के फैसले को समय की मांग बताते हुए कहा, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।

# दो हाई प्रोफाइल मर्डर कांड का खुलासा आज

- चार दिनों के भीतर हुए थे ज्योति कुमारी और विनय सिंह हत्याकांड
- स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ज्योति कुमारी ने मेडिका में दम तोड़ा, पति गिरफ्तार
- ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग एंड टीम की मेहनत ने रंग दिखाया, हत्यारे गिरफ्त में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आरोग्यम आयुष्मान स्वास्थ्य मंदिर, रुहीडीह की प्रभारी ज्योति कुमारी ने आज मेडिका हॉस्पिटल, रांची में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ज्योति कुमारी बीते दिनों 18 अप्रैल की सुबह स्वास्थ्य केंद्र में लहूलुहान अवस्था में मिली थी और परिवार ने कहा था कि बाहर से आये लोगों ने कुदाल से उन पर हमला किया था। पुलिस ने शुरु से ही इस मामले में संदिग्ध ज्योति कुमारी के पति डा विजय मोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीण एसपी जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा करेंगे।

इस बीच, देर शाम पुलिस डा विजय मोहन सिंह को लेकर एमजीएम थाना आई जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।




सीएचओ ज्योति कुमारी और करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह की फाइल फोटो।

गत 18 अप्रैल को ही ज्योति कुमारी के भाई प्रेम प्रकाश महतो के बयान में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने ज्योति कुमारी के पति की गतिविधियों पर गौर करने के लिए अपनी टीम को निर्देशित किया। इससे कई डार्क प्वाइंट थे जिसे पुलिस ने करीब-करीब सुलझा लिया है। बताया जा रहा है कि डा विजय मोहन सिंह ने अपनी पत्नी की हत्या की बात को पुलिस की पूछताछ में स्वीकार कर लिया है। पुलिस अब हत्या के पीछे के कारणों को लेकर उससे पूछताछ कर रही है। समझा जाता है कि अफेयर के शक में यह हत्या की गई है।

**विनय सिंह की हत्या में शामिल लोग भी पुलिस के बिछाये जाल में फंसे :** दूसरी ओर, करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह हत्याकांड का भी पुलिस गुरुवार को खुलासा करने की स्थिति में पहुंच गई है। कई संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ आज रात पूरी होने की उम्मीद है। विनय सिंह की हत्या गत 21 अप्रैल को बालिगुमा में कर दी गई थी। इसके अलावा ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने उस ट्रक को भी बरामद क रवा लिया है जिसे 10 लाख रुपये के माल के साथ टपा दिया गया था।

## एक नजर में

### जद (यू) बर्मामाइंस मंडल का हुआ विस्तार



**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) बर्मामाइन्स मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार ने बर्मामाइन्स मंडल समिति का विस्तार किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष दुर्गा राव उपस्थित हुए। विस्तारित कमेटी इस प्रकार है : मंडल महामंत्री रविंद्र नाथ ठाकुर, दीपक तिवारी, गंगाधर पांडे, हेमू राव, उपाध्यक्ष बबलू राय, प्रकाश कुमार, एमडी अजमद, मंत्री मनोज भगत, भोला रजक, विकास रजक, एमडी फिरोज, रोबिन कुमार, शुभम सिंह, एमडी सामद, संगठन मंत्री अजय रजक, दुर्गा रजक, कोषाध्यक्ष रोसो बेहरा, राकेश झा, मीडिया प्रभारी शंभू झा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष विक्की मुखी को चुना गया।

### झामुमो ने आतंकी हमले में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि




**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद सुमन महतो पूर्व विधायक कुणाल सारंगी शेख बदरुद्दीन प्रमोद लाल वीर सिंह सुरीन सागेन पूर्ति अरुण प्रसाद राजा सिंह फैयाज खान फतेह चंद्र टुडू खुददु उराव देवजीत मुखर्जी के के मिश्रा अवतार सिंह सिद्धू अंकित सिंह झरनापाल सविता सिंह सविता दास दुर्गा बोपाई ष्ण कामत संदीप चक्रवर्ती प्रभात सिंह बबलू अख्तर प्रहलाद लोहार तथा गुरमीत सिंह गिल उपस्थित थे।

### तारा पब्लिक स्कूल में मृतकों को दी गयी श्रद्धांजलि



**पोटका।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले में मारे गए लोगों की याद में गुरुवार को तारा पब्लिक स्कूल हरिवंश नगर हाता में शोक सभा की गयी। स्कूल के प्राचार्य कमलेश मिश्र के अगुवाई में शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राएं एवं उपस्थित अभिभावक गण ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। प्राचार्य कमलेश मिश्र ने कहा कि इस घटना से पूरा देश दुखी है। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से मृतक परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में शिक्षक हेमचंद्र पात्र, अंबुज प्रमाणिक, अर्जुन झा, मिहिर गोप, राजकपूर महाकुड, शिक्षिका संगीता सरदार, निकिता गोप, झुनू राणा, नमिता सरदार, सुषमा भकत, शिल्पा बारिक, हसी पाल,पानमुनी भुमिज, जास्मिन मुर्मू, दुलमी हांसदा मौजूद थे।

### आज नूतनडीह में मनेगी गंगा नारायण की जयंती



**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा के नूतनडीह में वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 235 वा जयंती में लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है। इधर, कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर ट्राइबल आईडेटिडी टाटा स्टील फाउंडेशन के हेड जीरेन टोपो आगे आये हैं। इस बात आदिवासी नेता सिदेश्वर सरदार ने कहा कि सुबह 9 बजे आदिम निवासी जुवान अखाड़ा, नूतनडीह की ओर से भूमिज विद्रोह के महानायक वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 235वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी जबकि संध्या समय संस्कृतिक नृत्य का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार, विशिष्ट अतिथि आदिवासी भूमिज समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष (सिदेश्वर सरदार) जिरेन जेवियर्स टोपनो (हेड, टीसीएस (टाटा स्टील फाउंडेशन) विशिष्ट अतिथि शिव शंकर कंडियान खास मेहमान होगे। इस कार्यक्रम की सफल बनने में ग्रामीणों की ओर शंकर सरदार, विष्णु सरदार, फुकलु , राजेंद्र सरदार, मोटू, दादा कांतो, लखी राम, राजकुमार, सोनेश्वर, बृहस्पति सरदार, घनश्याम सरदार, सागर सरदार, पटल सरदार, सिद्धेश्वर सरदार जुटे हुए हैं।

### केरला कदमा के प्राइमरी विंग में पुरस्कार वितरण



**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल कदमा के प्राइमरी विंग का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह उत्कृष्टता, कठिन परिश्रम और समर्पण का मिलाजुला कार्यक्रम था। जो कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के सभी छात्रों की प्रतिभा ओर उपलब्धि का शानदार प्रदर्शन रहा। मुख्याध्यापिका अलमेलु रविशंकर ने गणमान्य व्यक्तियों और दर्शकों का स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय के शैक्षिक और सह शैक्षिक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रतिभा का सम्मान ही समाज की प्रगति का आधार है। यह समारोह गर्व और उपलब्धि से पूरित था क्योंकि छात्र, शिक्षक और अभिभावक शैक्षिक वर्ष 2024-25 की उपलब्धि के आधार पर प्रतिभा और कड़ी मेहनत को सराहने के लिए एक साथ उपस्थित हुए। नृत्य की सुंदर प्रस्तुति एवं मनमोहक स्वागत गान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभागार प्रसन्नता,गर्व और तालियों की गूंज से भरा गुंजित अवसर था- इस अवसर पर एक सौ चौरासी छात्रों को शैक्षणिक क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाना। शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए बारह छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो उनके अटल समर्पण, अनुशासन और शिक्षा प्रक्रिया के प्रति सम्मान को दर्शाता है। यह समारोह दर्शाता है कि दृढ़तापूर्वक कड़ी मेहनत एवं उत्ष्ट प्रदर्शन सर्वदा फलदायक होता है।

## स्पीड न्यूज

### पाक को आतंकी देश घोषित करें : लक्ष्मी



**मेदिनीनगर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला की कड़ी निंदा करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि नृशंस घटना ने मानवता को कलंकित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में पाकिस्तान के विरुद्ध सीसीएस की बैठक में लिये गये फैसले की प्रशंसा करते हुए पीएम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में जाकर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करवाना चाहिए।

### पाक के मंसूबों पर पानी फेरना होगा : हृदयानंद



**मेदिनीनगर।** पहलगाम में पर्यटकों पर पाकिस्तान के शह पर नृशंस आतंकवादी हमला की कड़ी भर्त्सना करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद ने कहा कि इसके दर्द से संपूर्ण देशवासियों को ऊबर पाना असंभव है। कहा कि आपदा के समय देश सर्वोपरि होता है। श्री मिश्र ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में जाकर पाकिस्तान को शीघ्रातिशीघ्र आतंकवादी देश घोषित करवाना चाहिए।

### पहलगाम घटना ने झकझोर दिया: नवीन



**मेदिनीनगर।** पहलगाम की घटना इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना है। धर्म पूछ कर हत्या जेहादी उन्मादियों का सबसे बड़ा घृणित कार्य है। यह कहना है सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी का। श्री तिवारी ने कहा कि जब देश में विपरीत हालात हो तो शासकीय व्यवस्था से सवाल नहीं पूछा जाता बल्कि शासकीय व्यवस्था के साथ खड़ा हो जाया जाता है। कहा कि पहलगाम में जिस तरह गुप्तांग देख कर और कलमा पढ़वा कर हिंदू धर्म के अनुयायियों की शिनाख्त कर गोली मारकर हत्या कर दी गयी उसके लिए कोई भी सजा कम होगी।

### आतंकी हमला कायराना हरकत : बिट्टू



**मेदिनीनगर।** पहलगाम के कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों की हत्या भयावह है। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि यह नृशंस हमला मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है, जिसकी जितनी निंदा की जाये, कम है। आतंक के खिलाफ सारा देश एकजुट है। सरकार को जम्मू-कश्मीर में ठोस कदम उठाकर, वहां लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

### मारवाड़ी युवा मंच ने निकाला कैंडल मार्च




**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच के व्यावसायिक चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यवसायियों ने पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। मार्च आढ़त रोड से होते पंच मुहान, जिला स्कूल चौक होते छह मुहान पहुंच आतंकी हमला में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें शामिल लोगों ने आतंकियों के खिलाफ विरोध प्रकट किया। अध्यक्ष संजय केजरीवाल ने कहा कि आतंकवादियों का मुंहतोड़ जवाब अविलंब देना चाहिए। जिससे पर्यटक स्थलों पर भारत ही नहीं पूरे विश्व के लोग बेखौफ होकर घूम सकें। कैंडल मार्च मंगल सिंह, विकास उदयपुरी, सज्जन शंघाई, संदीप केजरीवाल, कृष्णा सरॉफ, राजेश अग्रवाल, संतोष लाठ, राकेश सुरेखा, पुनीत लाठ, दीपक नेमाला आदि शामिल थे।

### राज्य के सभी विद्यालय सात बजे खुलेंगे

**मेदिनीनगर।** झारखंड में बढ़ते तापमान को ध्यान में रख राज्य सरकार ने कड़ा फैसला लिया है। झारखंड के सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त व अल्पसंख्यक विद्यालयों सहित सभी निजी विद्यालयों में केजी से वर्ग आठ तक की सभी कक्षाएं प्रात: सात बजे से पूर्वाह्न 11:30 व वर्ग नौ से 12वीं तक की कक्षाएं प्रात: सात से 12 बजे तक संचालित किये जायेंगे। सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने निर्देश जारी कर कहा कि यह आदेश 26 अपैल 2025 से ही प्रभावी रूप से लागू हो जायेगा।

### अस्पताल की अव्यवस्था पर भड़के डीसी बीपीएम का वेतन काटने का दिया निर्देश



**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में आयोजित उपायुक्त कैंप कार्यालय में जनता की जन समस्याओं को सुनी गई,विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन लेकर लोगो ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया वहीं उपायुक्त ने हर व्यक्ति को समय दिया उनके समस्या को सम्बंधित विभाग को निष्पादित करने का निर्देश दिया,वही उपायुक्त शशि रंजन ने अनुमण्डल के आईटीआई का आचौक निरीक्षण किया। जहां पर उपायुक्त के पंहुचते ही लोग हरकत में आ गये। वहीं उन्होंने क्लास रूम,स्मार्ट लैब रूम, प्रयोगशाला कक्ष आदि का निरीक्षण किया वहीं उपायुक्त निरीक्षण के समय एक शिक्षक उमेश दास बच्चों के उपस्थिति बना रहे थे तभी एसडीएम गौरांग महतो ने पकड़ कर जप्त कर लिया,वहीं डीसी ने प्रभारी प्राचार्य दिन मोहम्मद अंसारी को जमकर फटकार लगाया एवं कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल में विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीज ओपीडी,अपरोशन रूम, कुपोषण वार्ड, जच्चा बच्चा वार्ड,इमरजेंसी जेनरल वार्ड आदि का निरीक्षण किया एवं मरीजों के पंजीकरण व प्रोग्रेसिव रजिस्टर को चेक किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान में लापरवाही बरतने पर प्रभारी चिकित्सा प्रभारी एवं बीपीएम को जमकर फटकार लगाया और सिविल सर्जन से बीपीएम का वेतन में कटौती करने का निर्देश भी दिया। वहीं उन्होंने शाहिद भगत सिंह कॉलेज कैम्पस में कल्याण विभाग की भवन जिसमे जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित किया जाता था उसे भी जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया उन्होंने खुद से कल्याण पदाधिकारी के साथ जा कर भौतिक स्थिति की जांच की एवं इस छात्रवास को यहां के छात्रों के हित मे खोलवाने एवं जीर्णोद्धार कराने का निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला की जनता के लिए खुशखबरी...

# मेराल रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का होगा ठहराव : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



विष्णुदयाल राम, सांसद।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप सिंगरौली पटना एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13349/13350 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने संबंधी रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विदित है कि सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का ठहराव कोविड-19 के समय से ही बंद कर दिया गया था। उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग गढ़वा जिला की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस संबंध में सांसद के द्वारा लोकसभा में, मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पत्राचार तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया गया था। सांसद श्री राम ने बताया कि उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर मेराल रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर सिंगरोली पटना एक्सप्रेस के विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। इस ट्रेन के मेराल स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर अभार प्रकट किया है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

# कैंप कार्यालय से लाभान्वित हो रहे लोग : उपायुक्त

- उपायुक्त के समक्ष प्राप्त हुए 70 से अधिक आवेदन
- हुसैनाबाद अनुमंडल भवन में संचालित हुआ कैंप कार्यालय
- अपनी समस्याओं के निदान हेतु पहुंचे लोग
- उपायुक्त खुद लोगों से मिलकर सुनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता




कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त व उपस्थित फरियादी।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में गुरुवार को जिला स्तरीय कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन कर आम लोगों की समस्याएं सुनी गयी। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित कैंप कार्यालय में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मीगण आमलोगों की समस्यायों को सुना और उसका निदान किया। कैंप कार्यालय में अपनी समस्याओं को लेकर 70 से अधिक आमलोगों ने उपायुक्त शशि रंजन से सीधा मुलाकात की। उपायुक्त ने भी लोगों से सीधा मिलकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुना।

समस्या से संबंधित उनके आवेदन प्राप्त किये, आवेदन संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया और प्राथमिकता के तहत समस्या समाधान का निदेश दिया। उन्होंने समस्या का त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में समाधान करने हेतु निदेशित किया।

कई मामलों में अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर स्थल का भौतिक सत्यापन कर आवेदकों को यथोचित लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारियों ने भी आमजनों से अपने-अपने विभागों से संबंधित उनकी समस्याएं सुनी और उसका निष्पादन किया। साथ ही उपायुक्त द्वारा निदेशित व स्थानांतरित आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निदान करने हेतु प्रक्रिया शुरू की। कैंप कार्यालय को लेकर अनुमंडल कार्यालय भवन में चहल-पहल रही।

# क्षेत्र भ्रमण कर विकास कार्यों में गति लायें पदाधिकारी : उपायुक्त

- कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं रहने से कार्यालय प्रधान का रूकेगा वेतन
- हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के तहत पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त।

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण/निरीक्षण कर अपने-अपने विभागों से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लेना सुनिश्चित करें। साथ ही विकास कार्यों में गति लाएं। योजनाओं के संचालन और योग्य तथा जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने से जिले की प्रगति होगी। साथ ही राज्य व देश के विकास के ग्राफ में पलामू अग्रणी पायदान पर पहुंचेगा। विकास कार्य के लिए सभी विभागों के पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ मिलने से आमलोगों का उत्थान होगा। कैंप कार्यालय के लिए निर्धारित तिथि की प्रथम पाली में पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर विकास योजनाओं में गंभीरता के साथ कार्यों में गति लाएं। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। उपायुक्त हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के तहत अनुमंडल सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने बैठक के शुरूआत में जिले के सभी पदाधिकारियों से उनके आज की निरीक्षण से संबंधित जानकारी लेते हुए स्थल की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की गति में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा आयोजित

# मुखिया-बीडीओ ने कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सचिवालय किशुनपुर के सभागार में मुखिया सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ पाटन डॉ अमित कुमार झा उपस्थित थे। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित ग्रामीणों ने देखा। बीडीओ और मुखिया ने पंचायत में कार्यरत सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।




पंचायत सचिवालय में कर्मियों को अंगवस्त्र देते मुखिया और बीडीओ।

**खास बातें :** स्कूली बच्चों के द्वारा पंचायती राज पर बनाए गए पेंटिंग को प्रथम पुरस्कार के रूप में शिल्ड प्रदान किया गया। सम्मानित होने वाले में पिकेट प्रभारी निलेश कुमार, सभी मीडिया कर्मी, रीना कुमारी, अमरनाथ झा शिक्षक, राजेंद्र मांझी चौकीदार, सूरजदेव नारायण उद्योग विभाग, अंजलि सिंह पीरामल फाउंडेशन, मनोरमा देवी अबुआ आवास,पुतुल कुंवर वार्ड सदस्य,धीरेन्द्र पासवान बागवानी, जीसीआरपी शिला द्बे, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र गीता देवी, जलसहिया विनीता देवी, मनरेगा मजदूर बीरबल भुइयां, प्रमिला देवी, सोबिन मोची प्रधानमंत्री आवास योजना, मुनि कुंवर अंबेडकर आवास योजना, डिजिटल पंचायत भीएलई लव सोनी, विनोद प्रजापति कृषि मित्र, अजित मिश्रा जनसेवक, शशिकांत द्बे पैक्स संचालक, स्वयं सहायता समूह मां भवानी आजीविका चेतमा, चांदनी आजीविका किशुनपुर एवं अन्य को सम्मानित किया गया।

### पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में कैंडल मार्च



**सतबरवा पलामू।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में बुधवार की शाम कैंडल मार्च निकाला गया। जिसकी अगुवाई सोनू सिकंदर कर रहे थे। इस दौरान सतबरवा मेलाटांड़ स्थित मां काली मंदिर के सामने से कैंडल मार्च निकला, जो सतबरवा के अंसार मोहल्ला, बस स्टैंड, क्रांति चौक, रामघाट, मेन बाजार महावीर चौक, मस्जिद मोहल्ला होते फिर से मेलाटांड़ पहुंचा। कार्यक्रम शामिल लोग आतंकी घटना का विरोध कर शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाले। जिसमें एएसआई बसंत कुमार दुबे ,बंदिनी लकड़ा के साथ ढेर सारे पुलिस बल के जवान साथ चल रहे थे।

### व्यापारिक स्थान पर घरेलू गैस का उपयोग कानूनन अपराध है : अभिषेक कुमार



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठान जैसे होटल, ढाबा, बाजार इत्यादि स्थानों पर उपयोग किये जाने वाले सभी प्रतिष्ठानों को सचेत करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया है कि जागो ग्राहक, जागो के तहत सभी ग्राहक, व्यापारी को बताया कि राजस्व नुकसान को देखते हुए सचेत हो जायें नहीं तो उचित कार्रवाई की जायेगी। प्रतिष्ठान में घरेलू गैस उपयोग करना दंडनीय अपराध है। यदि सुधार नहीं हुआ तो गैस एजेंसी और प्रतिष्ठान पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### बीडीओ ने किया आम बागवानी का शिलान्यास



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सिरमा पंचायत के कोइरियाडीह कला में आम बागवानी का शिलान्यास पाटन बीडीओ अमित झा ने किया। मौके पर बीपीओ राकेश दूबे, एकबाल अंसारी, जेईई तनवीर आलम, गौसे आलम, नागेंद्र तिवारी, संजीत कुमार, दिनेश दूबे, भैरव तिवारी, रोजगार सेवक अभय सिंह, पंचायत सेवक श्याम सुंदर राम व अन्य शामिल थे। बीडीओ ने कहा कि आम बागवानी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत अधिक जमीन वाले किसानों को आम बागवानी का लाभ दिया जा रहा है।

### बसदह उमवि में आतंकी हमले के खिलाफ आक्रोश

**पाटन पलामू।** प्रखंड के बसदह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षकों, माता समिति के सदस्यों व छात्र-छात्राओं ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ दुख व आक्रोश जताया है। सभी ने केंद्र सरकार से आतंकियों के पूर्ण सफाया की मांग की। सभा में प्राचार्य हरेंद्र सिंह, कांति देवी, कोमिला देवी, जिरमातो देवी, रसोईया शारदा देवी व अधीनता देवी शामिल थे।

## प्रतिष्ठान के उत्तम व्यवस्था से क्षेत्र में होगा विकास: आलोक

खबर मन्त्र संवाददाता




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा (पाकडतर) में विधायक आलोक चौरसिया ने ओम स्वीट्स व केक शाप का उद्घाटन किया। इसके पश्चात ओम स्वीट्स व केक शॉप के पहले क्रेता के रूप में राष्ट्रीय परशुराम सेना के संरक्षक व पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रदीप दुबे बने। शॉप के मालिक कौशल चौरसिया ने बताया कि हमारे पास बर्थ डे सेलिब्रेशन, शादी या किसी भी अवसर को विशेष बनाने के लिए आपके सहयोग में अपेक्षाकृत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वहीं गुणवत्ता पूर्ण सभी व्यंजनों की संपूर्ण जिम्मेदारी हमारी है। किसी भी रूप से गुणवत्ता में समझौता नहीं होगा। उन्होंने आग्रह किया कि एक बार ओम स्वीट्स व केक शॉप में आपका उपस्थिति अनिवार्य है। मौके पर जिप सदस्य रामलव चौरसिया, पूर्व जिप सदस्य बिकास चौरसिया, उप प्रमुख सुनील सिंह, पूर्वडीहा मुखिया संतोष दुबे (पपलू दुबे), मदन चौरसिया, बिकास दुबे उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला को पलामू डीटीओ ने अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता

>> पलामू डीटीओ ने दिया मानवता का परिचय



**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने गुरुवार को मानवता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल महिला को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। दरअसल, छत्तरपुर थाना क्षेत्र के टेलाड़ी मोड़ में हुए सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी थी जिसे डीटीओ जितेंद्र यादव ने अपने कार्यालय कर्मियों संग मिलकर घायल महिला को इलाज हेतु छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में एडमिट कराया। घायल महिला अपने पति व बच्चे संग बाइक पर सवार होकर पाटन के किशुनपुर से हरिहरगंज जा रही थी इसी क्रम में टेलाड़ी मोड़ के समीप बाइक असंतुलित होकर गिर गया जिसमें महिला चोटिल हो गयी। ज्ञात हो कि कैंप कार्यालय के तहत आज पलामू उपायुक्त का हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर में कार्यक्रम है जिसमें भाग लेने डीटीओ जा रहे थे।

### उप प्रमुख और ग्रामीणों ने सतबरवा चट्टी में प्रचंड गर्मी में बिजली आपूर्ति ठप करने का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय चट्टी में प्रचंड गर्मी में बिजली आपूर्ति ठप करने का विरोध ग्रामीणों के साथ उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने किया है। केबल तार लगा रहे कर्मियों ने बताया कि एनसीसी कंपनी नया बिजली पोल गाड़कर नये सिरे फाइबर केबल तार लगा रहा है। बीते एक माह से सुबह 10 से शाम 7 बजे तक सतबरवा की विद्युत आपूर्ति विद्युत सब स्टेशन से ठप करा दी जाती है। ग्रामीण मनोहर ने बताया कि प्रचंड गर्मी और लू का कहर जारी है। 44 डिग्री तक पारा के बीच लोगों का बिजली के बिना जीना मुहाल है। घर के अंदर पंखा और कूलर के बिना रहा नहीं जाता है और बाहर में लू लगने की संभावना है। वहीं विद्युत आपूर्ति ठप रहने से हर रोज लाखों रुपए राजस्व की हानि विभाग को हो रही है। बिजली पर आधारित सारा कामकाज ठप पड़ गया है।

### वाहन की चपेट में आकर बच्ची की मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के जोड़ गांव में एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की चपेट में आकर 7 वर्षीय शिवानी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शिवानी दुकान जा रही थी तभी रास्ता पार करते समय यह हादसा हुआ। आनन-फानन में बच्ची को मेदिनीनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शिवानी जोड़ सरकारी स्कूल में कक्षा दो की छात्रा थी। घटना से गांव में शोक का माहौल है। शिवानी के पिता अलख पांडेय छत्तीसगढ़ में काम करते हैं।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर शपथ कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचायती राज का महत्व तथा इसकी भूमिका पर पंचायत प्रतिनिधि के अलावे पदाधिकारी और कर्मियों ने शपथ ली। प्रधान सहायक अशोक कुमार सिंह ने पंचायती राज के प्रस्तावना का पाठ पढ़ाया और ग्रामीण विकास में पंचायती राज की भागीदारी में महत्वपूर्ण भूमिका का चर्चा की। उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि स्थानीय स्वशासन और विकेंद्रीकरण पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शासन और विकास में होने वाली उपलब्धियां को कर सकती है। कहा कि पंचायत की जिम्मेदारी स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाएं देने का प्रावधान है।

प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रद

# सदस्यों की संख्या पूरी न होने से पूरी नहीं हो सकी कार्यवाही

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक के दौरान जानकारी देते एसडीओ व उपस्थित अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव की कार्यवाही निर्धारित थी, लेकिन आवश्यक संख्या में पंचायत समिति सदस्य उपस्थित नहीं होने के कारण यह प्रस्ताव रद्द कर दिया गया। निर्धारित समय पर सभागार में बैठक की तैयारी की गयी थी और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये थे। एसडीएम सुलोचना मीणा स्वयं उपस्थित थीं और पूरे घटनाक्रम पर निगरानी रख रही थीं। परंतु जब तक बैठक शुरू होती, तब तक पंचायत समिति के सदस्यों की संख्या कोरम पूरा करने के लिए जरूरी संख्या से कम रही, जिसके चलते अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी। एसडीएम सुलोचना मीणा ने बताया कि नियमानुसार प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान के लिए न्यूनतम निर्धारित संख्या में सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है। चूंकि यह संख्या पूरी नहीं हुई, इसलिए प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भविष्य में फिर से प्रस्ताव लाया जाता है तो प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

सुआ पंचायत सचिवालय के स्वास्थ्य जांच शिविर में 110 लोगों ने करायी जांच

# स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीण क्षेत्र के लोग होंगे लाभान्वित : दुलारी देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सुआ मुखिया दुलारी देवी के पहल पर सदर प्रखंड के सुआ पंचायत सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि सुआ मुखिया दुलारी देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह, उपाध्या सिंह, सुदर्शन ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि शिविर के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग काफी लाभान्वित होंगे। कहा कि जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनके लिए यह शिविर वरदान साबित होगा।

शिविर में करीब 110 लोगों आकर स्वास्थ्य जांच कराये। शिविर में चिकित्सकों ने लोगों का बीपी, सुगर जांच किया। साथ ही लोगों को निःशुल्क रोगों के इलाज के लिए परामर्श दिया गया। एसपीएमएस अस्पताल द्वारा लोगों को फ्री ओपीडी कुपन वितरण किया गया।




शिविर में अपनी स्वास्थ्य जांच कराती महिला।

शिविर लोगों को 699 रूपये में मास्टर हेल्थ चेकअप का ऑफर दिया गया। शिविर में एसपीएमएस अस्पताल की ओर से डा राजेश कुमार, अभिषेक रंजन, रोहित, हर्षित समेत कई लोग शामिल थे।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ कैंडल मार्च, शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष हिंदू नागरिकों और पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए बुधवार की शाम मझिआंव मुख्य बाजार में कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च श्री राम जानकी अखाड़ा से शुरू होकर ब्लॉक रोड, शिव मंदिर, मुख्य बाजार और चंद्रवंशी टोला होते हुए वापस अखाड़ा परिसर में समाप्त हुआ। कैंडल मार्च का आयोजन हिंदू एकता मंच, मझिआंव द्वारा किया गया। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। इस दौरान श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए पुष्प रंजन मेहता ने कहा कि आतंकवादियों ने कायरतापूर्ण हमला कर निर्दोष नागरिकों की हत्या की है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार से इस हमले के दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। मार्च में विवेक सोनी, मारुत नंदन सोनी, नीरज कमलापुरी, उज्जवल कुमार, मनीष गुप्ता, दीपक माली, शनि चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार, राहुल कुमार गुप्ता, ऋषि पांडेय, प्रेम पांडेय, चंदन सिंह समेत कई स्थानीय युवा और समाजसेवी शामिल हुए।



कैंडल मार्च में उपस्थित लोग

## एक नजर में

## शिक्षकों की टीएनए परीक्षा शुरू, नेटवर्क बाधा बनी बड़ी चुनौती


उपस्थित शिक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार बीआरसी जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में गुरुवार से प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (टीएनए) परीक्षा की शुरूआत हुई। पहले दिन प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से आए कुल 84 औपचारिक एवं सहायक शिक्षक परीक्षा में शामिल हुए। यह परीक्षा 29 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षक भाग लेंगे। परीक्षा मोबाइल एवं टैब के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जा रही है, लेकिन पहले ही दिन नेटवर्क की समस्या ने शिक्षकों की परीक्षा को कठिन बना दिया। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित था, परंतु नेटवर्क खराबी के कारण करीब डेढ़ बजे तक 50 प्रतिशत शिक्षक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए संघर्ष करते रहे। कई शिक्षकों ने अपने मोबाइल लेकर स्कूल परिसर में नेटवर्क की तलाश की और घण्टों तक परेशान होते रहे। दोपहर बाद जब नेटवर्क बेहतर हुआ, तब अधिकांश शिक्षकों ने परीक्षा पूर्ण की, हालांकि कुछ शिक्षक फिर भी परीक्षा देने से वंचित रह गए। परीक्षा आयोजन को सफल बनाने में बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, बीआरपी जय प्रकाश लाल, सीआरपी अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार दुबे, प्रभु राम, मनोहर चौबे, शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी और अभय कुमार दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने पहलगाम आतंकी हमले पर व्यक्त किया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 26 निर्दोष हिंदू नागरिकों की हत्या को लेकर भवनाथपुर में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही की अगुवाई में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरूआत एक मिनट के मौन के साथ दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान भानु प्रताप शाही ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह कृत्य न केवल अमानवीय है, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस्लामिक आतंकियों को शीघ्र चिन्हित कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। श्री शाही ने कहा यह केवल एक आतंकी हमला नहीं बल्कि एक सुनियोजित इस्लामिक जिहादी हमला है। धर्म पूछकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया, यह निंदनीय और घृणित कृत्य है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर पूरा भरोसा है कि जैसे पुलवामा के बाद पाकिस्तान में घुसकर जवाब दिया गया था, वैसे ही इस बार भी कड़ा कदम उठाया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, भगत दयानंद यादव, सुरेंद्र गुप्ता, अनूप गुप्ता, पूर्व जिला परिषद सदस्य पूजा गुप्ता, आलोक शर्मा, लल्लू ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।


शोक सभा में पूर्व विधायक व अन्य

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन


जानकारी देते पीएलवी

**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कैलान पंचायत भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के निदेशों के आलोक में, ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और पंचायत व्यवस्था के प्रति जागरूक करने हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत उपमुखिया सुरेंद्र यादव के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि पंचायती राज प्रणाली आम जनता को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह शासन की ऐसी प्रणाली है जिसमें ग्रामीण सीधे तौर पर विकास प्रक्रिया में भागीदारी कर सकते हैं। पीएलवी अरविंद तिवारी ने पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरूआत 1959 में राजस्थान के नागौर जिले से हुई थी, जो अब पूरे भारत में प्रभावी है। यह व्यवस्था लोकतंत्र की जड़ों को गांव-गांव तक मजबूत करती है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को घरेलू हिंसा, मनरेगा, बाल विवाह, बाल श्रम, बच्चों की शिक्षा, डायन प्रथा सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों और सरकारी योजनाओं के तहत उपलब्ध विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई।

## पक्षियों और पशुओं के संरक्षण के लिए जागरूकता शिविर आयोजित


जानकारी देते पीएलवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय ललकारिया, रंका में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्मियों में पक्षियों और मवेशियों को पानी और भोजन की कमी से बचाने हेतु बच्चों और ग्रामीणों को जागरूक करना था।

मौके पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि जैसे-जैसे तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, वैसे-वैसे पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। इंसान तो पानी का संग्रह कर लेता है, लेकिन पक्षी और जानवर भटकते रहते हैं।

उन्होंने बताया कि अगर घर के बाहर एक कटोरी पानी रख दी जाए तो न जाने कितने पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है और उनकी जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा गर्मी में भोजन की कमी भी पक्षियों और पशुओं के लिए गंभीर समस्या बन जाती है। शिविर में उपस्थित 100 से अधिक बच्चों ने इस विषय को गंभीरता से सुना और अपने घरों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। बच्चों से कहा गया कि वे अपने माता-पिता को भी इस दिशा में जागरूक करें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नसीम अंसारी, अजीम शेख, उदय प्रसाद, पंकज कुमार, महबूब आलम सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## रमना में धूमधाम से मना राष्ट्रीय पंचायत दिवस

### ली गयी स्वच्छ सुजल गांव की शपथ


उद्घाटन करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर रमना प्रखंड मुख्यालय सहित सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों में सामुदायिक सहभागिता, जन जागरूकता और उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छ एवं सुजल गांव बनाने की शपथ ली। मड़वानिया पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया स्वीटी वर्मा ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग में साक्षी कुमारी और सुधा कुमारी, जबकि बालक वर्ग में प्रिंस कुमार और विशाल कुमार को बेहतरीन पेंटिंग के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया ने अपने संबोधन में बताया कि 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 में पारित हुआ था और 24 अप्रैल 1993 को इसे लागू किया गया। इसी के तहत पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ, जिसके उपलक्ष्य में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया जाता है। मौके पर रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक सुबोध कर्ण, पंचायत सहायक अनिल पाल, कविता भारती, राजनाथ चौधरी, अक्षय कुमार, किरण देवी, रंभा देवी, ललिता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन


शपथ लेते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत कटहर कलां पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिवालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को पंचायती राज व्यवस्था की अहमियत समझाई गई तथा एक-दूसरे को लोकतंत्र को मजबूत करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष ग्राम सभा से हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य बाल सभा, पंचायती संस्थाओं की उपलब्धियों पर चर्चा करना और जन जागरूकता फैलाना था। सभा में बताया गया कि 24 अप्रैल को हर वर्ष पंचायती राज दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 73वें संविधान संशोधन को लागू कर पंचायती राज प्रणाली को संवैधानिक दर्जा दिया गया था। इस मौके पर हर ग्राम में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के नामों का सार्वजनिक प्रदर्शन किया गया, ताकि ग्रामीणों को जल-संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके।

## आरके साहू मेमोरियल अस्पताल का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** टाउनशिप रोड स्थित आरके साहू मेमोरियल अस्पताल का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का उद्घाटन पूर्व विधायक भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। इस मौके पर भानु प्रताप शाही ने कहा कि भवनाथपुर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को देखते हुए यह अस्पताल खोला गया है, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अस्पताल के संचालक अनूप गुप्ता और उनके परिवार ने समाज के लिए सराहनीय पहल की है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस अस्पताल में कुशल और अनुभवी चिकित्सकों की उपस्थिति से अब लोगों को इलाज के लिए गढ़वा, मेदिनीनगर या अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से आग्रह किया कि वे इस केंद्र को व्यवसायिक रूप में ना लेकर सेवा भावना के साथ संचालित करें, ताकि जरूरतमंद मरीजों को सही और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। शाही ने जोर देकर यह भी कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार के इलाज और ऑपरेशन केवल योग्य डॉक्टरों द्वारा ही किए जाएं, जिससे मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, डॉ रंजन कुमार दास, डॉ नीतीश भारती, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा, अभिनीत विश्वास, बीटीटी अनुज गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद, भाजपा नेता सुरेंद्र प्रसाद, बैजू गुप्ता, आलोक शर्मा, सीपी यादव, सुनील पटेल समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।


उद्घाटन करते पूर्व विधायक

## भाजपा भागा मंडल के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया

**जोड़ापोखर।** जम्मू काश्मीर के पहलगाँव में 22 अप्रैल को हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले में निर्दोष 26 लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में भाजपा भागा मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में भाजपाई लोदना मोड़ से पैदल चलकर हाथों में कैंडल लिए हुए शहीद शशिकांत पांडेय चौक पहुँचे। शहीद को श्रधांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा।


**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची।**
**(जिला नजारत शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु मोजो बैरिकेटिंग, ड्रॉप गेट, गजिबो, ट्रस वालिंग, बॉस बैरिकेटिंग इत्यादि कार्यो के दर निर्धारण हेतु मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 03.05.2025 को अपराह्ण 03.00 बजे तक जिला नजारत शाखा, रांची में जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन अपराह्ण 04.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में समाहरणालय ब्लॉक "ए" में कमरा संख्या 207 में खोली जायगी।

नोट:- निविदा के शर्ते www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची।

PR 350972 (Ranchi) 25-26 (D)

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**अल्पकालीन निविदा सं0—01/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025—2026 के लिए रॉची जिला के पुलिस कार्यालय/सभी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय/रक्षित कार्यालय/सभी अंचल पुलिस निरीक्षक/थाना/ओ0पी0 के कार्यालय य कार्यो का निष्पादन हेतु लेखन समाग्रियों को क्रय करने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉची में दिनांक 23.04.2025 से दिनांक 07.05.2025 तक कार्यालय अवधी में बिक्री की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य मो0—1,500/—रूपये निर्धारित है। वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची के पदनाम से उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट स्वीकार होगी। इच्छुक अहर्तापूर्ण आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा दिनांक 24.04.2025 से दिनांक 08.05.2025 तक कार्यालय अवधी में सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉची में जमा करेगें।

**नोटः**— निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्त पुलिस कार्यालय, रॉची के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

निविदा खुलने की तिथि समय एवं स्थानः— दिनांक 10.05.2025 को समय 03:00 बजे अपराह्न में वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची के कार्यालय कक्ष में।

चन्दन सिन्हा (भा0पु0से0)
पुलिस उप—महानिरीक्षक—सह—
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची।

PR 350964 Police(25-26)D

**प्रेस विज्ञप्ति**

**आम सूचना**

**कार्यालय, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा।**
**उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन**

सूचित किया जाता है कि प्रबंध निदेशक, जिडको, राँची (उद्योग विभाग), झारखण्ड के निर्देशानुसार MSME's इकाईयों को बढावा देने के उद्देश्य से नि:शुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु सिमडेगा जिला के सदर प्रखण्ड में दिनांक 29.04.2025 को एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उद्यमियों को उद्यम निबंधन किया जाएगा। अत: जिले के सभी उद्यमी/व्यवसायी निर्धारित तिथि को आयोजित जागरूकता शिविर में अपने उद्यम/इकाई के निबंधन हेतु आघार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार लिंक मोबाईल के साथ भाग लेंगे।

आदेशानुसार
श्री सुरेश वाल्टर पीटर तिर्की
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, सिमडेगा।
मो0 - 9471197327/7992314378

PR 350978 (Simdega) 25-26 (D)

**उपायुक्त—सह—जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।**
**(खेल शाखा)**
**(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण (संशोधित आदेश)**

जिला खेल कार्यालय ,खूँटी के ज्ञापांक 140/क्रीडा दिनांक 15.04.25 के द्वारा खूँटी जिले के अंतर्गत संचालित कुल—01 (एक) आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुरूप 350 रू० (सभी कर सहित) प्रति खिलाड़ी प्रतिदिन के दर से शुद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्ता पूर्ण पौष्टिक भोजनादि की व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैटरर से दिनांक 15.04.25 से 26.04.25 तक निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदा में तकनिकी बीड (लिफाफा — I A) के क्रमांक 10. में वर्णित शर्त वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 आयकर रिटर्न (ITR) की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के स्थान पर अस्सेस्मेंट वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 आयकर रिटर्न (ITR) की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति पढ़ा जाय। साथ ही दिनांक 26.04.2025 के स्थान दिनांक 28.04.2025 को पूर्वाहन 11:30 बजे विकास भवन में उप विकास आयुक्त, खूँटी के कार्यालय कक्ष में निविदा निष्पादन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा। उक्त निविदा में शेष वर्णित शर्तें यथावत रहेंगी। पूर्व में प्रकाशित निविदा का PR सं0—350420 है।

ह०/—
जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी।

PR 350944 (District) 25-26 (D)

**कार्यालयः वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा**
*E-mail – dfo-simdega@gov.in*
*Mobile No – 8987790117*
*Pin Code - 835235*

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि M/s Twenty First Century mining Private Limited झारखंड द्वारा वनभूमि अपयोजन के बदले सिमडेगा जिला अन्तर्गत मौजा—सरईपानी, थाना—कोलेबिरा, थाना सं0—119, अंचल—कोलेबिरा के खाता सं0—31, 43 एवं 45 के कुल रकबा — 17.875 एकड़ भूमि में क्षतिपूरक वनरोपण योजना हेतु वन विभाग को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से उपयुक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत रैयत से भूमि क्रय करने के उपरांत निबंधन डीड (Deed) सं0—2024/SIM/900/BK1/894, दिनांक—26.12.2024 नामांतरण केस सं0—142/R27 2024—25 द्वारा रैयती भूमि खाता सं0—31, 43 एवं 45 के कुल रकबा — 17.875 एकड़ (सत्रह एकड़ आठ सौ पचहत्तर डिसमील) को अपने पक्ष में करा लिया है।

तदोपरांत M/s Twenty First Century mining Private Limited, झारखंड द्वारा उपरोक्त भूमि की कुल रकबा—17.875 एकड़ को वन विभाग के पक्ष में निबंधन, नामांतरण एवं हस्तांतरण की कार्रवाई किये जाने हेतु अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन समर्पित किया गया है।

उपरोक्त भूमि के वन विभाग के पक्ष में निबंधन, नामांतरण एवं हस्तांतरण होने से खतियानी रैयत के संबंधी/रिश्तेदार को यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रादेशिक वन प्रमंडल, सिमडेगा के कार्यालय में कार्य दिवस की कार्यालय अवधि (10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 अपराह्न तक) में अपना आपत्ति/शिकायत संबंधी आवेदन आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर समर्पित करेंगे, अन्यथा यह माना जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है। 15 दिनों की अवधि समाप्ति के उपरांत आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 350942 Simdega (25-26)_D

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कोडरमा।**
**अतिआवश्यक सूचना**

कोडरमा जिले के ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता हैं, कि पुलिस उप—महानिरीक्षक गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा राँची के ज्ञापांक 486 दिनांक—10.03.2025 में प्रदत्त कोडरमा जिले के गृह रक्षकों का पुनःनामांकन दिनांक—14.05.2025 से 22.05.2025 तक किया जाना हैं।

निदेशों का अनुपालन करते हुए निदेशानुसार आवेदन करने वाले गृह रक्षकों को सूचित किया जाता हैं कि पुनः नामांकन कार्यक्रम के अनुसार फार्म "अ" और "ग" जिला समादेष्टा के कार्यालय से प्राप्त करेगें एवं दोनों फार्मो को भरकर निर्धारित स्वअभिप्रमाणित अभिलेख/प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए अपने प्रखण्ड के निर्धारित तिथि को पूरी वर्दी में जिला समादेष्टा का कार्यालय, कोडरमा में पुनःनामांकन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

फार्म "अ" और "ग" के साथ समर्पित अभिलेखों/प्रमाण—पत्रों के सत्यापन के उपरांत पुनः नामांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। निर्धारित तिथि के बाद पुनःनामांकन हेतु किये गये किसी दावे पर विचार नही किया जायेगा।

फार्म— अ और फार्म—ग के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्यक अभिलेखों/प्रमाण—पत्रों की सूची—

| क्र.स | अभिलेख/प्रमाण पत्र | क्र.स | अभिलेख/प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | हाल का खीचा हुआ चार पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो वर्दी में। | 6 | गृह रक्षक बुनियादी प्रशिक्षण प्रमाण—पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। |
| 2 | नामांकान के समय/पूर्व के तिथि से निर्गत जन्मतिथि, प्रमाण—पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। | 7 | गृह रक्षकों की पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। |
| 3 | जाति प्रमाण—पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। | 8 | पुनः नामांकन आवेदन के पूर्व के दो वर्षो में किये गये किन्हीं दो अवसरो पर डियूटी के दो कमान पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। |
| 4 | आवासीय प्रमाण— पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। | 9 | आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। |
| 5 | नामांकान के समय/पूर्व के तिथि से निर्गत शैक्षणिक प्रमाण—पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। | 10 | अद्यतन पासबुक की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति। |

**पुनःनामांकन का प्रखण्डवार एवं तिथिवार कार्यक्रम निम्नवत् हैं—**

| क्र०सं० | प्रखण्ड का नाम | पुनः नामाकंन होने वाले गृह रक्षकों की संख्या। | पुनः नामाकंन की तिथि। | पुनः नामांकन के केन्द्र। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 39 | 14.05.2025 | जिला समादेष्टा का कार्यालय, कोडरमा |
| 2 | चन्दवारा | 49 | 15.05.2025 | |
| 3 | जयनगर | 43 | 16.05.2025 | |
| 4 | मरकच्चों | 58 | 17.05.2025 | |
| 5 | डोमचांच | 93 | 19.05.2025 | |
| 6 | सतगाँवा | 49 | 20.05.2025 | |
| 7 | शहरी क्षेत्र | 33 | 21.05.2025 | |
| 8 | छुटा हुआ | — | 22.05.2025 | |
| | कुल | 364 | | |

उपरोक्त पर उपायुक्त—सह—अध्यक्ष का पुनःनामांकन पर अनुमोदन प्राप्त हैं।

जिला समादेष्टा
—सह— सदस्य पुनःनामांकन समिति।
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कोडरमा।

PR 350977 Home, Prison And Disaster Management(25-26)D

# फिर सर्जिकल स्ट्राइक...

उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने हमले की एकजुट होकर निंदा की गई है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। चंद स्थानीय लोगों के सहयोग से लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। गृहमंत्री अमित शाह ने भी घाटी पहुंचकर तत्काल जमीनी स्थितियों का आकलन होने तक पूरी सरकारी मशीनरी की ताकत झोंक दी है। तात्कालिक प्रतिक्रिया के तौर पर इस संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र को कड़ा जवाब दिया जाएगा। लेकिन अधिकारियों को घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता को चुना है। वही गुरुवार को मधुबनी के एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने साफ कियाआंतकियों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्होंने विश्व स्तर पर संदेश देने के लिए अंग्रेजी में कहा कि आतंकी और उसके जड़ मूल को खत्म किया जाएगा। भारत को पूरे विश्व का समर्थन मिल रहा है और स्थितियां बता रही है कि कुछ ठोस कार्रवाई की जमीन तैयार की जा रही है। इजरायल, अमेरिका सहित 20 से अधिक देशों ने भारत के साथ खड़ा होने की बात कही है। देश में इस घटना को लेकर भारी आक्रोस है और वर्तमान मोदी सरकार पर इस बात का दबाव है कि पाकिस्तान से संचालित जेहादी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करके स्थायी हल निकाले।


# पाकिस्तान को सबक सिखाया जाना सबसे जरूरी



**लम्बे** समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है।

यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई।

हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है, जब बैसरन के घास के मैदान और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे, कुछ खच्चरों की सवारी का आनंद ले रहे थे तो कुछ परिवार पिकनिक मना रहे थे। तभी घात लगाए बैठे आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के लिये सीधे तौर पर पाकिस्तान जिम्मेदार है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर ने किसी जिहादी की तरह हिंदुओं और भारत के खिलाफ अपनी घृणा का भद्दा प्रदर्शन किया था। अबू मूसा का वह भाषण और उसके तुरंत बाद हुआ पहलगाम नरसंहर दशार्ता है कि पीओके में बैठे आतंकी सरगना न केवल भारत विरोधी जहरीला प्रचार फैला रहे हैं, बल्कि कश्मीर घाटी की शांति, विकास एवं सौहार्द को बाधित करने की हर कोशिश को सफल बनाने में जुटे हैं। वे आगामी समय में घाटी को फिर से अशांत करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन संबंधी कारोबार करीब-करीब ठप पड़ना तय है। आखिर इतनी भयावह घटना के बाद कौन पर्यटक कश्मीर की ओर रुख करेगा? लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार



-ललित गर्ग

> यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है।

फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। पहलगाम में आतंकी हमले की गंभीरता इससे प्रकट होती है कि जहां गृहमंत्री अमित शाह आनन-फानन श्रीनगर के लिए रवाना हुए, वहीं सऊदी अरब गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा बीच में छोड़कर दिल्ली आ गये। दिल्ली आते ही एयरपोर्ट पर ही एक मीटिंग की, जिसमें अजित डोभाल से गंभीर मंत्रणा के बाद इस आतंकवादी घटना के खिलाफ एक्शन लेना प्रारंभ कर दिया। मोदी एवं शाह के एक्शन से उम्मीद बंधी है कि इस बार कुछ निर्णायक होगा। पहलगाम की सुंदर घाटी को रक्त रंजित करने के लिये आतंकवाद का जिन्न भले ही निकल आया हो, लेकिन इस बार निर्दोष एवं बेकसूर लोगों का रक्त व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह हमला पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, उसी के इशारे पर किया गया। यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत बनी है, जिससे भी पाकिस्तान भयभीत बना। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। पहलगाम की ताजा घटना हो या बार-बार होने वाली आतंकी घटनाएं तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इन हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश एवं दुनिया के सामने आने का डर पाकिस्तान को सता रहा था, तभी उसने इस पहलगाम की घटना को अंजाम दिया। लेकिन अब हद हो गयी। अब एक साथ कई मोर्चे पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू करना होगा। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने में भारत का साथ देने का संकल्प एकबार फिर दोहराया है, इसी तरह रूस भी भारत के साथ है। अनेक देशों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से सहयोग का वादा किया है। अब समय आ गया है पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाने एवं उसके विध्वसंक एवं विनाशकारी मनसूंबों को नेस्तनाबूंद करने का।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोष लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है, यही पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर होना भी पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बना है, पहलगाव जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। दुनिया के शक्तिसंपन्न राष्ट्र भी मंथन करें आतंक रूपी विष और विषमता को समाप्त करने का, शांतिपूर्ण दुनिया निर्मित करने का। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान में घूस कर सबक सिखाने का। सर्जिकल अटैक ही पुख्ता जबाव हो सकता है। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।

**– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**हम** आश्वस्त करते हैं कि जिस तरीके से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो कृत्य आतंकवादियों ने किए हैं, हिंदू माँ-बहनों के सिंदूर के साथ जिस प्रकार की बर्बरता की गई है, उसी प्रकार से आतंकवादियों और उनके आकाओं को इसकी सजा जरूर मिलेगी... इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

**– योगी आदित्यनाथ, सीएम**




**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

**कुंभ :** शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।

( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जब लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी गयी तो इसे आतंकी घटना कहेंगे या जिहादी हमला?

**नीरज कुमार दुबे**

सामयिक

जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे यह भी पूछा जाना चाहिए कि आतंकवादियों के नाम एक खास धर्म से संबंधित क्यों होते हैं? जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे पूछा जाना चाहिए कि पहलगाम में मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछने के बाद क्यों मारा गया?

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हंसते खेलते माहौल में एकाएक मातम छा जाने से हर भारतीय का दिल भर आया है। 28 पर्यटकों के मारे जाने की घटना बड़ी दुखद है लेकिन यह देखना भी दुखद है कि इस हमले की कुछ लोग सही से निंदा भी नहीं कर पा रहे हैं। जिस घटना में लोगों का धर्म पूछ पूछ कर मारा गया हो उसे आतंकवादी घटना कहा जा रहा है जबकि यह सीधा सीधा जिहाद का मामला लगता है क्योंकि पर्यटकों का धर्म पूछ कर उन्हें गोली मारी गयी। यही नहीं, हर मोर्चे पर विफल संयुक्त राष्ट्र को देखिये उसके महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पहलगाम के घटनाक्रम को ह्यह्यसशस्त्र हमला" बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र को नहीं पता कि सशस्त्र हमले और आतंकवादी या जिहादी हमले में क्या फर्क होता है?

इसके अलावा, कश्मीर को लेकर अपना प्रोपेगेंडा चलाने वाला अंतरराष्ट्रीय मीडिया 26 भारतीयों की मौत पर भी अपना खेल जारी रखे हुए है। यकीन ना हो तो बीबीसी की खबर देखिये जिसकी हेडलाइन है- गन मैन अटैक। क्या गनमैन और आतंकवादी या जिहादी के बीच का फर्क बीबीसी को नहीं पता है? अल जजीरा की खबर को देखिये उसकी हेडलाइन है- भारत ने पहलगाव अटैक के गणमैन का स्कैच जारी किया।

सवाल उठता है कि क्या इन मीडिया संस्थानों को यह समझाना पड़ेगा कि गनमैन या आतंकवादी अथवा जिहादी के बीच क्या फर्क होता है?

इसके अलावा, जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे



यह भी पूछा जाना चाहिए कि आतंकवादियों के नाम एक खास धर्म से संबंधित क्यों होते हैं? जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे पूछा जाना चाहिए कि पहलगाम में मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछने के बाद क्यों मारा गया? क्यों उनसे कलमा पढ़ने को कहा गया और कलमा नहीं पढ़ पाने पर उन्हें गोली मार दी गयी? सवाल उठता है कि क्यों किसी पर्यटक की पैंट उतार कर यह जांचा गया कि उसका खतना हुआ है या नहीं? क्यों खतना नहीं पाये जाने पर उसे गोली मार दी गयी?

देखा जाये तो आतंकवाद का कोई धर्म होता हो या नहीं लेकिन अपने आसपास के घटनाक्रमों पर ही गौर कर लें तो साफ प्रतीत होता है कि आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित धर्म हिंदू है। भारत में बहुसंख्यक होने के बावजूद हिंदुओं को गोली मार दी जाती है? अपने घर से पलायन करने पर उन्हें मजबूर कर दिया जाता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की तो बात ही छोड़ दीजिये वहां तो अब उनके अस्तित्व पर ही संकट मंडराने लगा है।

बहरहाल, पहलगाम मामले में एनआईए ने जांच का काम संभाल लिया है। लेकिन जरूरी है कि इस समूचे घटनाक्रम के पीछे मौजूद उद्देश्य को समझ कर सही कार्रवाई की जाये। हमारी एजेंसियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि आतंकवादी धर्म के आधार पर लोगों को मार कर गये हैं। हमारी एजेंसियों को इस बात का संज्ञान लेना चाहिए कि पीड़ित परिवारों ने बताया है कि आतंकवादियों ने उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने का आरोप लगाया है। देखा जाये तो यह सीधे सीधे भारत की चुनी हुई सरकार को चुनौती देने का मामला बनता है।

# यह त्रासदी पूरे देश का है जबाव देना ही होगा

सामयिक

**पहलगाम** का आतंकी हमला हताशा में किया गया एक ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की ह्यगले की नसह्न बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन




तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है। पाक ने पर्यटकों की मौत पर शोकव्यक्त करने का प्रपंच तो रचा, लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी(2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा? मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है? वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर, भारत के लिये अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है।

बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिये गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है, बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है।

**भारी तपिश और लू से परेशान गौरय्या को मिली पानी की बूंद से सकून। झारखंड का पारा 40 के पार। तस्वीर अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### अस्पताल में समस्याओं को ले सांसद प्रतिनिधि ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**कुजू।** मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि ने रेफरल अस्पताल में कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

अस्पताल परिसर में फाइबर ब्लॉक का निर्माण, डीप बोरिंग एवं जलमीनार का निर्माण, हाय मास्क लाइट का निर्माण, रेफरल अस्पताल में बाउंड्री वॉल का निर्माण, रेफरल अस्पताल में मुख्य द्वार पर गेट का निर्माण, पुराना एनएच 33 से मंदिर तक कालीकरण पथ एवं स्ट्रीट लाइट का निर्माण कराने का मांग किया। आवेदन सौपने वालो में रामगढ़ नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद, आईटी सेल रामगढ़ नगर परिषद संजीव कुशवाहा और विनोद कुशवाहा शामिल थे।

### सौन्दा डी में विशेष ग्रामसभा आयोजित

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौन्दा डी ग्राम पंचायत में गुरूवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहिदों की आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त किया गया। पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने पंचायत सचिव खुशबू रानी को डायरी देकर ग्रामसभा की शुरूआत। ग्रामसभा की अध्यक्षता अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा ने किया। मध्य विद्यालय सौन्दा डी में बालसभा का भी आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक बिहारी प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। बालसभा को निति आयोग के अधिकारी निशा कुमारी संबोधित किया। कार्यक्रमों को सफल बनाने में उप मुखिया संजय भारती, वार्ड सदस्य ऐनजिना एक्का, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार, अरविंद ओझा सहित रवयं सेवक संतोष रजक, समाजसेवी संतोष शर्मा, अमरेश साव, सोनी देवी, पप्पू चोहान, मध्य विधालय के शिक्षक साहु सर, रवि कुमार, बिशुन राम का विशेष योगदान रहा।

### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि



**कुजू।** कुजू अंजुमन जामा मस्जिद में गुरुवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए सभी निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दिया गया। इस दौरान कुजू के सदर अब्दुल कलाम सिद्दीकी, वेल्फेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज आलम, सेक्रेटरी अब्दुल अजीज ने कहा की पहलगाम में आतंकवादी में जो लोग शहीद हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवारजनों को इस कठिन समय में साहस और धैर्य प्रदान करें। हम सब उनके साथ हैं। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, दोषियो को कड़ी सजा मिलना चाहिए। इस दुख के घड़ी मे हम सभी हिन्दुस्तान के लोगो को एकजुट होकर रहना चाहिए और इसका मुकाबला करना चाहिए। साथ ही पाकिस्तान के नापाक इरादे को कभी कामयाब नही होने देना चाहिए। सभी लोगो ने सरकार से मांग किया कि दोषी पाकिस्तान को इसकी कडी सजा मिलना चाहिए। लोगो ने दिवंगत आत्मा की शांती के लिए दो मिनट का मौन रखकर उनके लिए दुआ किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जमाल सिद्दीकी, राजुरहमान ,एकबाल खान, मो फिरोज, लाल मोहम्मद, मो रियाज,मो मुशताक,मो ईसलाम ,मो असलम, मो शहादत, मो नौशाद, मो हुसैन, मो युनूस,मो अरशद, इत्यादि के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।


### सुथरपुर में लगा स्वास्थ्य शिविर



फोटो नं. 08- शिविर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी और ग्रामीण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के सुथरपुर बाजार टांड में गुरूवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी ने किया। शिविर में 134 ग्रामीणो की फ्री में जांच और चिकित्सीय परामर्श दिया गया। साथ ही ग्रामीणो को जांच के साथ मुफ्त में दवा भी दिया गया। ग्रामीणो की जांच चेतना विकास एसबीआई फाउंडेशन के डॉ. स्वेता के द्ववारा किया गया। शिविर को सफल बनाने मे प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, मुखिया सोनामति, देवनारायण बेदिया, नरेश गंझू, जीतेन्द्र महतो, राजेन्द्र बेदिया, अनील, जीतेन्द्र बेदिया, सोमर करमाली, धनेश्वर सिंह आदि ने योगदान दिया।

### टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़ ।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष पमपम कुमार के नेतृत्व में रैली निकाली गई। प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ रामगढ़ के माध्यम से सरकार के मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के अवर सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया । ज्ञापन में संगठन दवाई शिक्षक संवर्ग के एमएसीपी को लागू करने , सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने, केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मचारियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता देने सहित 11 मांग शामिल है। प्रदेश उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप, प्रदेश संयुक्त सचिव लोकेश कुमार,जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो,जिला सचिव बुद्धदेव मुंडा, संरक्षक गुलाम साबरी, संतोष कुमार रवि, विजय राम, राम प्रसाद महतो, मिनहाज अंसारी, इंद्र कुमार रवि,कंचन जायसवाल, पवन कुमार, कालेश्वर कुमार महतो,विवेक ठाकुर आदि शामिल हुए ।

# गर्मी में कूल रहे, संयम नहीं खोए ट्रैफिक पुलिस : एसपी

## रामगढ़ एसपी ने जवानों को दिया टोपी, छाता, गमछा और गॉगल्स

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने गर्मी के इस मौसम में ट्रैफिक जवानों को कूल रखने के लिए बड़ा अनोखा तरीका निकाला है। उन्होंने ट्रैफिक जवानों को टोपी, छाता, गमछा और गॉगल्स उपलब्ध कराया, ताकि वे भरी दुपहरी में भी कूल रहे और संयम ना खोए। गुरुवार को कोर्ट मोड़ के पास एसपी अजय कुमार खुद पहुंचे और ट्रैफिक जवानों से मिले। उन्होंने कहा कि जिस तरह मौसम का पारा चढ़ रहा है, धूप में आम नागरिकों में भी झल्लाहट हो सकती है। क्योंकि पुलिस हेलमेट और वाहनों के जांच के नाम पर उन्हें रोकेगी। नागरिक चिल्ला सकते हैं और हंगामा भी मचा सकते हैं। लेकिन किसी भी जवान को नागरिकों के साथ बदसलूकी नहीं करनी है। जवान तभी संयमित रह पाएंगे, जब वह इस गर्मी में खुद को बचा पाएंगे। एसपी अजय कुमार ने ट्रैफिक जवानों को बताया कि आप संयम में रहकर कार्रवाई करें। अगर इस दौरान किसी भी व्यक्ति के द्वारा आपके साथ बदसलूकी की जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जरूर होगी। सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ित को अविलम्ब प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में पहुंचाये, आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें, बूढ़े, बुजुर्ग, बच्चों एवं असहाय व्यक्ति जिनको किसी भी प्रकार की समस्या हो उनकी हर संभव सहयोग करने का प्रयास करें। एसपी ने रामगढ़ की जनता से अपील कर कहा है कि वह हेलमेट और दस्तावेजों के साथ ही गाड़ी निकालें। वाहन चलाते समय हेलमेट, ड्राईविंग लाईसेंस, ऑनर बुक, सीट बेल्ट आदि यातायात नियमों का दृढ़तापूर्वक पालन करें । अभिभावक अपने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमती ना दें । सोशल मीडिया पर स्टंट वीडियो की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर युवाओं में बाईक से स्टंट करने का क्रेज काफी बढ़ता जा रहा है, जो सड़क दुर्घटना का कारण बन रहा है।

# मुआवजा भुगतान के लिए ग्राम सभा करें सीओ : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ में आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली और कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया।

वही, संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके जरिये किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के बाद जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेने के बाद मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामगढ़, ,एसडीओ, भूमि सुधार उप समाहर्ता, डीटीओ, कई परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### बरही अनुमंडल अस्पताल से युवक की बाइक चोरी

**बरही।** गुरुवार सुबह 10:30 बजे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में बेटी का इलाज कराने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित युवक नरेश रजक ग्राम धोबियाडीह ने बरही थाना में आवेदन देकर चोरी गई बाइक बरामद कराने की गुहार की है। नरेश रजक ने बताया कि उसकी बेटी की तबीयत खराब थी। उसका इलाज कराने के लिए वह अपने जीजा दिलीप कुमार रजक की काले रंग की बाइक हीरो पैसन नंबर जेएच 13ई 6663 को लेकर आए थे। बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर अंदर इलाज के लिए गए। एक घंटे बाद वह पानी की बोतल खरीदने बाहर आए तो देखा कि उनकी बाइक उक्त स्थान पर नहीं है। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। चोरों ने बाइक चोरी कर ली। बरही थाना को आवेदन देकर बाइक बरामद करने की गुहार की है।

# दारू के पिपचो में सड़क हादसा दो लोगों की मौत व सात घायल

**दारू।** एनएच-522 पर दारू थाना क्षेत्र के पिपचो में गुरूवार सुबह 4 बजे सड़क हादसे दो मजदूरों की मौत हो गई। हाईवे में सड़क किनारे खड़ी ट्रक (जेएच 02 एवी 5019) को पीछे से आ रही पिकअप वाहन (जेएच 02 एए 0690) ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से तीन की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। हादसे को लेकर जानकारी के मुताबिक पिपचो में सडक किनारे ब्रेकडाउन के कारण ट्रक खड़ी थी। इसी दौरान हजारीबाग की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की पिकअप वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर के बाद पिकअप वाहन में बैठे लोग वाहन में ही फंस गए और करीब एक घंटे तक वाहन मे फंसे लोगो की चीख पुकार से दहल गया। थाना प्रभारी शफीक खान, ग्रामीण व राहगीरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद जेसीबी लगाकर ट्रक को हटाया गया और उसमे बुरी तरह फंसे लोगों को निकाला गया। पिकअप वाहन में विष्णुगढ़ के गिधिनिया गांव के रहनेवाले कुल 9 लोग सवार थे। ये सभी ढलाई का काम करने वाले मजदूर थे। जो हजारीबाग कार्मेल चौक के पास ठेकेदार तापेश्वर कुमार के पास काम कर के घर लौट रहे थे। इस दुर्घटना में पिकअप वाहन में संगीता कुमारी, सुरजमुनी देवी, नरेश मरांडी, आरती कुमारी, बहामुनि देवी, चालक सहदेव मरांडी, दशमी देवी, मणि कुमारी और ललिता कुमारी सवार थे। दारू पुलिस, स्थानीय लोग और राहगीर कृष्णा साव, नंदन प्रजापति, पप्पू प्रजापति, संतोष प्रजापति, छोटी प्रजापति आदि लोगों के सहयोग से घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने मणि कुमारी और ललिता कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस दुर्घटना में शामिल तीन लोगों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सडक दुर्घटना होने के बाद घर मे सोये लोग चीख पुकार सुनकर बाहर निकले और घायलों की मदद किया। 108 एम्बुलेंस वाहन से सम्पर्क करने के बाद दारु, टाटीझरिया और बिष्णुगढ़ मे वाहन उपलब्ध नही रहने की जानकारी दी और हजारीबाग से एंबुलेंस को भेजा, घटनास्थल तक पहुँचने मे एक घंटा का वक़्त लग गया तबतक दो घायलों की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने कहा कि दारु या टाटीझरिया प्रखंड में एंबुलेंस उपलब्ध रहता तो घायलों को जल्द इलाज हो जाता।

### सौंदा डी में कांग्रेस की बैठक कमेटी पुनर्गठन को ले चर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी स्थित पार्टी कार्यालय में गुरूवार को संगठन सृजन वर्ष 2025 के अभियान के तहत प्रखंड संगठन के पुर्नगठन को ले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती सहित प्रखंड एवं मंडल कमेटी के पुनर्गठन को लेकर संगठन में काम करने वाले कार्यकताओं के नामो पर चर्चा की गई। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनील सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, डॉ केके शर्मा, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष बबीता सिंह, अमर यादव, बिरु सिंह, प्रकाश दास, सत्येंद्र पांडेय, संजीव सिंह, अनिल कुमार, मो. इकबाल हुसैन, फिरदोस आलम, मुमताज, रामवृक्ष तुरी, नीलम चौहान, काजल कुमारी, नीरज कुमार सहित दर्जनों कांग्रेसी शामिल थे।

# भुरकुंडा : श्री अग्रसेन स्कूल में मना पंचायती राज दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में क्लास 10 के विद्यार्थी शामिल हुए। रामगढ़ जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज राम ने पंचायती राज व्यवस्था के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतें भारतीय लोकतंत्र का आधार स्तंभ हैं, जिनकी मजबूती में ही भारत की समृद्धि निहित है।

पंचायत प्रतिनिधि मेहनत एवं समर्पण से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। सत्ता का विकेंद्रीकरण होने के बाद हमारे देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज सिस्टम काम करता है। जिसमें मुखिया अपने पंचायत, पंचायत समिति सदस्य प्रखंड और जिला परिषद सदस्य जिला स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं। इस व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक चुनाव के साथ बढ़ रही है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था स्कूली सिलेबस का भी हिस्सा है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और पंचायती राज व्यवस्था से गांव समृद्ध बन रहे हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सच्चा लोकतंत्र सिर्फ विधानसभा या संसद में ही नहीं,

**लोकतंत्र का आधार स्तंभ हैं पंचायतें : मनोज राम**

बल्कि गांव की चौपाल में भी बसता है। भारत विशाल देश है। यहां प्रत्येक राज्य की जनसंख्या, क्षेत्रफल, भौगोलिक परिस्थिति अलग-अलग है। ऐसे में शीर्ष प्रशासन ग्रामीण इलाके की समस्या से अवगत नहीं हो पाता है। पंचायती राज व्यवस्था से बनी गांव की सरकार इसका निदान करती है। इससे पूर्व शिक्षिका साधना सिन्हा ने बच्चों को पंचायती राज व्यवस्था बनाने के पीछे की वजह, समय-समय पर इसमें हुए संशोधन, इस व्यस्था के लाभ की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री राम को निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

## एक नजर में

### बरही प्रखंड में मना पंचायती राज दिवस



बरही। बरही प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। बीडीओ जयपाल महतो समेत प्रखंड के सभी महिला व पुरुष पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान बीडीओ ने प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा समेत विशेष रूप से महिला जनप्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करने के लिए शॉल देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने बैठक को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों को पंचायती राज व्यवस्था लागू करने का मूल उद्देश्य बताया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन के लिए संविधान द्वारा अनिवार्य संस्थाएं पंचायतों और ग्राम सभाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिवस का उद्देश्य पंचायतों और ग्राम सभाओं की भूमिका, जिम्मेदारियों, उपलब्धियों, चिंताओं और संकल्पों को उजागर करना और उन्हें ग्रामीण विकास की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करना है।

### सबकी सहभागिता से होगा विकास : नीलम देवी



बरही। बसरिया पंचायत में पंचायती राज दिवस के अवसर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने की। सबसे पहले सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार प्रभात फेरी निकाली गई और ग्रामीणों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें शपथ दिलाई गई। पंचायत में विकास को लेकर ग्रामीणों के बीच कई बिंदुओं पर चर्चा हुआ साथ ही ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुखिया नीलम देवी ने कहा कि सबकी सहभागिता से ही पंचायत में विकास संभव है, अपने क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। मौके पर पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश, ग्रामीण रोजगार सेवक कोलेश्वर प्रजापति, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, वार्ड सदस्य नजमा खातून, देवंती देवी, पूनम देवी, पंचायत सहायक सिकंदर कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, नागेश्वर रजक, खुशबू देवी, वीरेंद्र यादव, जीतेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, सुनीता देवी अर्जुन यादव, विजय कुमार राणा, मनोज यादव, संजय यादव, बसंती देवी, फुलवा देवी, विद्या देवी, सरिता देवी, शकुंतला देवी, मीना देवी, उषा कुमारी, कलीम अंसारी, विष्णु यादव, लालधारी यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### दारू के सभी पंचायतों में मना पंचायती दिवस



दारू । सभी प्रखंडो मे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया. जिसके तहत दारू प्रखंड के सभी पंचायत भवनो मे मुखिया की अध्यक्षता मे मनाया गया। दारू पंचायत भवन मे मुखिया सुनील कुमार की अध्यक्षता मे विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया तथा पंचायत के विभिन्न योजनाओं और कार्यो पर परिचर्चा की गयी था. ग्राम सभा मे उपस्थित पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्यों और उपस्थित ग्रामीणों ने पंचायत की स्वच्छता की शपथ लिया की अपने घरो के सूखे या गीले कचड़े को सड़क पर नहीं फेकेंगे उसके लिए अलग अलग डस्टबिन है जिसमे रखेंगे. वन टाइम यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे. उपस्थित सभी लोगो ने पंचायत भवन के परिसर की सफाई की. वही जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी की अध्यक्षता मे राजकीय मध्य विधालय महेसरा से बच्चों के संग प्रभात फेरी निकाली गयी तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया. जिसमे पंचायत के सभी वार्ड सदस्य बबिता देवी, सुरेश साव, संजू देवी, सुधीर सिंह, संदीप कुमार, निरु देवी, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### बनते ही जगह जगह उखड़ने लगी पीसीसी सड़क

**कटकमसांडी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के हत एक साल पूर्व से कटकमसांडी से ढौठवा गांव तक बन रही पीसीसी व कालीकरण सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है। सड़क निर्माण के गुणवत्ता का आलम यह है कि एक ओर सड़क बन रही है तो दूसरी ओर जगह जगह उखड़ना शुरू हो गई है। संवेदक अरविंद कुमार सिंह द्वारा इस पथ के अलावा ब्लॉक मोड़ से लखनु गांव होते हुए कटकमसांडी हजारीबाग मुख्य पथ तक सड़क व पुलिए का निर्माण कराया जा रहा है। कच्छप गति से हो रहे गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणो मे संवेदक व विभाग के प्रति घोर नाराजगी देखी जा रही है। इस बाबत ढौठवा पंचायत के मुखिया जयप्रकाश केसरी, कटकमसांडी पंचायत के मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय व शाहपुर पंचायत के मुखिया सुनीता देवी ने संवेदक व सम्बन्धित विभाग के विरुद्ध न सिर्फ डीसी, बल्कि सूबे के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मुखिया जयप्रकाश केसरी ने बताया कि छह इंच पीसीसी ढलाई की जगह संवेदक अरविंद कुमार सिंह व जेई सुभाष कुमार तीन इंच की पीसीसी ढलाई करवा दी है। विरोध करने पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में फंसाने की धमकी दी जाती है। पूर्व मे बने सड़क के पिच को बगैर हटाए सड़क पर कालीकरण कराया जा रहा है। पुलिए में अवैध उत्खनित पत्थरों व बालू का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। इधर ब्लाक मोड़ से लखनु होते हुए छल्टा मोड़ तक हो रहे सड़क, गार्डवाल व पुलिया निर्माण का कार्य कच्छप गति से होने से आमजनो की परेशानियां बढ़ गई है। एक माह पूर्व पुलाए के लिए खोदे गए गड्ढे जस के तस की स्थिति मे है। गार्डवाल के लिए खोदे गए गड्ढे से सड़क तक धंस गई है, जिससे लोगों को आने जाने मे काफघ फजीहतें उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर न संवेदक दिखते हैं औश्र न ही जेई। इस बाबत जेई सुभाष कुमार से पूछने पर बताया जाता है कि सड़क का टूटना फटना लगा रहता है। बाद मे मरम्मत करा दी जाएगी। यह भी बताया कि हर वक्त योजना स्थल पर जाना जरूरी नही है। दिक्कत है तो मेरी शिकायत आलाधिकारियों से बेझिझक करें। हमे कोई फर्क नही पड़ता।

## कोडरमा स्वास्थ्य विभाग में लूट जारी : असीम सरकार

**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए मनमौजी तरीकों से खर्च करना कोडरमा के लिए आम बात हो गयी है। वहीं असीम सरकार ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एचएससी, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर को राशि का आवंटन के लिए सीएस द्वारा सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को राशि उपलब्ध कराना था। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उस राशि को निकासी कर पीएचसी, एचएससी, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के खाते में जमा करेंगे। संबंधित संस्थान जनहित में अपनी जरूरत के आधार पर राशि का उपयोग करते हुए उसका डीसी प्रपत्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के मातहत महालेखाकार रांची को भेजना था, मगर यह जानकारी मिली कि इस प्रक्रिया को ठेंगा दिखाते हुए संबंधित लिपिक और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा अपने मनोनुकूल खरीदी की गई। राशि भी संबंधित संस्थानों के खाता में नहीं जमा की गई। यह विभाग के आदेश का उल्लंघन ही नहीं घोर वितीय अनियमितता भी है। इसके लिए असीम सरकार ने विभागीय सचिव सहित महालेखाकार रांची को भी पत्र लिखा हैं। श्री सरकार ने कहा कि इस लूट की सही तरीके से जांच नहीं हुई तो अखिल भारतीय किसान सभा, भारत की जनवादी नौजवान सभा आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिये कई निर्देश, कहा

# आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना अस्पताल में प्राथमिकता होनी चाहिए

- **जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थी को समय पर राशि का भुगतान करें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थी को समय पर राशि का भुगतान करें और जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों की सूची हेल्थ सेंटर पर प्रदर्शित करें। सभी लाभार्थियों का अच्छे से रजिस्टर का संधारण करें। ममता वाहन सेवाएं शुरू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्र स्तर पर फूड पैकेट का वितरण करें। स्वास्थ्य उप केंद्र स्तर पर गर्भवती महिलाओं का डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध करायें। जिला अस्पताल गर्भवती महिलाओं का खाने से संबंधित मॉनिटरिंग करें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही इस योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी बनाने, सभी आउटसोर्सिंग एएनएम को टीकाकरण, डिलीवरी समेत सभी प्रकार का आवश्यक प्रशिक्षण देने, परिवार नियोजन को लेकर सर्वे करने, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर परिवार नियोजन को लेकर काउंसिल कॉर्नर की स्थापना करने, सभी सीएचओ के साथ बैठक करने, सभी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने, आयुष्मान योजना अंतर्गत किये जा रहे सभी कार्यों की जानकारी लेते हुए उनके क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**नवनियुक्त चिकित्सकों को दिया गया नियुक्ति पत्र**

उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार द्वारा आयुष्मान योजना अंतर्गत नवनियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

**टीबी मुक्त पंचायत के लिए माइक्रो प्लान तैयार करें :** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम झारखंड अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं टीबी मुक्त पंचायत अंतर्गत टीबी मरीजों को फूड पैकेट का वितरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने, टीबी मुक्त पंचायत के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र में एनसीडी स्क्रीनिंग और आयुष्मान आरोग्य मंदिर कराने का निर्देश दिया।

बैठक में डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीएलओ डॉ. रमण कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे।

**खबर एक नजर में**

## पंचायत भवन में पीएम मोदी का लाइव टेलीकास्ट, पंचायती राज दिवस पर दिखा उत्साह



**कुंदा (चतरा)।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कुंदा प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। यह कार्यक्रम बिहार के मधुबनी जिले से प्रसारित हो रहा था, जिसे ग्रामीणों ने टेलीविजन के माध्यम से देखा और सुना। लाइव टेलीकास्ट नवादा, सिकिदगा, कुंदा, मरगड़ा और बोधाडीह पंचायत भवनों में दिखाया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक संबोधन को सुनते हुए लोगों ने पंचायती राज व्यवस्था की सशक्तिकरण भावना को महसूस किया और इस व्यवस्था की महत्ता को समझा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार सिन्हा, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, प्रज्ञा केंद्र संचालक विनय कुमार, अनुज कुमार, संतोष कुमार यादव, जयराम भारती और प्रमोद रजक समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## गिद्धौर में शिक्षकों की टीएनए परीक्षा शुरू, व्यवस्था देख भड़के डीईओ

**गिद्धौर।** प्रखंड स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में गुरुवार से शिक्षकों की टीएनए परीक्षा की शुरुआत हुई। इस ऑनलाइन परीक्षा में शिक्षक तीन घंटे तक भाग लेते नजर आए। परीक्षा के लिए पूरे प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को शामिल किया गया है, और पीएम श्री मध्य विद्यालय को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी प्रसाद ने केंद्र का निरीक्षण किया और परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में वाई-फाई और प्रोजेक्टर की उचित व्यवस्था नहीं मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की और संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए। मौके पर सीआरपी नवनीत सिन्हा, प्रेमचंद साव, एकाउंटेंट मोहन साव, ऑपरेटर प्रतिमा कुमारी, सिद्धेश्वर पांडेय, अशोक दांगी, सत्यदेव उपाध्याय समेत अन्य मौजूद थे।

## कुंदा मुखिया ने छह स्थानों पर लगाया मटका पेयजल



**कुंदा (चतरा)।** प्रचंड गर्मी के बीच कुंदा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष मनोज कुमार साहु ने एक बार फिर मानवता और सेवा का मिसाल पेश किया है। गुरुवार को उन्होंने अपने निजी खर्च पर पंचायत क्षेत्र के छह अलग-अलग स्थानों पर मटका शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई, जिससे राहगीरों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को पीने के पानी में सहूलियत मिल रही है। पेयजल की यह व्यवस्था कुंदा बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, अस्पताल सह बैंक चौक, बेल चौक और नीचे टोला चौक समेत कुल छह स्थानों पर की गई है। उद्घाटन के मौके पर मुखिया ने स्वयं राहगीरों को पानी पिलाकर सेवा का शुभारंभ किया। लोगों ने मुखिया के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि उनका कार्य सदैव गरीब और आमजन के हित में रहता है। मुखिया साहु ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी राहगीरों के लिए सबसे बड़ी जरूरत होती है, इसलिए वे पिछले पांच वर्षों से लगातार यह सेवा कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित



**चतरा (कान्हाचट्टी)।** राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर पंचायत सचिवालय में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव सतीश कुमार, रोजगार सेवक संतोष कुमार यादव, पीएसएस विनय कुमार, वीएलई राहुल कुमार, जल सहिया दीदी, स्वास्थ्य सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, कृषक मित्र समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शपथ के दौरान ग्रामीणों से ग्राम सभा को सशक्त और क्रियाशील बनाने, प्लास्टिक एवं थर्मोकोल उत्पादों का प्रयोग नहीं करने, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा जल संचयन को अपनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर राष्ट्र को संबोधन का लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया गया, जिसे ग्रामीणों ने बड़े ध्यान से देखा और सुना। कार्यक्रम के अंत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई और शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु 10 मिनट का मौन रखा गया।

## आम्रपाली परियोजना के आठ अधिकारियों का पदोन्नति के साथ स्थानांतरण, जीएम ने किया सम्मानित



**टंडवा।** आम्रपाली परियोजना में कार्यरत आठ अधिकारियों का पदोन्नति के साथ स्थानांतरण किया गया है। इस अवसर पर परियोजना के जीएम अमरेश कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्थानांतरित होने वाले अधिकारियों में पवन गुप्ता, सुशील कुमार, दिगंबर यादव, प्रमोद कुमार काड़डिया, रथिस कुमार, अशोक मंडल एवं के.पी. सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि इन अधिकारियों ने परियोजना में अपने कार्यकाल के दौरान उल्लेखनीय योगदान दिया है। स्थानांतरण के साथ इनकी जिम्मेदारियां बढ़ी हैं, और उन्हें विश्वास है कि ये अधिकारी अपनी नई जगहों पर भी उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे। समारोह में परियोजना के अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे और सभी ने स्थानांतरित अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## स्वच्छता को लेकर छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के चकला पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कनोदी में गुरुवार को स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता रैली सह प्रभातफेरी निकाली गई। रैली मध्य विद्यालय से पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस उसी विद्यालय पर पहुंची। इसमें छात्र-छात्राओं ने आओ एक कदम बढ़ाएं भारत को स्वच्छ बनाएं, स्वच्छता का करें पालन स्वच्छ हो हर घर आंगन, जन जन ने यह ठाना है गंदगी दूर भगाना है,लोटा बोतल बंद करो शौचालय का प्रबंध करो, शौचालय का करो प्रयोग, गांव में न हो कोई रोग, अब सब को जगाना है घर में शौचालय बनाना है, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। प्रधानाध्यापक ने आम जनता को स्वच्छता के महत्व का संदेश देते हुए लोंगों से अपील की कि वे केंद्र सरकार की योजना एक कदम स्वच्छता की ओर को ध्यान में रखते हुए अपने आसपास के क्षेत्र को खुले में शौचमुक्त कर अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाएं जिससे विभिन्न प्रकार के रोगों से उन्हें मुक्ति मिल सके। वहीं सहायक शिक्षक संकेत कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ समाज से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। इसके लिए लोगों को खुले में शौचमुक्त अभियान का शत प्रतिशत पालन करना होगा। इस दौरान प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, सहायक शिक्षक रंजीत कुमार, संजय कुमार साहू सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर में पेयजल एवं ओआरएस पाउडर वितरित



**हंटरगंज/चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वावधान में गुरुवार शाम 4 बजे स्वास्थ्य शिविर सह पेयजल एवं ओआरएस पाउडर वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वेद प्रकाश और कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। इस दौरान श्रमिक मजदूरों के बीच पेयजल और ओआरएस पाउडर और घोल का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वेद प्रकाश के द्वारा मजदूरों को लू और डिहाइड्रेशन से बचने की जानकारी दी गई। वहीं विभिन्न बीमारियों के लक्षण और उसके बचाव के बारे में भी बताया गया। सभी श्रमिक मजदूरों के बीच ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया।

## एसडीओ ने एफसीआई गोदाम का किया औचक निरीक्षण

- **डाकिया योजना का खाद्यान्न आदिम जनजाति परिवारों को अविलंब वितरण करने का निर्देश**



**सिमरिया।** अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज और प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से गुरुवार को भारतीय खाद्य निगम गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम की मौजूदा स्थिति, स्टॉक की मात्रा और भंडारण की जांच की गई। निरीक्षण में यह पाया गया कि 60 विद्यालयों का मध्याह्न भोजन का चावल पिछले तीन माह से उठाव नहीं किया गया है और उन सभी विद्यालय का चावल प्रखंड गोदाम के पास स्टॉक में पड़ा हुआ है जो रख-रखाव नहीं रहने के कारण खराब होने की संभावना है। पुराना गोदाम में साफ-सफाई एवं जर्जर अवस्था में सुधार को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। डाकिया योजना के तहत आदिम जनजाति परिवारों को दी जाने वाली खाद्यान्न को अविलंब वितरित करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को अपनी उपस्थिति में आदिम जनजाति परिवारों को दिये जाने वाले खाद्यान्न का वितरण कराने को कहा है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में पाई गई त्रुटियों को सुधार करने का निर्देश प्रभारी एजीम एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया।

## बीज विक्रेताओं के बीच पॉश मशीन का वितरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** जिला कृषि कार्यालय आत्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम जिला में उर्वरक बिक्री के लिए पॉश मशीन (एल-1 स्कैनर युक्त) का वितरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इफको द्वारा 59 पॉस मशीन का वितरण उर्वरक विक्रेताओं के बीच किया गया। वहीं मशीन चलाने का प्रशिक्षण गौतम साहु द्वारा दिया गया। वहीं खाद विक्रेताओं को बताया गया कि इसके दुरुपयोग से परेशानी हो सकती है, मशीन ब्लौक हो जाएगी। बिना मशीन के खाद की बिक्री नहीं हो पायेगी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर बर्णवाल, इफको प्रतिनिधि रांची रजनीश कुमार आदि मौजूद थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 के कक्षा प्रथम से पंचम तक के शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें निदेशिका एवं प्राचार्य के द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर की गयी। वहीं निदेशिका ने छोटे बच्चों की प्रतिभा, जिज्ञासा और सीखने की लगन की सराहना की। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने छात्रों की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उम्र सीखने की नींव रखने की होती है, और इन बच्चों ने अपनी मेहनत से यह सिद्ध कर दिया है। इस कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से पंचम के छात्रों को बेस्ट परफॉर्मर, टॉप स्कोरर एवं बेस्ट अटेंडेंस के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रू-आर 2025 को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर रू-आर 2025 कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीडीओ हुलास महतो के अलावे प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। वहीं बीडीओ ने कहा कि स्कूल रू-आर कार्यक्रम का उद्देश्य 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराना और उनका ठहराव कराना है। बच्चों का नामांकन विद्यालय में कर दिया जाता है, परंतु उनकी नियमित उपस्थिति नहीं हो पाती है। जिसके कारण शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता है। स्कूल रू-आर कार्यक्रम में शिक्षकों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों को भी जोड़ा गया है, ताकि बच्चों का ठहराव विद्यालय में सुनिश्चित हो सके। बच्चे विद्यालय में नामांकन एवं विद्यालय जाने से वंचित ना रहें। इसके लिए हम सब को अपने आस-पास ऐसे आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है, तभी यह कार्यक्रम सफल होगा। मौके पर सीआरपी शहवाज शाहीन, शशि कुमार यादव, मनोज ठाकुर, अरुण यादव, मिथिलेश कुमार, सुदामा पंडित, अर्जुन महतो, अशोक कुमार, साकिब महमूद, धर्मेंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवती की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी गिरी होटल के समीप गुरुवार सुबह करीब सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से फॉरेस्ट कॉलोनी मेघातरी निवासी 18 वर्षीय काजल कुमारी, पति सूरज की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका जंगल में लकड़ी लाने के लिए निकली थी, इसी दौरान सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल युवती को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## बिजली बिल वसूली शिविर में 90 हजार रुपये की वसूली

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के मेन चौक पर गुरुवार को बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल वसूली शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार ने किया। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से उपभोक्ता पहुंचे और अपने बिजली बिल का भुगतान किया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से लगभग 90 हजार रुपये की राशि का बिल वसूला गया। शिविर में विकास कुमार, संतोष कुमार, महावीर दांगी समेत विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने झारखंड के मंत्री के बयान पर जताया आक्रोश

- **कोडरमा में रैली निकाल की बर्खास्तगी की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजूल हसन के विवादित बयान हम संविधान से पहले शरीयत को मानते हैं को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने इस बयान को निंदनीय, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा और समाज को बांटने वाला बताया है। इसी के विरोध में गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी के नेतृत्व में एक आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली कोडरमा के बजरंगबली चौक से प्रारंभ होकर समाहरणालय परिसर तक पहुंची। रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार इस्तीफा दो, हफिजूल हसन हाय-हाय जैसे नारे लगाए। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जो मंत्री के बयान के विरोध में सड़कों पर उतरे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हफिजूल हसन का यह बयान संविधान का अपमान है और उन्हें अपने पद की शपथ भी याद नहीं है। उन्होंने मांग की कि मंत्री को अविलंब बर्खास्त किया जाए और साथ ही झारखंड सरकार को भी भंग किया जाए, क्योंकि ऐसे मंत्री के रहते लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरा है। वहीं उन्होंने महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी उपायुक्त के माध्यम से सौंपा, जिसमें मंत्री की तत्काल बर्खास्तगी की मांग की गई। आक्रोश रैली में बीरेन्द्र सिंह, नीतीश चंद्रवंशी, शिवेंद्र सिन्हा, विजय यादव, जूही दास गुप्ता, देवनारायण मोदी, गोपाल कुमार गुतुल, मनोज कुमार झुन्नू, अरशद खान, प्रभाकर लाल रावत, दिनेश सिंह, सुधीर सेठ, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र सिंह, विजय राणा, सुनील पण्डित, चंद्रशेखर जोशी, नरेंद्र पाल, विनय शांडिल, राजकुमार यादव, बैजनाथ यादव, उत्तम कुमार, दीपनारायण सिंह, संजय पासवान, राजेश कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, बिनोद सिन्हा, विजय राम, राजेश सिन्हा, अंकित गुप्ता, अशोक मेहता, निरंजन प्रसाद, मुकेश यादव, प्रमिला देवी, नंद किशोर सोनी, बीरेंद्र मोदी, आनंद मोदी, महेश रजक, राजेंद्र सिंह, नवीन चौधरी, अंकित गुप्ता, सीताराम चंद्रवंशी, विजय कुमार पंडित, रामलखन यादव, महेंद्र कुमार राणा, मुन्ना कुमार बर्णवाल, विक्रम सिंह, सुजीत कुमार सिन्हा, बीरेंद्र कुमार, मनोज चौधरी, राजेश कुमार सिंह प्रदीप यादव, सुनील यादव, गणेश यादव, विनोद साव, गीता देवी, शांति देवी, ममता देवी, मुनवा देवी, गीता देवी, गायत्री देवी, प्रमिला देवी, निर्मला देवी, फुलवा देवी, कासी पण्डित, हीरामन मिस्त्री आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं डीडीसी ऋतुराज, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, एसी पूनम कुजूर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बिहार राज्य के मधुबनी जिला में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से उनका संबोधन सुना गया। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा देश के विकास के लिए गांव के विकास को आगे बढ़ाना है। जिले में पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत व गांवों के विकास के लिए कार्य किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें पंचायत के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जायेगा साथ ही पंचायतों में सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा दिया जायेगा। पंचायती राज को डिजिटलीकरण किया जा रहा है। डिजिटल पंचायत के माध्यम से पंचायतें डिजिटल तकनीक का उपयोग कर अपने कार्यों को अधिक कुशलता से कर सकती हैं।

**गांव, पंचायत को स्वच्छ रखने का लिया गया संकल्प :** डीडीसी ऋतुराज द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। लोगों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए समय देने, समय समय पर श्रमदान कर स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने, न गंदगी करेंगे, ना ही किसी को गंदगी करने देने का संकल्प लिया।

मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, एसी पूनम कुजुर, डीटीओ विजय सोनी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला सांख्यिकी अधिकारी कृष्णमूर्ति, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद बर्णवाल समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनाया गया पंचायत दिवस

**गिद्धौर।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायत दिवस मुखिया के नेतृत्व में मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय पंचायती राज के तहत ग्रामीण विकास तथा जन भागीदारी को सुनिश्चित करने संबंधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को सीधा लाइव प्रसारण में सुना। जिसमें पंचायती राज दिवस के मौके पर महत्वपूर्ण विषय तथा इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाले गये। इस मौके पर गिद्धौर, पहरा, बारियातु, बारिसाखी, द्वारी व मंझागवां पंचायत भवनों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया। मौके पर मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, सरिता देवी, बेबी देवी, सुमीरा कुमारी, डेगन गंझु, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल कुमार सिंह, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा, निर्मल दांगी, प्रदीप कुमार, पार्वती देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पथ निर्माण विभाग के जेई व कैशियर पर संवेदक ने लगाया कमीशन मांगने का आरोप

**कोडरमा।** जिले के संवेदक सुनील कुमार सिन्हा ने उपायुक्त को आवेदन देकर पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार एवं कैशियर प्रमोद कुमार के द्वारा अनियमितता बरतने तथा योजनाओं में हिस्सेदारी मांगने का आरोप लगाया है। इस संबंध में संवेदक ने कहा है कि कैशियर प्रमोद कुमार पिछले कई वर्षों से उक्त विभाग में एक ही जगह पर जमे हुए हैं। इनके द्वारा विभाग से निकाली जा रही या निकाली गई पथ निर्माण या मरम्मती की योजनाओं में संवेदक से हिस्सेदारी की मांग की जाती है। स्थिति यह है कि अगर कोई संवेदक यह पूछता भी है कि आपको हिस्सेदारी क्यों चाहिए, आप तो विभागीय कर्मी हैं, तो उनके द्वारा विभिन्न तरीके से संवेदक को परेशान भी किया जाता है। इसका उदाहरण मैं स्वयं हूं। मेरा कार्य मां काली तारा इंटरप्राइजेज प्रा.लि. के नाम से किया जाता है। एक योजना पूरा हो जाने पर और राशि का चेक प्राप्त होने के बाद जितेंद्र कुमार और कैशियर प्रमोद कुमार दोनों 23 अप्रैल 2025 को दिन में लगभग 230 बजे समाहरणालय परिसर पहुंचे, तब से लगभग 4 बजे तक दोनों यहीं रहे। उनके द्वारा मुझसे किए गए काम के लाभांश में हिस्सेदारी मांगी गई। मेरे द्वारा मना करने पर उन्होंने न केवल गाली गलौज करना शुरू किया, बल्कि हाथापाई करते हुए बुरा अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। इस मामले की जांच मोबाइल लोकेशन के जरिये भी की जा सकती है। वहीं उन्होंने उपायुक्त से गुजारिश किया है कि दोनों कर्मी के विरुद्ध इस तरह के मामलों की जांच करते हुए कार्रवाई की जाए। वहीं आवेदक ने कहा कि जेई जितेंद्र कुमार और कैशियर प्रमोद कुमार द्वारा आय से अधिक अर्जित संपत्ति की भी जांच कराई जाए।

# उद्यम रजिस्ट्रेशन सह उधमिता जागरूकता शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** जिला उद्योग केंद्र द्वारा गुरुवार को जिला ग्राम स्वरोजगार संस्थान में उद्यम पंजीकरण सह उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के ईओडीबी मैनेजर राजीव कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार, निदेशक आर शेट्टी मनोहर लाल निराला एवं डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन मौजूद थे। साथ-साथ जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए वर्तमान एवं भावी उद्यमी काफी संख्या में उपस्थित रहे। मौके पर जिला के ईओडीबी प्रबंधक राजीव कुमार सिंह द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली पहल पर चर्चा की। वहीं उन्होंने बताया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन, पीएमईजीपी, पीएम एफएमई जैसी योजनाएं छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत फॉर्म भरने में भी उद्यमियों को सहयोग दिया जाएगा। वहीं अग्रणी जिला प्रबंधक ने लोगों को छोटे-छोटे उद्योगों से जुड़कर रोजगार करने की अपील की एवं बैंक से संबंधित सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि लोग घर पर ही रहकर स्वरोजगार कर सकते हैं। वहीं आरसेटी निदेशक ने उद्योग से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में बताया और डीपीएम ने समूह में रहकर किस प्रकार अलग-अलग योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है, इस पर चर्चा की। उद्यमियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, वित्तीय सहायता और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम में स्थानीय लोगों से कहा गया कि उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। जिससे वे अपने व्यवसाय को औपचारिक रूप से पंजीकृत कर सरकारी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वहीं ईओडीबी प्रबंधक ने सभी इच्छुक उद्यमियों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने व्यवसाय को सशक्त बनाएं। इस कार्यक्रम में ऑन-द-स्पॉट उद्यम रजिस्ट्रेशन निःशुल्क किया गया और काफी लोगों से उद्यम रजिस्ट्रेशन के लिए दस्तावेज लिए गए।

## स्पीड न्यूज

### केंद्र सरकार के घोर लापरवाही का परिणाम है पहलगाम हमला : विजय



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बिशुनपुर प्रखंड स्थित बाजारटांड़ में पार्टी नेता प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक शुरू करने के पूर्व पहलगाम के बैसरन घाटी में मारे गए 26 नागरिकों को 1 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने पीड़ादायक घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की घोर लापरवाही का परिणाम है। पहलगाम की दुखद घटना, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं को लेकर तथा सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, पल्स, इत्यादि दर्जनों दर्जन ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के मेहनत के जमा पैसे जल्द भुगतान की मांग को लेकर 30 अप्रैल को बिशुनपुर में आयोजित जुलूस प्रदर्शन एवं 9 जून को रांची में आयोजित राजभवन मार्च की तैयारी लोगों से करने की अपील की है। बैठक में 30 अप्रैल को बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय में जनहित की मांगों को लेकर आयोजित जुलूस प्रदर्शन तथा वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर 9 जून को रांची में आयोजित राजभवन मार्च की तैयारी गांव-गांव में करने, प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान की मांग को लेकर दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के द्वारा चलाई जा रही अभियान में जुड़ने, संगठन को विस्तार देते हुए मजबूत बनाने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, रामप्रसाद नायक, रामलाल असुर, सुकरा मुंडा, प्रदीप मुंडा, आनंद बिरिजया, अनीता देवी, सुमति देवी, भीसारिया देवी, कमला देवी, सुषमा उरांव, शोभा देवी के अलावे काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की योग सदस्यों ने की निंदा




**गुमला।** योग परिवार गुमला ने गुरुवार को बिरसा मुण्डा एग्रो पार्क स्थित आनन्दमयी भवन मे सुबह सात बजे पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले पर शोक व्यक्त करते हुए घटना की कडी शब्दों में निन्दा की। इस घटना में 26 लोगो की जान गई और कई अभी घायल भी हुए है। अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि हमले ने दिल दहला दिया है। हम योग परिवार भगवान से प्रार्थना करते है कि उनके परिवार को शान्ति और सहन शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर योग परिवार के अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल, सचिव सजय साहु, सहसचिव विशाल कुमार उर्फ बिट्टु, योगेन्द्र प्रसाद साहु, शिव कुमार लाल, बैजनाथ प्रसाद, सजंय सिंह रणधीर वर्मा, सुरेश सोहदा, जयकान्त राय लाल बाबु, इन्जीनियर शम्मी, किरण जायसवाल, पम्मी सिंह, राज लक्ष्मी आनन्द आदि उपस्थित होकर आयोजित शोक सभा में शामिल हुए।

### घाघरा में रक्तदान शिविर का आयोजन 23 यूनिट किया गया रक्त संग्राह




**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक कार्यालय परिसर में उपायुक्त के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सरकारी कर्मी, छात्र व ग्रामीणों द्वारा 23 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि डीसी गुमला के निर्देश पर रक्तदान शिविर का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया है। जिसमें रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है। रक्तदान महादान है। सभी लोग रक्तदान में अपनी सहभागिता निभाएं। आपका एक यूनिट रक्तदान करने से किसी की जान बच सकती है। किसी के परिवार की खुशी लौट सकती है। हम सभी को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। ताकि किसी भी व्यक्ति का जान ब्लड के कारण ना हो। वहीं लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी कोई शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीएम ज्ञानरंजन, आलोक कुमार, रक्तदान करने वालों में जसवंत महतो, जितेंद्र महतो, अखिलेश कुमार, अवधेश शिखर, शेख अनवर, आरिफ, बबलू, उतम व कई नाम शामिल है।

### गुमला के चैनपुर प्रखंड में दो दिवसीय परमवीर अल्बर्ट एक्का कृषि मेला-सह कार्यशाला का मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया विधिवत शुभारंभ, कहा

# सुगम कृषि कार्ड के लिए किसान सीखे तकनीक, करें यंत्रों का उपयोग



कार्यक्रम का उद्घाटन करती कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ।



लोगों को योजना का लाभ देती कृषि मंत्री।



कृषि मेला में लगे स्टाल का निरीक्षण करती मंत्री।



कृषि मेला कार्यशाला में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में दो दिवसीय परमवीर अल्बर्ट एक्का कृषि मेला-सह कार्यशाला का विधिवत उदघाटन कृषि एवं पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इस कार्यक्रम से पूर्व मंत्री ने चैनपुर स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहली बार है, जब कृषि मेला के साथ साथ ही कृषि कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। इस मेले एवं कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई एवं उन्नत तकनीक एवं कृषि यंत्रों की जानकारी देना। साथ ही साथ कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की पूर्ण जानकारी किसानों को यहां एक जगह प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं की सही जानकारी के अभाव में किसान योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते या फिर बिचौलिए के चक्कर में उलझ कर रह जाते और अंततः उन्हें योजना का लाभ मिल ही नहीं पाता। मंत्री ने कहा कि गुमला के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार का मेला होना एक अच्छी पहल है। किसान कृषि की नई तकनीक सीखें एवं कृषि यंत्रों के का उपयोग करें। विभाग द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्र दिए जाते हैं। इस क्षेत्र के लोग रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन करते है। इस स्थिति में कृषि को और बढ़ावा देना आवश्यक है। जिससे कि युवाओं का रुझान खेती बाड़ी की ओर बढ़े और इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में कृषि कार्य में लोग शामिल हो सके। कृषि मेला में अलग-अलग विभाग के द्वारा 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए है। ग्रामीण इलाकों से किसान अपने सब्जी, फल, फसल के साथ इस मेला में आएं हैं।

इस अवसर पर परमवीर अल्बर्ट एक्का के सुपुत्र व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### सही जानकारी से परिणाम बेहतर मिलेंगे : कृषि सचिव

कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि किसानों को कई दफा कृषि कार्य की सही जानकारी नहीं होती। इस कारण उन्हें कई बार नुकसान का सामना करना पड़ता। इसलिए खेती बाड़ी के लिए सही जानकारी होना बहुत जरूरी है। फसल लगाने की सही समय, सही बीज, बेहतर कृषि यंत्र इत्यादि इन सब की सही जानकारी किसानों को होना आवश्यक है। इस मेले के माध्यम से किसानों की यह जरूरत पुर्ण होगी।

#### किसानों ने अपने विचार साझा किये

चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में अनुमंडल स्तरीय दो दिवसीय एलबर्ट एक्का कृषि मेला सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस मेले में किसानों को कृषि, मत्स्य,बागवानी एवं डेयरी से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही सफल किसानों द्वारा अपने-अपने विचार साझा किया गया।

#### मेले का उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण किसान लाभान्वित हो : डीसी

इस कार्यक्रम के दौरान डीसी गुमला कर्ण सत्यार्थी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला मुख्यालय में इस तरह के आयोजन होने से गुमला जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण इन अवसरों से वंचित हो जाते थे। लेकिन इस बार चैनपुर एवं आसपास के प्रखंड के किसानों को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस मेले में सभी विभागों से लगभग 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। जिसमें किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी साथ ही साथ कृषि यंत्रों के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

## पाकिस्तानी आतंकवादियो को हुक्का पानी और पनाह देना बंद करो : भाजपा

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान साइडिंगबस स्टैंड से पावर गंज चौक तक मसाल जुलूस निकाली गई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। मौके पर मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने मंगलवार को पहलगाम आए पर्यटकों को धर्म पूछकर बेहद करीबी से गोलियां मारी गई। फरार हुए आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बल ने भी बड़ा अभियान छेड़ दिया है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने देश को चुनौती दी है और ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा तथा इसके लिए पूरा देश की जनता एकजुट है। भाजपा नेता संजय बर्म्मन ने कहा कि देश के नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। पवन तिग्गा ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि इस आतंकी संगठन को जल्द से जल्द हमला करके निस्ता नाबूत कर दें ताकि ऐसा कायराना हमला दोबारा विश्व में कहीं ना हो। नगर संयोजक सत्यम कुमार ने भी अपनी बात रखी। मौके पर दिलीप पटनायक, हर्षनाथ महतो, दीपक सराफ, सुकरू उरांव, रश्मि टोप्पो, शशि नंदन भगत, शिव भगत, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, अशोक खत्री, अशोक कसकर, गुंजन अग्रवाल, अभिमन्यु कुमार, विनोद राय, निधिकांत प्रसाद, हैप्पी कुमार, यशस्वी ओझा, मनीष गुप्ता, मनोज, राजकुमार वर्मा, जगनंदन ओम गुप्ता, प्रदीप कसकर, नवीन कुमार टिंकू, राजकिशोर महतो, शंकर प्रजापति, अजय पंकज, अनिल उरांव बजरंग करवा, मीणा बाखला, समेला भगत, देवाशीष कर, राजकुमार, प्रकाश नायक, प्रद्युमन पाठक, आर्यन चौधरी, सुनील अग्रवाल, प्रियांशु, सुशील पटनायक, कपिल मिश्रा, विपुल तमेडा, गणेश साहू, प्रवीण ठाकुर, लक्ष्मी नारायण भगत, जितेंद्र महतो, आकाश वर्मा, अमित शर्मा, सत्यदेव सिंह, पहलवान सिंह, अजय सोनी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में गूंगी बहरी है सरकार : चंपई सोरेन

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** नगर भवन में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सीएम चंपई सोरेन व पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने किया। झारखंड की बदलती डेमोग्राफी पर चिंता व्यक्त करते हुए चंपई सोरेन ने कहा, वर्तमान कांग्रेस राजद और झामुमो की गठबंधन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में गूंगी और बहरी है। वहीं जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई हृदय विधायक घटना पर आतंकियों और आका के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने झारखंड में लगातार हो रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ झारखंड के आदिवासी बहन बेटी और युवाओं को आगे बढ़कर आंदोलन करने की बात कही। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने झारखंड सरकार को गूंगी बहरी सरकार बताया। कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार हर मुद्दे पर विफल है।

### गुमला : मिट्टी गिराने के क्रम में ट्रैक्टर हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के लवादाग गांव में मिट्टी गिराने के क्रम में ट्रैक्टर हादसे में मजदूरी कर रहे देवराज मुंडा की मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु आज गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में एतवा मुंडा ने बताया कि वह अपना घर बनाने के लिए मिट्टी गिरवा रहा था। जहां देवराज मुंडा मजदूरी का काम कर रहा था। ट्रैक्टर चालक मिट्टी गिराने का काम कर रहा था। जहां देवराज साइड में खड़ा होकर मिट्टी गिरवाने लगा। मिट्टी गिरने के बाद ट्रैक्टर आगे बढ़ रहा था। जहां ट्रैक्टर का डाला एक तरफा होकर पलट गया। जिससे देवराज को गंभीर चोट लगी और घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई।

## जारी ब्लॉक में घंटों इंतजार के बाद बैरंग लौट रहे ग्रामीण, कार्यालय में लटका रहता है ताला

खबर मन्त्र संवाददाता



**जारी।** गुमला जिला के 12 प्रखंडों में एक जारी प्रखंड जिसके बने करीब 15 वर्ष हो चुका है। जिले के प्रखंडों में सबसे पिछड़ा प्रखंड है। परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम और सम्मान पर बना जारी प्रखंड आज भी मूलभूत सुविधाओं और प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। प्रखंड में अस्पताल तक चालू अवस्था में नहीं है। अंचल कार्यालय नाम मात्र का रह गया है। गुरुवार की दोपहर 12 बजे तक ब्लॉक के सभी कार्यालय ताला बंद पाए गए। कर्मी भी नदारद मिले। जारी प्रखंड का अंचल कार्यालय के सीओ और बीडीओ का पद प्रभार में चल रहा है। चैनपुर के पदाधिकारी को जारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया एक काम को कराने के लिए उन्हें अंचल कार्यालय का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है। तपती धूप में कई ग्रामीण नंगे पांव ब्लॉक पहुंचते हैं। काम नहीं होने पर निराश होकर घर लौट जाते हैं। ऐसा नजारा प्रतिदिन देखने को मिलता है। गुरुवार को जारी निवासी सीबियल एक्का ने बताया मैं पिछले चार-पांच दिनों से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ब्लॉक आ रहा हूं। आवेदन में सीसी करम टोली पंचायत के मुखिया से हस्ताक्षर करवाना है। मुखिया से संपर्क करने पर कभी घर आओ कभी ब्लॉक आओ का रोजाना टलावा दिया जा रहा है। जिले के उच्च अधिकारियों द्वारा अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है कि प्रखंड कर्मी प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रखंड में रहेंगे। बावजूद आदेश को नजरअंदाज कर कर्मी ब्लॉक से गायब रहते हैं। जारी ब्लॉक मनमाना ढंग से चल रहा है ना इसे कोई देखने वाला है और ना हीं सुनने वाला है। वहीं प्रखंड के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व अन्य कर्मियों से संपर्क करने पर फील्ड में होने की बात कही जाती है।

### सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से दो दिनों के अंदर ही ध्वस्त सड़क का किया गया मरम्मत



लोहरदगा। सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से दो दिन के अंदर ही सेन्हा प्रखंड के अरू-साके पथ में तोड़ार पाखन टोली के पास नहर के ऊपर ध्वस्त सड़क कोच आरईओ विभाग के द्वारा मरम्मत करा दिया गया। उक्त जानकारी सांसद के निजी सहायक आलोक कुमार साहू ने दिया। साहू ने बताया कि दो दिन पहले सांसद के निर्देश पर वे ध्वस्त सड़क का ग्रामीणों के साथ मुआयना कर शीघ्र विभागीय अधिकारियों को मरम्मत करने का निर्देश दिया था। आलोक साहू ने कहा कि सिंचाई विभाग से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेकर नहर में गार्डवाल निर्माण करने का प्रयास किया जाएगा ताकि इसका स्थायी समाधान निकाला जा सके। सड़क मरम्मत हो जाने से ग्रामीणों ने सांसद को बधाई दी।

### पहलगाम हमले में मारे गये दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



लोहरदगा। गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए दिवंगत आत्माओं के शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई,। जिसमें गुरुकुल के सभी ब्रह्मचारी शिष्य, महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने-अपने हाथों पर दीप प्रज्वलित कर उन आत्माओं को मुक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। और इस घटना की घोर निंदा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यह आतंकवादी राक्षस प्रवृत्ति के हैं, जिसे कि पाकिस्तान ने पनाह दे रखी है, ऐसे राक्षसी आतंकवादियों और इसे पनाह दे रहे देश को मोदी सरकार ईट का जवाब पत्थर से दें। आचार्य शरद चंद्र आर्य ने इस घटना पर कहा कि ऐसे लोगों को संसार में रहने का कोई अधिकार नहीं, पाकिस्तान को सभी देश से हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए, और पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित कर देना चाहिए। दीपक मुखर्जी ने कहा की हिंदूओं को अब पूर्ण तरह से जग जाना चाहिए जिस तरह वहां धर्म को पूछ कर नव विवाहितों के पत्नी के समक्ष पति की हत्या कर देना बहुत ही दर्दनाक है। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदाई है ऐसे आतंकीयों और इन्हें पनहा दे रहे देश पर भारत सरकार सख्त से सख्त कदम उठाते हुए मुंहतोड़ जवाब दें। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं घटना पर घायल हुए सभी लोग शीघ्र स्वास्थ्य होने की ईश्वर से कामना की। इस सभा में ओमप्रकाश सिंह,आचार्य शरद चंद्र आर्य, लाल नवल नाथ शाहदेव, दीपक मुखर्जी, दीपक सर्राफ, मनोज गुप्ता 'मन्ना', अर्जुन देव, गुड्डस गुप्ता, गणेश शास्त्री, जोगिंदर आर्य, प्रकाश चंद्र, अतुल सराफ, हर्षित सोनी के साथ-साथ काफी महिलाएं एवं वहां के ब्रह्मचारी लोग उपस्थित थे।

## केंद्र द्वारा मनरेगा मजदूरों पर किया जा रहा शोषण बर्दाश्त नहीं: आलोक

**मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मनरेगा मजदूर कर रहे हैं पलायन**

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** इंटक के जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना लोहरदगा में विफल साबित हो रहा है। जिला में विगत 3 माह से मनरेगा में कार्य करने वाले मजदूरों का बकाया की राशि नहीं मिल रहा है साथ ही साथ विगत 8 माह से मटेरियल का पैसा अभी तक भुगतान नहीं किया गया है।

मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं जिसके कारण लोहरदगा से व्यापक रूप से मनरेगा मजदूर पलायन कर रहे हैं ।श्री साहू ने इस मामला को लेकर लोहरदगा मनरेगा अधिकारी से मिले तो उन्होंने बताया कि उनके पास राशि नहीं आया है राशि आने पर भुगतान किया जाएगा।

इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने मजदूरों के समस्याओं को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री दीपिका पांडे झारखंड सरकार से संपर्क करना चाहे तो उसे संपर्क नहीं हुआ उनके सरकारी पीएस ने बताया कि केंद्र सरकार मनरेगा की राशि नहीं दे रही है। 8 माह से मटेरियल का पैसा बकाया है और 3 माह से मनरेगा मजदूरों का पैसा नहीं मिला है जिसके कारण मजदूरों की राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। राशि मांगने का पत्राचार झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार से किया गया है।

साहू ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड राज्य से सौतेला व्यवहार कर रही है मनरेगा मजदूरों की राशि का भुगतान नहीं कर मजदूरों को पलायन करने पर विवश किया जा रहा है। मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण को इंटक बर्दाश्त नहीं करेगा। साहू ने केंद्र सरकार से अविलंब मनरेगा के मजदूरों एवं मटेरियल का बकाया राशि शीघ्र भुगतान करने की मांग की।

### सिसई : प्रखंड स्तरीय रुआर 2025 कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सिसई।** झारखंड शिक्षा परियोजना प्रखंड संसाधन केंद्र सिसई के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय रुआर 2025 स्कूल में वापस आओ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय शिक्षा पूर्ण करना है। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, शिक्षा विभाग के बीपीओ सुप्रिया कुमारी, जनप्रतिनिधि सहित प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## पहलगाम आतंकी हमले का विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने की निंदा

### गुमला के सनातनियों से की आज दुकान बंद रखने व विरोध जुलूस में शामिल होने की अपील

**बार एसोसिएशन ने बजरंग दल के बंद का किया समर्थन**

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल विहिप बजरंग दल के सदस्य।



बार एसो के सदस्यों से समर्थन की मांग करते बजरंग दल के लोग।

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक शकुन्तला कॉम्प्लेक्स गुमला में बजरंग दल जिला संयोजक संतोष यादव की अध्यक्षता में बुधवार की शाम में हुई। बैठक में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला जो हिंदुओं को नाम और धर्म पूछ के मारा गया है उस घटना को कायरतापूर्ण बताया और कड़ी निंदा की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 अप्रैल 2025 को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गुमला जिला में निवास करने वाले सभी सनातनी हिंदू से आग्रह करेगी कि हिंदू भाई अपनी प्रतिष्ठान को बंद रखेंगे और पहलगाम में हिंदुओं पर हुई घटना के आक्रोश प्रदर्शन में शामिल हो कर हिंदू एकता का परिचय देंगे। सिर्फ आपातकालीन और सरकारी सेवा चालू रहेगी।

वहीं गुरुवार को बजरंग दल के सदस्य बार एसोसिएशन पहुंचकर पहलगाम हमले को लेकर बार एसोसिएशन से समर्थन की मांग की। जिसमें बार एसोसिएशन के सदस्यों घटना का समर्थन करते हुए शुक्रवार को बारिश स्टेशन बंद करने वह कार्य नहीं करने की बात कही। बैठक मे विभाग संयोजक मुकेश सिंह, बजरंग दल जिला सह संयोजक अरविंद लोहारा, विभाग मंत्री केशव चंद्र शाय, जिला सेवा प्रमुख अमन राणा, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार, नगर सह संयोजक जयंत प्रसाद, विहिप नगर सह मंत्री चंदन कुमार, विहिप नगर उपाध्यक्ष रामदेव सिंह, विहिप नगर उपाध्यक्ष प्रकाश भगत, मंटू गुप्ता, पुष्पांक गोप, शिवा लोहारा, रोहित राम, मनीष कुमार मिश्रा, कुणाल कुमार, अशोक यादव, दीपू सिंह, रोहित खंडेलवाल, शुभम पाठक शानू साहू, शिवम महतो, दीपक साहू, यश राज सिंह, श्याम मंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इस्लाम को बदनाम और नफरत फैलाने की साजिश है आतंकी हमला, कड़ी कार्रवाई करे सरकार: अब्दुल रउफ

### देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश, हमें होशियार रहने की जरूरत : शाहिद

खबर मन्त्र संवाददाता




अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी।

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे देश के माहौल खराब करने की साजिश करार दिया। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि वो मरने वालों के परिवारों के साथ खड़े हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हुई हैं। आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछा, कलमा और अजान सुनाने के लिए कहा और फिर उन्हें गोली मार दी। आतंकियों के इस टारगेट किलिंग को लेकर उन्होंने कहा कि इस्लाम को बदनाम करने और देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत पैदा करने की यह साजिश है।

सदर अंसारी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की और आतंकियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। उनका कहना था कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इसके लिए कठोर कार्रवाई जरूरी है। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि देश तरक्की कर रहा है और दुनिया भर की नजर हमारे ऊपर है। ऐसे में सरकार को आतंकियों को खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए, लेकिन देश के सांप्रदायिक माहौल को भी बिगड़ने देना नहीं चाहिए, क्योंकि कई लोग हैं, जो माहौल खराब करने की साजिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

आंतकियों ने जिस तरह से टारगेट करके लोगों को मारा है और धर्म एंगल का इस्तेमाल किया है, उससे इस्लाम को बदनाम करने के साथ-साथ देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश भी है। पहलगाम की आतंकी हमले से देश के हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की आतंकवादियों की साजिश है। पहलगाम हमले को लेकर कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे में हमें और समाज को होशियार रहने की जरूरत है।

## यक्ष्मा के मरीजों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को यक्ष्मा रोग से ग्रसित मरीज के बीच खाध सामग्री का वितरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक एवं दंत चिकित्सक डॉ अलीशा टोप्पो के द्वारा किया गया। डॉ. प्रकाश बढ़ाइक ने बताया कि वितरण किए गये अनाज में चना, गुड़, दाल, रिफाइंड तेल समेत कई सामग्री उपलब्ध है। सरकार का सोच है कि जो व्यक्ति इस बीमारी से ग्रसित है उसे पौष्टिक आहार लेना पड़ता है और इसी के मध्य नजर उपरोक्त सामग्री का वितरण किया गया है। वही डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अरविंद कुमार ने बताया कि यह खाद्य सामग्री महीने में एक बार दिया जाता है। तथा 6 महीने तक मरीजों को लगातार दिया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मी मुकेश कुमार, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार, गुलाम कुरैशी, दिव्यांशु कुमार गुप्ता, दासनी देवी, हरि उरांव, निर्मल गंझू, बिस्वनाथ उरांव, शुशील उरांव सेमत कई लोग मौजूद थे।

## जिले में 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा बैक टू स्कूल अभियान

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2025 (बैक टू स्कूल अभियान) विषय पर कार्यशाला का आयोजन टाउन हॉल लातेहार में किया गया। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी व उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 6-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है। विगत वर्षो में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं 6-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों की शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। साथ ही 6-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों को पुनः विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित अध्यापन कार्य का सम्पादन किया जाना है। इसको ध्यान में रखते हुए विद्यालय स्तर पर एक अभियान स्कूल रुआर, 2025 (बैक टू स्कूल अभियान) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान दिनांक 25.04.2025 से 10.05.2025 तक विद्यालय स्तर पर संचालित किया जायेगा। आगे उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाय कि एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे और 6 वर्ष से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों का स्कूल में नामांकण हो और वो अपनी शिक्षा पूरी करें।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने वीरेंद्र गुप्ता

**बालूमाथ।** बालूमाथ मुरपा मोड में गुरुवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी को भंग करते हुए वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। घोषणा के बाद लातेहार जिला अध्यक्ष गुड्डू वर्मा ने वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को एक सप्ताह के अंदर संगठन विस्तार करने का निर्देश दिया है। वहीं बैठक में जिला सचिव के रूप में मनोज यादव एवं रवि रजक को बनाया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सामाजिक स्तर पर जो भी कार्य होगा उसे संगठन के माध्यम से किया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए मांग किया है कि ऐसे कायराना हरकत करने वाले लोगों को चुन चुन कर सरकार सबक सिखाएं। इस मौके पर जिला कल्याण सचिव अर्जुन साब, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल यादव, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, संतोष पासवान, राजेश साव,श्याम यादव, ज्ञानी पांडे, मोहम्मद जहूर, कृष्ण प्रसाद, राजेश रजक ,देवेंद्र यादव, रोहित कुमार, अनुज कुमार, संतोष सिन्हा उर्फ गांधी, महेंद्र गुप्ता, मोहम्मद एनामुल, अंकित पांडे, राजेंद्र चावल, जगन्नाथ साब, समेत के लोग मौजूद थे।

### सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट कार्यक्रम के तहत निर्मित तृतीयक पृथक्करण केंद्र का डीसी ने किया शुभारंभ

# महिलाएं हमेशा समाज के लिए प्रेरणादायक रही हैं: उत्कर्ष गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम के तहत निर्मित तृतीयक पृथक्करण केंद्र का विधिवत रूप से शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिला मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में निर्मित तृतीयक पृथक्करण केंद्र को आज पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जा रहा।

### एसएलआरएम हेल्पलाइन नंबर 9234309942 को किया गया जारी



मौके पर एसएलआरएम हेल्पलाइन नंबर 9234309942 को जारी किया गया। नागरिकों के लिए अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु दिए गए नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार श्री सी. श्रीनिवासन के द्वारा एसएचजी दीदियों के बीच डस्टबिन, झाड़ू एवं सफाई उपकरण, साईकिल एवं ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ट्राई साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर ठोस और तरल कचरा प्रबंधन को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के उपरांत बहुउद्देशीय भवन परिसर में उपायुक्त के द्वारा पौधा रोपण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता दीपक महतो, जिला परिषद सदस्य समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### महिलाओं को निभानी होगी अग्रणी भूमिका

उपायुक्त ने कहा कि महिलाएं हमेशा समाज के लिए प्रेरणादायक रही हैं। समाज में स्वच्छता का वातावरण बनाने के लिए महिलाओं को और आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि घर से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी को चाहिये कि हम अपने आस-पास के लोगो को साफ-सफाई हेतु प्रेरित करें। सॉलिड एण्ड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन के द्वारा अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला गया।

यहां पर एकत्रित कचरे का वैज्ञानिक ढंग से अंतिम पृथक्करण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के प्रत्येक प्रखंड में ऐसे पृथक्करण केंद्रों की स्थापना की योजना है जिससे संपूर्ण लातेहार में कचरे का समुचित और सुनियोजित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## गारू मे सात दिनों से बीएसएनएल नेटवर्क ठप, हजारों उपभोक्ता परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारू।** देश की सबसे बडी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड की लचर स्थिति के कारण गारू एवं आसपास क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी झेलना पड़ रहा है। नक्सल प्रभावित गारू, बारेसाढ, छिपादोहर एवं महुआडाड एक्सचेंज मे सात दिनो से दूरसंचार सेवा ठप हो गया है। इससे बीएसएनएल मोबाइल एवं भारत नेट पुरी तरह ठप है। जिसके कारण हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। गारू प्रखंड मुख्यालय के अलावा बीएसएनएल सौर ऊर्जा चलित बीटीएस से जुड़े सुदूरवर्ती प्रखंड के सरयू, चौपत, सुरकुमी, माडोमार एवं सेरेंगदाग के उपभोक्ता सात दिनों से परेशान हैं। बीएसएनएल की भारत नेट भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है इस संबंध में उपभोक्ता बबलू प्रसाद, राजेंद्र सिंह, संजय प्रसाद, पवन कुमार, कृष्ण प्रसाद आदि लोगों ने बताया कि बीएसएनएल नेटवर्क महीने में 15 दिन बाधित रहती है। इस संबंध मे झारखंड बीएसएनएल के डीजीएम राव साहब ने बताया कि केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण सेवा बाधित है एक दो दिन मे दुरूस्त हो जाएगा।

**रुद में एक बर्ष से बीटीएस चालु नही**

गारू प्रखंड के नक्सल प्रभावित रूद गांव मे सौर ऊर्जा चालित बीटीएस एक बर्ष से बन कर तैयार है,मगर अब तक चालु नही हो स का है। इससे रूद समेत आधा दर्जन गांव के उपभोक्ताओं दूरसंचार सेवा से वंचित है। इसमें पंडरा, विजयपुर, गोपखाड़ गुटवा, हुरहुरकरचा गांव के ग्रामीण नेटवर्क (दूरसंचार सेवा)से पुरी तरह वंचित है। झारखंड के डीजीएम राव साहब ने बताया कि रूद बीटीएस चालु होने में थोडी समय लगेगा, मगर जल्द चालु कराने का प्रयास किया जाएगा।

### आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत तीन उग्रवादियों ने किया सरेंडर

# पुलिस की लगातार कार्रवाई से उग्रवादी संगठन कमजोर हुए हैं: एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर जेजेएमपी के तीन सक्रिय उग्रवादियों ने गुरुवार को लातेहार पुलिस मुख्यालय में सरेंडर किया। सरेंडर करने वालों में तुलसी गंझू उर्फ विशाल, पलेंद्र भोक्ता उर्फ अजीत और प्रमोद गंझू शामिल हैं। तीनों पर राज्य सरकार ने एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। तीनों उग्रवादी लातेहार जिले के बालूमाथ के लक्षीपुर गांव के रहने वाले हैं। सरेंडर के समय उनकी पत्नियां और परिजन भी मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर ने तीनों को बुके, शॉल और माला पहनाकर मुख्यधारा में लौटने की बधाई दी। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस की लगातार कार्रवाई से उग्रवादी संगठन कमजोर हुए हैं। संगठन में सक्रिय सदस्यों की संख्या भी घटी है। सरेंडर करने वाले तीनों पहले टीएसपीसी संगठन से जुड़े थे। बाद में जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा और लवलेश गंझू के दस्ते में शामिल हो गए। इस दौरान इन्होंने कई उग्रवादी घटनाओं को अंजाम दिया। साल 2021 में नावागढ़ जंगल के पास पुलिस और जेजेएमपी के बीच हुई मुठभेड़ में भी ये शामिल थे। उस मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के डिप्टी कमांडेंट शहीद हुए थे। एसपी ने अन्य उग्रवादियों से भी आत्मसमर्पण कर सरकार की नीति का लाभ उठाने की अपील की। कमांडेंट याद राम बुनकर ने कहा कि जंगल में कोई जीवन नहीं है। झारखंड के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर सरेंडर करें और अपने परिवार के साथ जीवन चलाएं। उन्होंने कहा कि जो उग्रवादी सरेंडर नहीं करेंगे, उन्हें पुलिस की गोली का सामना करना पड़ेगा। तुलसी गंझू और पलेंद्र भोक्ता पर पांच-पांच, जबकि प्रमोद गंझू पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीनों पर 17 सीएलए और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले भी दर्ज हैं।



बुके देकर बधाई देते एसपी व कमांडेंट।

## हाथियों के झुंड ने तरबूज की फसल को रौंदा

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जहां मुरपा पंचायत मुखिया अजय टाना भगत के खेत में लगे तरबूज की फसल को रौंदकर कर नष्ट कर दिया। फसल नष्ट हो जाने से करीब दो लाख की क्षती बताई जा रही है। मुखिया ने बताया कि बुधवार की देर रात 12 से 15 की संख्या में आये हाथी के झुंड ने उसके खेत में घुसकर फसलों को रौंद डाला। उन्होंने बताया कि मुरपा पंचायत में आए दिन हाथियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बावजूद इसके हाथियों के झुंड को भगाने के लिए वन विभाग कोई पहल नहीं करता ।



फसल को दिखाता किसान।

## आंगनबाड़ी सेविकाएं अब होंगी डिजिटल: बरवाडीह में 127 सेविकाओं को मिला स्मार्टफोन



**बरवाडीह।** झारखंड सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को अब स्मार्ट और डिजिटल वर्किंग के तहत मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनका कार्य अधिक सुलभ, पेपरलेस और प्रभावी हो सके। इसी क्रम में गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर 127 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस वितरण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ रेखा रेशमा मिंज, अंचल अधिकारी मनोज कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह स्मार्टफोन विशेष रूप से सेविकाओं के कार्यों के लिए विकसित एक एप्लिकेशन से लैस हैं, जिससे वे केंद्र संचालन, बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार वितरण और अन्य आवश्यक जानकारियों को सीधे डिजिटल माध्यम से दर्ज कर सकेंगी। बीडीओ रेखा रेशमा मिंज ने बताया कि सरकार का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेविकाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे अपने कार्यों को तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरा कर सकें। इस मोबाइल में किसी भी प्रकार के सोशल मीडिया एप्लीकेशन की अनुमति नहीं दी गई है, जिससे केवल आवश्यक कार्यों तक ही इसका उपयोग सीमित रहे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका उषा देवी समेत अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## मनिका प्रखंड में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

- प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं विभिन्न पंचायत सचिवालयों में कार्यक्रम आयोजित
- लोगों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं विभिन्न पंचायतों में दिन गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं मनिका पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। साथ ही कार्यक्रम का संचालन पंचायत सेवक विक्की कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 की याद में मनाया जाता है, जिसने ग्रामीण स्तर पर लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को मजबूती दी। यह संशोधन पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है और स्थानीय स्वशासन को एक ठोस आधार देता है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा इस व्यवस्था का मूल आधार है,जो न केवल लोगों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करती है,बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती है। उन्होंने पंचायतों के सशक्तिकरण और स्वशासन की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वहीं सभी ने अपने गांव एवं पंचायत को स्वच्छ,सुंदर और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया, साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मौके पर पंचायत सेवक विक्की कुमार गुप्ता ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की जड़ है और इसके माध्यम से ही ग्रामीण विकास की मजबूत नींव रखी जाती है। वहीं कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की लोगों से जानकारी ली गई,साथ ही ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें इनका लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

मौके पर मुखिया सतेंद्र सिंह, शिल्पी कुमारी, नीरू देवी, विनोद यादव, हरेंद्र यादव, केशव यादव, अरुण ठाकुर, दिलीप कुमार, अक्षय कुमार सिंह, सुरेंद्र यादव, शिव राम, समेत कई लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ व अन्य।

### पंचायतो मे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के सभी पंचायतो मे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे सभी मुखिया पंचायत प्रतिनिधि व पंचायत कर्मियों सहित गांव के ग्रामीणों ने समारोह मे भाग लिया। सदर पंचायत बारियातू, शिबला, टोटी, गोनिया, बालूभांग, साल्वे, फूलसु, डाढ़ा व अमरवाडीह पंचायत सचिवालय मे सरिता देवी, सुरेश उरांव, शांति देवी, रानो देवी, केदार गंझु, राजीव भगत, तेतरी देवी, सुरेश उरांव, सुशीला देवी सभी संबंधित पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता मे रास्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पंचायत क्षेत्र के काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित हुए। राष्ट्रीय पंचयाती राज कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था शुरू की गई है। प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह व्यवस्था ग्रामीण विकास और जन भागीदारी को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो को स्वच्छ से संबंधित भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्रखंड स्तरीय नागरिक साहयता केंद्र के सदस्य रामशंकर रविदास व श्रवण उरांव सभी रोजगार सेवक ने ग्रामीणों को विभिन्न महत्वकांक्षी सरकारी योजनाओं की जानकारी दिया।

## पांच साल बाद लौटी उम्मीद : बरवाडीह समेत कई स्टेशनों पर फिर से रुकेगी एक्सप्रेस ट्रेनें

- मंगरा, उकामाड़ और कचनपुर बस्ती में होगा अंडरपास निर्माण : कालीचरण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** कोरोना महामारी के चलते 22 मार्च 2020 से बंद पड़ी सवारी ट्रेनों के संचालन को धीरे-धीरे बहाल किया गया, लेकिन बरवाडीह, छिपादोहर और केचकी जैसे छोटे मगर अहम स्टेशनों से कई प्रमुख ट्रेनों का ठहराव हटा लिया गया था। इससे स्थानीय यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मुद्दे को लेकर लगातार रेलवे बोर्ड और जनप्रतिनिधियों से मांग की जाती रही। लगभग पांच वर्षों की लंबी जद्दोजहद के बाद अब जनता को बड़ी राहत मिली है। सांसद कालीचरण सिंह के प्रयासों से झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस और संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव एक बार फिर बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर बहाल कर दिया गया है। इसे क्षेत्रवासियों ने पर्व की तरह मनाया। वहीं छिपादोहर स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस और पलामू एक्सप्रेस तथा केचकी स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव पूर्ववत शुरू किया जाएगा। लातेहार स्टेशन पर भी पूर्व की तरह सभी ट्रेनों का ठहराव बहाल किया गया है।

**जनता की समस्याओं को दूर करना हमारी प्राथमिकता : सांसद**

सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दूर करना उनकी प्राथमिकता है। रेल मंत्री से लगातार संपर्क और प्रयास के फलस्वरूप यह निर्णय संभव हुआ। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आने वाले महीनों में बरवाडीह में गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव भी सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके साथ ही मंगरा, उकामाड़ और कचनपुर बस्ती में अंडरपास निर्माण की भी योजना है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इस फैसले से खुश होकर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनोज प्रसाद, मनोज कुमार यादव, दीपक तिवारी, सतीश कुमार यादव, दिलीप कुमार पासवान, विवेक कुमार सिंह, भगवत सिंह और अन्य स्थानीय लोगों ने सांसद के प्रति आभार जताया है।



कालीचरण सिंह।

## बरवाडीह में पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम पीएम मोदी का लाइव संबोधन सुना गया



**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य कर्मी शामिल हुए। सभी ने बिहार के मधुबनी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पंचायती राज दिवस पर दिया गया लाइव संबोधन सुना। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने सभी उपस्थित लोगों को जिले के उपायुक्त द्वारा संचालित हर घर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था आज राज्य भर में मजबूती से कार्य कर रही है, और इसके माध्यम से गांवों के विकास का सपना साकार हो रहा है। बीडीओ ने आगे बताया कि पंचायती व्यवस्था न सिर्फ गांवों को सशक्त बना रही है बल्कि स्थानीय स्तर पर लोगों की भागीदारी से शासन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बना रही है। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर ग्राम स्वराज और स्वच्छता के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, महिला पर्यवेक्षक उषा कुमारी, प्रखंड सहायक सुषमा कुमारी, विजय कुमार पप्पू समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## युवा भारत की पहल पर गुड्डू का हुआ अंतिम संस्कार

**चंदवा।** असहाय दलित युवक गुड्डू राम का निधन गुरुवार की सुबह हो गया। गुड्डू राम अपने परिजनों के साथ खाली स्टेडियम के नीचे रहता था। जैसे ही इसकी जानकारी युवा भारत के सदस्यों को हुई तो इनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के कार्य में जुट गए। उप-प्रमुख अश्वनी मिश्रा को इसकी जानकारी देते हुए लकड़ी की मांग की गई, अश्वनी मिश्रा ने अंचल अधिकारी से वार्ता कर लकड़ी का इंतजाम करवा दिया, वही शव ले जाने हेतु शव वाहन की व्यवस्था विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विजय दुबे ने करवा दी। गुरुवार शाम को देवनद तट पर गुड्डू राम का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार करवाने में संटु गुप्ता, अंकित गोलू, मुकेश सिंह, गोपाल जयसवाल, सचिन कुमार, विनय वर्मा रिक्की, रंजन सिंह, विजय कुमार, अक्षय यादव आदि का सरहानीय योगदान रहा।



अंतिम संस्कार के लिये ले जाते।

### प्रखंड मुख्यालय समेत सभी पंचायत सचिवालयों में मना पंचायती राज दिवस

# लोगों की समस्या का समाधान पंचायत स्तर पर हो, यही पंचायती राज व्यवस्था का मुख्य उद्वेश्य: चंदन प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड मुख्यालय सभागार समेत प्रखंड के सभी 17 पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायती राज दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पेयजल एवं स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक के आलोक में आहूत थी। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था एवं विकास में उनकी भागीदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के महत्व के बारे में बतात हुए उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में आम लोगों के लिए तेजी से विकास के कार्य किए जा रहे हैं। लोगों के समस्या का समाधान पंचायत स्तर पर ही किया जाए यही पंचायती राज व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का टीवी पर पंचायती राज दिवस के अवसर पर लाइव टेलीकास्ट को भी सभी ने मिलकर देखा।



पंचायती राज दिवस का कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

**दिलाई गई स्वच्छता की शपथ**

इसके अलावे बीडीओ श्री प्रसाद ने मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों, प्रखंड कर्मियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि सभी के जीवन में स्वच्छता का अहम स्थान होना चाहिए व इसकी शुरूआत अपने घर, कार्यालय से करनी होगी तब जाकर यह अभियान सफल होगा। कार्यक्रम के मौके पर पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय, पीएम आवास प्रखंड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, पीएचईडी कनीय अभियंता सुनील कुमार, रोहित मेहता, अमित गुप्ता, अभिषेक कुमार, पंसस अयूब खान, बल्कू मुंडा, जेएसएलपीएस कर्मी, जल सहिया समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## झारोटेफ के सदस्यों ने मुख्य सचिव के नाम बीडीओ को सौपा ज्ञापन



आवेदन सौंपते लोग।

**लातेहार।** झारोटेफ के महुआडांड़ प्रखंड कमेटी के सदस्यों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में जिला प्रतिनिधी के मौजूदगी में मुख्य सचिव झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया है। मौके पर मौजूद झारोटेफ प्रखंड कार्यकरिणी के सदस्य अशरफ अली ने बताया कि हमारी मुख्य मांगे राज्य कर्मियों की भांति शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ दिया जाए। राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र को विस्तारित करते हुए 62 वर्ष किया जाए। केंद्रीय कर्मियों की भारतीय राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षक भता का लाभ दिया जाए। मौके पर झारोटेफ प्रखंड सचिव अब्दुल वारिस अंसारी, संजय कुमार, अशरफ अली, अजय उरांव, शुबरदानी केरकेट्टा, अरविंद केरकेट्टा, रमन कुमार साहू, राजू कुमार, सुरेंद्र कुमार, सिलास टोप्पो, उमाशंकर सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**कर्मचारियो ने बीडीओ को सौपा ज्ञापन**

चंदवा झारोटेफ कमिटी के बैनर तले चंदवा प्रखण्ड के कर्मचारियों ने भी प्रखंड सचिव प्रमोद कुमार सिंह सिंह के नेतृत्व में मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम अपनी मांगो को लेकर ध्यानकर्षण रैली सह ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर उदय चरण भारती, दीप नारायण यादव, सत्येंद्र राम, हरे कृष्ण किशोर, किशोर प्रसाद, रामलाल राम, नीलम अंजनी धान, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बोकारो : इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने की पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने पहलगाम जम्मू-कश्मीर में जघन्य आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह कायरतापूर्ण अमानवीय कृत्य न केवल मानवता के खिलाफ एक अपराध है बल्कि हमारे देश की एकता अखंडता और शांति के मूल्यों पर भी सीधा हमला है।

आईएएल के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार से इस हमले के दोषियों को त्वरित और कठोर न्याय के दायरे में लाने की मांग करते है। हम आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का समर्थन करते हैं और मांग करते हैं कि इस तरह के कृत्यों को अंजाम देने वालों को कठोरतम सजा दी जाए। अधिवक्ता अतुल कुमार ने कहा कि हम देश के सभी नागरिकों और कानूनी बिरादरी से अपील करते हैं कि वे इस दुख की घड़ी में एकजुट हों और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में सरकार का समर्थन करें। इस अवसर पर बोकारो के अधिवक्ताओं ने मौन रख कर इस घटना की एक स्वर में नींद की। निंदा करने वाले में अधिवक्ता सोमनाथ शेखर बासुदेव गोस्वामी दीपक चटोपाध्याय संजय सिंह सुनील सिंह नरेश महतो चंदन कुमार अशोक कुमार राय नीतीश नंदी निरोध प्रामाणिक हरेंद्र महतो अशोक महथा संजय कुमार दिलीप महतो रंजन कुमार मिश्रा फटीक चंद्र सिंह संजय कुमार प्रसाद राणा प्रताप शर्मा हसनैन आलम संजीत कुमार सिंह वंशिका सहाय दीपिका सिंह राज दीप्ति सिंह रामावती कुमारी रीना कुमारी सुमन वर्मा बबीता कुमारी विजय कुमार ओम प्रकाश लाल विकाश प्रजापति अशोक महथा संजीत महतो समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

# बेरमो : राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन में शामिल हुए दर्जनों कोयला मजदूर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की रीति नीति से प्रभावित होकर ढोरी एरिया के जीएम यूनिट मे कार्यरत दर्जनों मजदूरों ने दूसरे यूनियन को छोड़कर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन का सदस्यता लिया। ढ़ोरी एरिया सचिव महारुद्र सिंह सहित चंदन कुमार चौहान और रविन्द्र शाहनि ने कहा कि हमारी संगठन श्रमिकों के हित के लिए काम करता है। इसी से प्रभावित होकर लोग यूनियन की सदस्यता ग्रहण की है। जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। सहित अन्य लोगो ने कहा कि हम लोग हमलोग जिस यूनियन में थे वो यूनियन मजदूरहित मे बिल्कुल भी काम नहीं करती थी। इसलिए अब हम लोग राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के साथ जुड़े हैं। यूनियन मे शामिल होने वाले में जयवर्धन चौहान, कुंदन कुमार चौहान, संतोष भेंगरा, नीलकंठ रजक, राजू केवट, राजीव कुमार, सरद कुमार, राजेंद्र कुमार, मयंक कुमार, पंकज कुमार, विश्वनाथ शाहू, रीना कुमारी, प्रतिभा कुशले, सरजू तांती और रविन्द्र साहनी आदि शामिल हुए।

## एक नजर में

### दुमका के हंसडीहा में मां अपनी दुधमुही बच्ची के साथ ट्रेन से कटकर दी जान

हंसडीहा। दुमका जिला के हंसडीहा दुमका रेलखंड पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के ओड़तरा गांव के समीप ट्रेन से कटकर विवाहिता अपने दो वर्ष की दुधमुही बच्ची के साथ जान दे दी। मृतका की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के ओड़तारा गांव निवासी बिक्की मंडल की 25 वर्षीय पत्नि आरती देवी व उनकी दो वर्षीय पुत्री ब्यूटी कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह करीब सात बजे आरती कुमारी अपने पुत्री को साथ लेकर घर के पिछे रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई कुछ देर इंतजार करने के बाद जैसे ही भागलपुर दुमका पैसेंजर ट्रेन गुजरी महिला अपने दुधमुही बच्ची के साथ ट्रेन के सामने आ गई घटना में मां बेटी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की सास पुनम देवी ने बताया कि गुरूवार की सुबह उनका पुत्र हंसडीहा स्थित कबाड़ी की दुकान में मजदूरी करने चले गया और वे खुद हंसडीहा बाजार चापानल का समान खरीदने गई हूई थी इस बीच उसकी पुत्रवधु और पोती घर में अकेली थी जिसका फायदा उठाकर वे घर से निकलकर ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार आरती आपने मायके जानी की जिद कर रही थीं पर उसके पति बिक्की मंडल उसे मायके जाने के लिए मना कर रहा था इस बीच दोनो पति पत्नि के बीच बुधवार शाम को आपस में बहस हूई थी। इधर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई सूचना मिलने के तुरंत बाद थाना प्रभारी प्रकाश सिंह पुलिस सहायक अवर निरीक्षक विनोद सिंह संतोष कुमार सांडिल पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए दुमका भेज दिया।

### नशे में धुत्त पुत्र ने पिता को पीटकर मार डाला




गोड्डा। बोआरीजोर बाप बेटे के बीच पैसे को लेकर हुए विवाद में बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। मामला प्रखंड अंतर्गत थाना क्षेत्र के डोंडरी गांव की है, उक्त घटना बुधवार की है। मिली जानकारी के अनुसार बबलू सोरेन और उनका बेटा बड़न सोरेन खाट बनाने का काम करते थे। और फिर खाट को नजदीक एवं दूर के हाट बाजार और आसपास के गांवों में जा-जाकर बेचा करते थे। घटना वाले दिन बबलू सोरेन खाट बेचने गया था। देर रात घर वह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा था जिसको लेकर बड़न ने पिता से देर से आने का कारण पूछा। इसके बाद खाट बिक्री से मिले पैसों के बंटवारे को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। गुस्से में आकर बड़न ने लाठी-डंडों से पिता के सिर और शरीर पर वार कर दिया जिससे बबलू सोरेन, उम्र करीब 50 वर्ष की मौत हो गई। वहीं इस मामले को लेकर मृतक के छोटे बेटे सिमन सोरेन ने बताया कि घटना के समय घर में कोई नहीं था। बड़ा भाई बड़न शराब पी रहा था और पिता के घर आने के बाद भाई का पिता से पैसों को लेकर झगड़ा हो गया था जिस कारण यह घटना हुई। वहीं बोआरीजोर थाना प्रभारी ध्रुव कुमार को घटना की सूचना मिली। सूचना पाकर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी और कहा कि उक्त मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बड़न सोरेन मौके से फरार है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है, जल्द ही उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जारंगडीह उतरी पंचायत सचिवालय में तीन दिवसीय कैंप का आयोजन



बेरमो। बेरमो प्रखंड के जारंगडीह उतरी पंचायत सचिवालय में बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य रुप से आधार कार्ड की सुधार का कार्य होना है। मिली जानकारी के अनुसार इस कैंप में मुख्य रूप से छह पंचायत के लोग लाभ उठा सकते हैं जिसमे जारंगडीह उतरी और दक्षिणी पंचायत के अलावे जरीडीह बाजार पूर्वी, पश्चिमी, बोडिया बस्ती उतरी और दक्षिणी शामिल हैं। कैंप का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर पंचायत सचिव विनीत, मुखिया फिरोज खातुन पूर्व मुखिया मो इम्तियाज अंसारी, पंसस अरुणा कुमारी, रुबी देवी, उपमुखिया जल सहिया लाजो देवी, विकास सिंह, पूजा मुर्मू, लबली देवी, राजेंद्र, रिता देवी के अलावे बड़ी संख्या में छहों पंचायत के लोग सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे। ज्ञात हो कि यह कैंप लगातार तीन दिनों तक चलेगा ताकि लोगो को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कैंप का आयोजन उपायुक्त के निर्देश पर जगह जगह आयोजित किए जा रहे हैं ताकि लोगो अपना आधार सुधरवाने के लिए बार बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। कैंप के आयोजन से छहों पंचायत वासियों मे खुशी का लहर देखी गई है।

### बोकारो के सेक्टर 4 में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह सोल्लास संपन्न

बोकारो। वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह समिति बोकारो की ओर से स्थानीय सेक्टर 4 वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों ने कुबार्नी दी। अंग्रेजों को चुनौती देना कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था। उस समय 80 वर्ष की उम्र में बाबू साहब ने अंग्रेजों की चुनौती दी। बाबू कुंवर सिंह कल भी हमारे लिए प्रेरणा थे आज भी हैं और कल भी रहेंगे। समारोह की शुरूआत में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को याद करते हुए उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया और सभी ने एक स्वर में इस वीभत्स घटना की निंदा की। बोकारो विधायक श्वेता सिंह सहित झारखंड प्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव भाजपा के पूर्व बोकारो जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह राजद के जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव भाजपा नेता कुमार अमित विवेक सिंह रितु रानी सिंह अनिल सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने संबोधन में बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवन के कई पहलुओं से लोगों का अवगत कराया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रासनारायण सिंह एवं संचालन राजेश्वर सिंह ने किया। मौके पर बीएसएल के पूर्व जीएम सुखदेव सिंह सुखनंदन सिंह सदय रविंद्र सिंह पीएन पांडेय कर्नल शेखावत घनश्याम चौधरी अवधेश यादव महाराणा प्रताप विचार मंच के पूर्व अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह वर्तमान अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं महाराणा प्रताप विचार मंच के अन्य सभी कार्यकर्ता सहित बीबी सिंह जयकुमार सिंह संतोष सिंह राजीव कंठ देवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### अभाविप एसपी कॉलेज इकाई ने पहलगाम में हुए आतंकी हमला के विरोध में फूंका पुतला



दुमका। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एसपी कॉलेज के समीप देश के पहलगाम में पर्यटक पर किए गए हमले से आक्रोश व्यक्त करते हुए आतंकवादियों का पुतला फूंका। इस हमले में शहीद हुए लोगों के लिए दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष अमन साह ने कहा यह हमला केवल हमारे भारत के बहुसंख्यक पर नहीं, बल्कि पूरे देश की आत्मा पर किया गया क्रूर प्रहार है। पहलगाम, जो कश्मीर की वादियों में शांति और सौंदर्य का प्रतीक रहा है। वहां से खून और दर्द की खबर आती है। उनके बलिदान को शब्दों में समेट पाना असंभव है। हम सभी को यह समझना होगा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, उसका कोई चेहरा नहीं होता। वह केवल विनाश चाहता है। हमें एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करना होगा। जिससे देश के हर नागरिक को सुरक्षित भविष्य मिल सके। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य रॉकी ने कहा कि पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख लेनी चाहिए कि भारतीय जातिवाद के नाम पर बंट रहे हैं और लड़ रहे हैं। लेकिन आतंकवादियों ने हमला करने से पहले धर्म पुछा जाति नहीं। धर्म के नाम पर कट्टरपंथी आतंकवादियों के खिलाफ हम सरकार से यही मांग करते हैं कि इनको ईट का जवाब पत्थर से देना चाहिए। मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता, सह नगर मंत्री गणेश मुर्मू, विवेक धर, मणिलाल, राज साह, सन्याशि कुमार, अमन सेन, सुमन कुमार, अमन साह, रॉकी पाल, विकास कुमार, गणेश कुमार आदि मौजूद थे।

### झारखंड सरकार के विधालयो के शिक्षकों के लिए टीएनए का आयोजन



बेरमो। झारखंड सरकार के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीचर नीड एसेसमेंट का आयोजन 24 अप्रैल से 29 अप्रैल तक किया जाना है। जिसके अंतर्गत शिक्षकों का आकलन किया जाना है। इसके अंतर्गत बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड में भी पीएम श्री मध्य विद्यालय बेरमो, जरीडीह बाजार में भी एक सेंटर बनाया गया है। जिसमें आज से आयोजित होने वाले शिक्षक आकलन परीक्षा में कल 63 शिक्षकों ने भाग लिया। ऑनलाइन आयोजित होने वाले इस परीक्षा 3 घंटे तक चला परीक्षा में सभी विषयों से कुल 100 प्रश्न पूछे गए प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का था। आने वाले दिनों में शिक्षकों को प्राप्त होने वाले अंक के बाद यह पता चल पाएगा की शिक्षक किन-किन विषयों में कितना निपुण है और इन्हें किस विषयों में प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल प्रकाश, सीआरपी रकीब खान, अरविंद सिन्हा, आदित्य चौधरी, मिथुन कुमार, पंकज सिन्हा सहित कई मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कथारा ओपी पुलिस ने अवैध उत्खनन करते ट्रेक्टर किया जब्त

बेरमो। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को कथारा ओपी पुलिस केपटी पावर प्लांट के निकट दामोदर नदी तट से अवैध रुप से बालू उठा को लेकर कारवाई करते अवैध बालू लोड ट्रेक्टर को विधि पूर्वक जब्त कर लिया। जबकि चालक मौके से भागने मे सफल रहे। वही ट्रेक्टर जब्ती के बाद अग्रिम कारवाई की जा रही है। बताता चलूं की दामोदर नदी से लगातार बालू उत्खनन के कारण खेतको पुल का अस्तित्व खतरे में आ गया है। पुल की पिलरों मे बड़ी बड़ी दरारे बन गई है। लगातार अधिकारीयो का निरीक्षण जारी है। इतना सब कुछ होने के बाद भी अगर उक्त स्थान से अवैध बालू का उठाव जारी है तो यह बताता है कि बालू माफियाओं के हौसले कितने बुलंद है। अब वह समय गया है कि बालू माफियाओं के विरुद्ध पुलिस प्रशासन सख्त हो और कड़ी कार्रवाई करे।

### यूजी सेमेस्टर-2 की 26 अप्रैल को होने वाली परीक्षा स्थगित

दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने स्नातक सेमेस्टर-2 की 26 अप्रैल को होने वाली ग्रुप-सी के मेजर-3 विषय की परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है। इस संबंध में परीक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को एक पत्र सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को भेजा गया है। परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि यह निर्णय अपरिहार्य कारणों से लिया गया है। स्थगित परीक्षा की नई तिथि बाद में अधिसूचित की जाएगी। जबकि अन्य सभी विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगी। विवि प्रशासन ने सभी संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस सूचना को समय पर छात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

### बिलिस व एमलिस की परीक्षा फार्म 2 मई से भरे जायेंगे

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने गुरुवार को बिलिस और एमलिस सेमेस्टर-1 परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने गुरुवार को उक्त परीक्षाओ के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। उक्त परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का तिथि 2 से 11 मई तक निर्धारित है। फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 13 मई तक निर्धारित है। छात्र विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर देख सकते हैं।

### एन एस एस कन्वेंशन में भाग लेने डॉ प्रभाकर कुमार हुए रवाना



बेरमो। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित 25 व 26 अप्रैल के एन एस एस नेशनल कन्वेंशन में शामिल होने के लिए रवाना हो चुके हैं। देश स्तर पर सभी राज्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से बुलाया गया है। राष्ट्र निर्माण में एन एस एस के स्वयं सेवक किस तरह योगदान कर रहे हैं, विषय पर वक्तव्य रखने का मौका मिलेगा।

## गोड्डा सदर अस्पताल में 22 बेड आइसीयू, डायलिसिस यूनिट, 78 बेड वाले पुरुष वार्ड का हुआ शिलान्यास

# सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी मरीज चिकित्सा सुविधा के अभाव में दम न तोड़े : मंत्री संजय यादव

**स्वास्थ्य विभाग में मैनपावर की जो कमी है, उसे दूर करने के लिए सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** सदर अस्पताल में गुरुवार को डीएमएफटी मद से निर्मित 22 बेड आईसीयू, डायलिसिस यूनिट, 78 बेड वाले पुरुष वार्ड एवं दो मॉड्यूलर ओटी का शिलान्यास मंत्री उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग संजय प्रसाद यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री संजय प्रसाद यादव, डीसी जिशान कमर एवं उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार का लक्ष्य है कि स्वास्थ्य सेवा में संसाधनों की बढ़ोतरी की जाए ताकि कोई भी मरीज चिकित्सा सुविधा के अभाव में दम न तोड़े। वर्तमान मे 22 बेड आईसीयू, डायलिसिस यूनिट, 78 बेड वाले पुरुष वार्ड शुभारंभ किया गया है एवं भविष्य मे इसका और विस्तार किए जाने की तैयारी है।

सदर अस्पताल ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतर लोग चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने के लिए पहुंचते है। यहां डायलिसिस सेंटर, आइसीयू सेवा का शुभारंभ करना सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। स्वास्थ्य विभाग में मैनपावर की जो कमी है, उसे दूर करने के लिए सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है।

जल्द ही सदर अस्पताल में नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी जिससे यहां के लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस दौरान उपायुक्त जिशान कमर ने कहा कि स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है जो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हुआ है। एक सशक्त और स्वच्छ समाज ही किसी भी राष्ट्र की असली पूंजी होती है। उन्होंने कहा कि आज 22 बेड आईसीयू, डायलिसिस यूनिट, 78 बेड वाले पुरुष वार्ड का उद्घाटन किया जा रहा है वह इसी दिशा में एक ठोस कदम है।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा की हर वर्ग के नागरिक को सुलभ, सस्ता और गुणवत्ता पूर्ण उपचार प्राप्त हो। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, सिविल सर्जन गोड्डा डॉ अनंत कुमार झा, सदर अस्पताल उपाधीक्षक अरविंद कुमार, डीएमएफटी के टीम लीड अनिक कुमार सिंह, डीएमएफटी के प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रणव कुमार, डीएमएफटी के सिविल इंजीनियर अब्दुल्लाह सहित अस्पताल प्रबंधक, चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## पहलगाम आतंकी हमला इंसानियत को झकझोर देने वाली त्रासदी : मंत्री दीपिका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले से समाज का हर तबका व्यथित है। आम जनमानस में आतंकवादियों के खिलाफ काफी आक्रोश है। लोग केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी पहलगाम में आतंकी हमले पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से मन गहरे शोक और आक्रोश से भरा हुआ है। यह हमला केवल कुछ व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि हमारे समाज, हमारी इंसानियत और हमारे साझा मूल्यों पर सीधा वार है। जो लोग छुट्टियां मनाने, सुकून के कुछ पल जीने पहलगाम पहुंचे थे, उन्हें इस क्रूरता का शिकार बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। इस निर्मम हमले में जान गंवाने वालों को उन्होंने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। मंत्री दीपिका ने कहा है कि इस दुख की घड़ी में वे पूरे दिल से शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी हैं। यह एक ऐसा जख्म है, जिसे शब्दों से नहीं भरा जा सकता। मंत्री दीपिका ने केंद्र सरकार से अपील की है कि इस घिनौने कृत्य में शामिल आतंकियों को तत्काल पकड़कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस देश के हर नागरिक को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिल सके। आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई और भी सशक्त होगी, यह संकल्प है। डरने का नहीं, डट कर खड़े होने का समय है।

# डीपीएस बोकारो के पांच पूर्व छात्रों ने यूपीएससी सिविल सर्विसेज में मारी बाजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** संघ लोकसेवा आयोग की सिविल सर्विस परीक्षा 2024 में डीपीएस बोकारो के पांच पूर्व छात्रों ने शानदार सफलता प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा शहर का नाम गौरवान्वित किया है। अखिल भारतीय स्तर पर विद्यालय में 2016 बैच के छात्र रहे करण कुमार ने 174 वां रैंक 2018 बैच के आर्यन ने 262 वां रैंक 2014 बैच के सौरभ सुमन ने 391 वां रैंक एवं 2016 बैच के यश विशेन को देशभर में 452 वां तथा 2015 बैच के छात्र शुभम कुमार महतो को 606 वां स्थान प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। वर्तमान में बेंगलुरु में जेपी मॉर्गन कंपनी में जॉब कर रहे करण ने आईआईटी बीएचयू से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कर बेंगलुरु में जॉब करते हुए यूपीएससी की तैयारी जारी रखी।आर्यन नर्सरी कक्षा से ही डीपीएस बोकारो का छात्र रहे। इस विद्यार्थी ने अपने पहले ही प्रयास में 2018 में जेईई मेन में ऑल इंडिया रैंक 47 पाकर पूरे बोकारो जिले में टॉप किया था। बीटेक के बाद वह सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी में भिड़ गए। अपने तीसरे प्रयास में उन्होंने यह कामयाबी हासिल की। सौरभ सुमन ने 12वीं के बाद एनआईटी इलाहाबाद से आगे की पढ़ाई की। सौरभ आईएएस अधिकारी बनकर शुरू से ही देश की सेवा करने के लिए संकल्पित थे। वर्ष 2016 में डीपीएस बोकारो से 12वीं पास करने वाले यश बिसेन ने मर्चेन्ट नेवी ज्वाइन की थी लेकिन इसमें उनका मन नहीं लगा। इसके बाद वह यूपीएससी की तैयारी में लग गए। 2023 में आईआरएस से जुड़े और वर्तमान में बेंगलुरु के पास पालासमुद्रम में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर उनकी ट्रेनिंग चल ही रही थी कि इस बीच उन्होंने तीसरी कामयाबी हासिल कर ली। 12 वीं के बाद बीएचयू बनारस से बीटेक माइनिंग इंजीनियरिंग की जिसमें वह गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे। इस बीच अपनी सिविल सर्विस की तैयारी भी जारी रखी। उन्होंने पिछले साल भी यूपीएससी सीएसई 2023 में 857 वां रैंक मिला परंतु इससे संतुष्ट वे नहीं थे। इस बार शुभम ने 606 वां स्थान प्राप्त किया।

# एसकेएमयू कुलपति ने शर्मिला सोरेन की रचित पुस्तक बाबूलाल मुर्मू आदिवासी का किया विमोचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने विवि के स्नातकोत्तर संथाली विभाग की प्राध्यापिका डॉ शर्मिला सोरेन द्वारा लिखित एवं संपादित पुस्तक 'बाबूलाल मुर्मू आदिवासी' का विमोचन किया।

इस अवसर पर पुस्तक की लेखिका डॉ शर्मिला सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि बाबूलाल मुर्मू आदिवासी का संताली भाषा और साहित्य को पहचान दिलाने में अतुलनीय योगदान बतायी। उन्होंने कहा कि वे न केवल एक प्रतिष्ठित साहित्यकार थे, बल्कि एक कुशल कलाकार, संगीतकार और गीतकार भी थे। संताली भाषा के विभिन्न प्रकार के गीतों के वे ज्ञाता थे। उन्हें संताली वाद्ययंत्रों, विशेषकर बांसुरी, में विशेष रुचि थी। उन्होंने बताया कि बाबूलाल मुर्मू केवल संताली भाषा के ही नहीं, बल्कि हिंदी, बांग्ला, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी दक्ष थे। उनकी कई रचनाएं आज विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल की गई हैं।

उनका जीवन आदिवासी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विमोचन समारोह के दौरान कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने डॉ सोरेन के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि अकादमिक जगत में इस प्रकार के साहित्यिक योगदान अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने डॉ सोरेन को आगे भी लेखन कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डीएसडब्लू डॉ जैनेन्द्र यादव, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा, सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम, संथाली विभागाध्यक्ष डॉ सुशील टुडू सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने डॉ शर्मिला सोरेन के इस प्रयास की सराहना की।

# केरवार में परती कदीम जमीन के बंदोबस्ती कागजात की हुई जांच



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पथरगामा प्रखंड अंतर्गत पड़वा पंचायत के केरवार गांव में परती कदीम जमीन से संबंधित अवैध बंदोबस्त की सूचना मिलने के बाद गुरुवार को प्रखंड अंचल कार्यालय सभागार में इसकी गहन जांच की गई। यह जांच राजस्व उप निरीक्षक जनार्दन दास के नेतृत्व में की गई। जनार्दन दास ने बताया कि केरवार गांव में कई रैयतों द्वारा परती कदीम जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर बंदोबस्त किया गया है। इसको लेकर संबंधित सभी रैयतों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन रैयतों के दस्तावेजों की जांच में अनियमितता पाई जाएगी, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व उप निरीक्षक ने यह भी कहा कि तीन बार नोटिस के बावजूद यदि कोई रैयत उपस्थित नहीं होता है या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है, तो ऐसे मामलों में भी कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि परती कदीम जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## कैमूर में ढाई करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

भभुआ । बिहार के कैमूर जिले के नुआंव थाना क्षेत्र में 2.513 किलोग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। नुआंव पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोग वहां से भागने लगे। जब पुलिस उनका पीछा करने लगी, तब जैतपुरा पंप कैनाल नहर के पास दोनों गिर गए। पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले आई। आरोपियों की मोटरसाइकिल की डिक्की से 2.513 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई, जो पांच पॉकेट में रखी हुई थी। जब्त हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी जा रही है। दोनों तस्कर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के कुशी के रहने वाले रूपेश कुमार और प्रमोद कुमार बताए जा रहे हैं।

## बस्तर में मुठभेड़, पांच नक्सली मारे गये

बीजापुर/बस्तर । छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पिछले 48 घंटों से नक्सली बलों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चल रहा है। आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार, अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं और आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय किया। सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा बटालियन, जिला रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की कुलीन सी-शॉट कमांडर सहित कई बलों के 5,000 कर्मी शामिल हैं।

## रूस का कीव में हमला, नौ की मौत

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार देर रात हुए रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा घायल हुए हैं। यह जानकारी यूक्रेन की सरकारी आपातकालीन सेवा ने गुरुवार को दी। एजेंसी ने बताया कि हमले में रिहायशी इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा और गैरेज, गैर-आवासीय ढाँचों व प्रशासनिक इमारतों में आग लग गई।

## सुकमा में बिहार निवासी जवान ने की आत्महत्या

सुकमा। सीआरपीएफ के एक जवान ने गुरुवार को अपने सर्विस रायफल से खुद को गोलीमार कर आत्महत्या कर ली। सीआरपीएफ के 168 कंपनी के जवान मोहन शर्मा ने गुरुवार सुबह अपने सर्विस रायफल से बेरक में खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली।

## इजरायल के हमलों में 29 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। गाजा पट्टी में गुरुवार को कई इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 29 फिलिस्तीनी मारे गये और कुछ अन्य घायल हो गये। गाजा के सिविल डिफेंस ने यह जानकारी दी। महमूद बसल ने बताया कि पीड़ितों में 10 पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।

# विकसित भारत के लिए बिहार का विकास जरूरी

## बिहार धरती से बापू ने सत्याग्रह के मंत्र का किया था विस्तार : मोदी

▸▸ प्रधानमंत्री ने झंझारपुर में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मधुबनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास का लाभ हर वर्ग और हर क्षेत्र तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दुहराते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए बिहार का विकास जरूरी है।

मोदी ने गुरुवार को झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13 हजार 480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद कहा कि शांति और सुरक्षा यह तेज विकास की सबसे जरूरी शर्त है। विकसित भारत के लिए विकसित बिहार जरूरी है। बिहार में विकास हो और विकास का लाभ यहां हर वर्ग और हर क्षेत्र तक पहुंचे यह हम सभी का प्रयास है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार वह धरती है जहां से बापू ने सत्याग्रह के मंत्र का विस्तार किया था। बापू का दृढ़ विश्वास था कि जबतक भारत के गांव मजबूत नहीं होंगे तबतक भारत का तेज विकास नहीं हो पाएगा। देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे भी यही भावना है। बीते दशक में पचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए। प्रौद्योगिकी के माध्यम से भी पंचायतों को मजबूत किया गया। बीते दशक में दो लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। मोदी ने कहा कि साढ़े पांच लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने हैं। पंचायतों के डिजिटलीकृत होने से लोग जीवन-मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि धारण प्रमाण पत्र जैसे कई दस्तावेज आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के कई दशक बाद जहां देश को संसद की नई इमारात मिली वहीं देश में 30 हजार नए पंचायत भवन भी बनाए गए। पंचायतों को पर्याप्त फंड मिले ये भी सरकार की प्राथमिकता रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते दस साल में दो लाख करोड़ रुपये से



नमो भारत रैपिड व अमृत ट्रेन को रवाना करते प्रधानमंत्री मोदी। साथ में राज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य।

अधिक फंड पंचायतों को मिला है। यह सारा पैसा गांव के विकास में लगा है। ग्राम पंचायतों की एक और बड़ी समस्या भूमि विवाद से जुड़ी रही है। कौन सी जमीन आबादी की है, खेती की, पंचायत की है और सरकारी जमीन कौन सी है, इन सारे विषयों पर अक्सर विवाद रहता था। इसके समाधान के लिए जमीनों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इससे अनावश्यक विवादों को सुलझाने में मदद मिली है। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत अन्य मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे : नीतीश

मधुबनी । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एक बार फिर भरोसा दिया कि वह अब भाजपा को छोड़कर राजद के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि जदयू 2005 में राजद के खिलाफ ही लड़ी थी और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। कुमार ने कहा कि बीच में गड़बड़ी हो गई थी, लेकिन अब कभी भी महागठबंधन में या राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव और कांग्रेस की टीम के साथ नहीं जाएंगे।

नीतीश कुमार ने कहा कि दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में कई लोगों की हत्या हुई। यह घटना काफी दुखद और निंदनीय है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट है।

## नमो भारत रैपिड व अमृत ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

जयनगर रेलवे स्टेशन से नमो भारत रैपिड ट्रेन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन किया। जयनगर से पटना के बीच बिहार की पहली नमो भारत रैपिड ट्रेन चलेगी। प्रधानमंत्री ने सहरसा रेल खंड को एक साथ तीन-तीन नई ट्रेनों की सौगात दी। सबसे पहले सहरसा स्टेशन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झंझारपुर से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये हरी झंडी दिखाकर ट्रेन का शुभारंभ किया। अमृत भारत ट्रेन के अलावा सहरसा-समस्तीपुर के बीच नई पैसेंजर ट्रेन अलौली से सहरसा के लिए चली। वहीं, अमहा-पिपरा से नई पैसेंजर ट्रेन सहरसा के लिए चली। एक ही समय में तीनों ट्रेनें अपने निर्धारित स्टेशन से चली। इधर, खगड़िया के अलौली स्टेशन से पहली बार यात्री ट्रेन रवाना हुई। प्रधानमंत्री ने विदेश्वर स्थान से रिमोट दबाकर अलौली से ट्रेन संख्या 05594 को रवाना किया।

# खुफिया विफलताओं व सुरक्षा चूक की जांच हो

## कांग्रेस कार्य समिति ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने गुरुवार को नयी दिल्ली में हुई बैठक के दौरान पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह आतंकवादी हमला कृत्य योजना बनाकर किया गया जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। कांग्रेस कार्य समिति ने शांति की अपील की और विपत्ति के समय में एकजुटता की फिर से पुष्टि की। बैठक में सीडब्ल्यूसी ने प्रस्ताव पारित कर कहा कि यह कायराना और पूर्व नियोजित आतंकी हमला




है। कांग्रेस मारे गए पर्यटकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है। सीडब्ल्यूसी ने बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की कमी को मुद्दा बनाया और कहा कि इन सवालों को व्यापक जनहित में उठाना आवश्यक है। पीड़ित परिवारों के साथ न्याय होते हुए देखने का यही एकमात्र रास्ता है। पार्टी ने कहा कि पहलगाम अत्यंत सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है। केंद्रशासित प्रदेश होने के नाते कानून-व्यवस्था सीधे-सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। हमले को अंजाम देने में हुई खुफिया विफलताओं और सुरक्षा चूक की व्यापक और गहन जांच की जानी चाहिए। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य नेता मौजूद रहे। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बैठक के बाद पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे पर दुख जताते हुए समिति की बैठक में मौन रखा गया।

## पूरी शक्ति से आतंक के विषैले फनों को कुचला जायेगा : योगी

**कानपुर ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी का गुरुवार को ड्योढ़ी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। योगी आदित्यनाथ ने भी कानपुर के लाल को अंतिम विदाई दी। परिवार को सांत्वना देने के लिए योगी गुरुवार सुबह शुभम के हाथीपुर आवास पर पहुंचे और उन्होंने शुभम को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार समेत पूरे प्रदेश और देश के लोगों को भरोसा दिया कि सरकार आतंकी घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है और जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, पूरी शक्ति से आतंक के इन विषैले फनों को कुचला जाएगा। जो



आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के परिजनों को ढांढस बंधाते सीएम योगी।

लोग इस साजिश का हिस्सा बने हैं, उन्हें परिणाम भुगतना होगा । हिंदू मां-बहनों के साथ उनके सामने ही उनके सिंदूर के साथ जो बर्बरता की गई है, इसी प्रकार से आतंकवादियों और उनके आकाओं को उसकी सजा जरूर मिलेगी।

# पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा सेवाएं बंद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित समयसीमा के हिसाब से वीजा की समाप्ति से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाक की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। पाक में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

### पुलवामा हमले के आतंकियों पर 20-20 लाख रुपये का इनाम

इधर जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकियों के स्केच बुधवार को जारी किये और इन पर 20-20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। पहला स्केच अनंतनाग के रहने वाले आदिल हुसैन थोकर का है। दूसरे आतंकी की पहचान अली भाई के रूप में हुई है, जिसे तल्हा भाई के नाम से भी जाना जाता है। तीसरे आतंकी की पहचान हासिम मूसा के रूप में हुई है, जिसे सुलेमान के नाम से भी जाना जाता है। तीनों लश्कर आतंकियों में से मूसा और तल्हा के पाकिस्तानी आतंकी होने का संदेह है।

## सेना प्रमुख आज पहलगाम में सुरक्षा की करेंगे समीक्षा



**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहलगाम हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का दौरा करेंगे। पहलगाम में आतंकवादी हमले के एक दिन बाद जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हुआ है। सेना प्रमुख को शीर्ष कमांडर घाटी में और नियंत्रण रेखा पर सैन्य आतंकवाद विरोधी उपायों के बारे में जानकारी देंगे। 15 कोर कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद रहेंगे।

## सीमाओं की निगरानी के लिए 150 उपग्रह तैनात करेगा भारत : इसरो

**चेन्नई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद इसरो के प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने बुधवार देर शाम कहा कि भारत अगले तीन साल में पूरे देश को कवर करने और सीमाओं की निगरानी के लिए 150 और उपग्रह तैनात करेगा। डॉ. नारायणन ने एक निजी अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उपग्रहों का उद्देश्य सीमा सुरक्षा और तटीय निगरानी बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि मौजूदा उपग्रह संख्या सभी सीमाओं और 7,500 किमी तटरेखा को कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है, चौबीसों घंटे निगरानी के लिए और अधिक उपग्रहों की आवश्यकता है। इसरो प्रमुख ने कहा कि वर्तमान में भारत लगभग 55 उपग्रहों का संचालन करता है और एक ऐसे देश के लिए जिसकी सीमा बहुत बड़ी है, यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा के लिए और अधिक उपग्रह जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

# भारतीय फ्लाइट के लिए पाकिस्तानी एयर स्पेस बंद

## द्विपक्षीय व्यापार पर भी लगायी रोक

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइन्स कंपनियों द्वारा परिचालित विमानों के लिए अपनी वायु सीमा को तत्काल प्रभाव से बंद करने और भारत के साथ सीधे या किसी अन्य देश के रास्ते सभी प्रकार का व्यापार बंद करने की गुरुवार को घोषणा की। पाकिस्तान ने इसके साथ ही भारत के बुधवार के फैसलों के जवाब में उसी तरह सीमा के रास्ते आवागमन, सार्क वीजा और राजनयिक मिशनों के कर्मचारियों की संख्या में कटौती की भी घोषणा की है। पाकिस्तान ने यह निर्णय मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना के बाद अपने खिलाफ भारत द्वारा विभिन्न कदमों के जवाब में किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की यहां हुई बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया कि समिति ने पाकिस्तान ने भारत के साथ लगे वाघा सीमा चौकी के मार्ग को तत्काल बंद कर दिया है और भारत के साथ सीमा पार का आवागमन पूरी तरह निलंबित किया जा रहा है। पाकिस्तान सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारतीय नागरिकों के लिए जारी सभी वीजा निलंबित कर रहा है जिसमें केवल सिख तीर्थयात्रियों को छूट दी जायेगी। इस तरह के वीजा पर पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों (सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर) को 48 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ना होगा। पाकिस्तान में इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग में नियुक्त थल, नव और वायु सेना के सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित करते हुए उन्हें हद से हद 30 अप्रैल तक पाकिस्तान से निकल जाने का समय दिया है और कहा कि इन पदों को समाप्त समझा जायेगा।

### पानी रोकने को युद्ध जैसी कार्रवाई बताया

भारत के सिंधु जल समझौते को निलंबित किए जाने पर पाकिस्तान ने कहा कि पानी रोकना युद्ध जैसी कार्रवाई है। एनएससी ने भारत के सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को एकतरफा रूप से निलंबित करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है और इस मुद्दे को विश्व बैंक तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने की घोषणा की है। समिति का कहना है कि विश्व बैंक इस संधि का एक पक्ष है, इसीलिए भारत को इस पर कोई भी एकतरफा निर्णय लेने का अधिकार नहीं है।

# नौसेना ने अरब सागर में किया मिसाइल का परीक्षण

▸▸ जंगी जहाज आइएनएस सूरत से नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी है। नौसेना के मुताबिक, इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की है। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेश निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सटीक हमला किया।



यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। इसके साथ ही यह रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित भी करती है। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

गौरतलब है कि इससे कुछ दिन पहले ही डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया था। ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से 26 मार्च को दोपहर लगभग 12:00 बजे यह परीक्षण पूरा हुआ था। इस दौरान मिसाइल ने भूमि-आधारित वर्टिकल लॉन्चर से एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को बहुत नजदीकी रेंज और कम ऊंचाई पर नष्ट किया था। इस उड़ान परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए आवश्यक उच्च गति का प्रदर्शन किया था।

वहीं, सैन्य शक्ति में जबरदस्त इजाफा करते हुए इसी माह भारत ने लड़ाकू विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) गौरव का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 8 से 10 अप्रैल के बीच गौरव लॉन्ग-रेंज ग्लाइड बम के सफल रिलीज ट्रायल्स को अंजाम दिया था। परीक्षण सुखोई-30 एमके-1 विमान से किए गए, जिसमें हथियार को विभिन्न वॉरहेड कॉन्फिगरेशन के साथ कई स्टेशनों पर एकीकृत किया गया था। इस प्रणाली के विकास में डेवलपमेंट-कम-प्रोडक्शन पार्टनर्स अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज का भी सहयोग रहा। परीक्षणों के दौरान इस बम ने लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तक अत्यंत सटीक निशाना लगाया।

## शेयर बाजार में तेजी थमी, सेंसेक्स 315 और निफ्टी 82 अंक फिसला

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर गुरुवार को गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल

